


दैनिक
# सांध्य प्रकाश
भोपाल की धड़कन

वर्ष 54/ अंक 283/ पृष्ठ 8 / मूल्य₹ 2.10
संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल
■आर.एन.आई 22296/71 ■डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14




भोपाल, शुक्रवार 23 मार्च 2025 भोपाल से प्रकाशित
dainiksandhyaprakash.in

# भारत दुनिया का सबसे डाइवर्स नेशन : मोदी

## राइजिंग नॉर्थ ईस्ट इन्वेस्टर्स समिट का किया उद्घाटन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार को नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में दो दिवसीय राइजिंग नॉर्थ ईस्ट इन्वेस्टर्स समिट का उद्घाटन किया।पीएम मोदी ने समिट को संबोधित करते हुए कहा, भारत को दुनिया का सबसे डाइवर्स नेशन कहा जाता है। हमारा नॉर्थ ईस्ट इसका सबसे डाइवर्स हिस्सा है। निवेशकों से पूर्वोत्तर क्षेत्र में विभिन्न क्षेत्रों का पता लगाने का आग्रह किया और कहा कि पूर्वोत्तर अब अवसरों की भूमि बन रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर ऊर्जा और सेमीकंडक्टर जैसे क्षेत्रों के लिए एक प्रमुख गंतव्य बन रहा है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि पूर्वोत्तर भारत का सबसे विविध क्षेत्र है और यह विविधता ही देश की ताकत है। उन्होंने कहा इस क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति हो रही है। हम इसकी विकास गाथा को और तेज करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। पीएम मोदी ने कहा, आज जब मैं राइजिंग नॉर्थ ईस्ट इन्वेस्टर्स समिट के इस भव्य मंच पर हूं, तो मन में गर्व है, आत्मीयता है, अपनापन है और सबसे बड़ी बात है कि भविष्य को लेकर अपार विश्वास है।

**नॉर्थ ईस्ट को लेकर सभी में उत्साह है:** उन्होंने याद दिलाते हुए कहा, अभी कुछ ही महीने पहले यहां भारत मंडपम में हमने अष्टलक्ष्मी महोत्सव मनाया था। आज हम यहां नॉर्थ ईस्ट में इन्वेस्टमेंट का उत्सव मना रहे हैं। यहां इतनी बड़ी संख्या में इंडस्ट्री लीडर्स आए हैं। ये दिखाता है कि नॉर्थ ईस्ट को लेकर सभी में उत्साह है, उमंग है और नए-नए सपने हैं। पीएम मोदी



ने कहा भारत को दुनिया का सबसे डाइवर्स नेशन कहा जाता है और हमारा नॉर्थ ईस्ट इस डाइवर्स नेशन का सबसे डाइवर्स हिस्सा है। उन्होंने कहा ट्रेड से ट्रेडिशन तक, टेक्सटाइल से टूरिज्म तक नॉर्थ ईस्ट की डाइवर्सिटी उसकी बहुत बड़ी स्ट्रैंथ है।

### पूर्वोत्तर हमारी अष्टलक्ष्मी

उन्होंने कहा, मैं पूर्वोत्तर उदय शिखर सम्मेलन की शानदार सफलता पर अपनी हार्दिक बधाई देना चाहता हूँ। भारत को दुनिया के सबसे विविधतापूर्ण देशों में से एक माना जाता है, और पूर्वोत्तर इस विविधतापूर्ण देश के भीतर सबसे विविध क्षेत्र के रूप में सामने आता है। व्यापार से लेकर परंपरा तक, वस्त्र से लेकर पर्यटन तक, पूर्वोत्तर की समृद्ध विविधता इसकी सबसे बड़ी ताकत है। बायोइकोनॉमी और बांस से लेकर चाय उत्पादन और पेट्रोलियम तक, खेल और कौशल विकास से लेकर इकोटूरिज्म और जैविक उत्पादों तक, पूर्वोत्तर एक ऊर्जा शक्ति है। इसलिए पूर्वोत्तर हमारी अष्टलक्ष्मी है। पीएम मोदी ने कहा हमारे लिए ईस्ट का मतलब है एम्पावर, एक्ट, स्ट्रैंथ एंड ट्रांसफॉर्म। पूर्वी भारत के लिए यही हमारी सरकार की नीति है।

### आज नॉर्थ ईस्ट ग्रोथ का फ्रंट-रनर

एक समय था नॉर्थ ईस्ट को सिर्फ फंटियर रीजन कहा जाता था। आज ये ग्रोथ का फ्रंट-रनर बन रहा है। पीएम मोदी ने आगे कहा, हील इन इंडिया का मंत्र ग्लोबल मंत्र बने, ये हमारा प्रयास है। नॉर्थ ईस्ट में नेचर भी है और ऑर्गेनिक लाइफस्टाइल के लिए एक परफेक्ट डेस्टिनेशन भी है। उन्होंने कहा, नॉर्थ ईस्ट के तो कल्चर में ही म्यूजिक है, डांस है, सेलिब्रेशन है। इसलिए ग्लोबल कॉन्फ्रेंस हों, कॉन्सर्ट्स हों या फिर डेस्टिनेशन वेडिंग्स इसके लिए भी नॉर्थ ईस्ट बेहतरीन जगह है। एक तरह से नॉर्थ ईस्ट टूरिज्म के लिए एक कंप्लीट पैकेज है।

## प्रधानमंत्री 28 को पोलावरम परियोजना के समाधान पर छग सहित चार राज्यों के मुख्यमंत्रियों से करेंगे बात

नई दिल्ली/रायपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28 मई को पोलावरम परियोजना से जुड़े अंतर-राज्यीय विवादों को सुलझाने के लिए एक उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता करेंगे। बैठक में छत्तीसगढ़, ओडिशा, आंध्रप्रदेश और तेलंगाना के मुख्यमंत्री, उनके जल संसाधन मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे। केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय, केंद्रीय जल आयोग और पोलावरम परियोजना प्राधिकरण के शीर्ष अधिकारी भी इस बैठक में मौजूद रहेंगे। आंध्रप्रदेश में एनडीए सरकार के सत्ता में आने के बाद पोलावरम परियोजना के कार्य में तेजी आई है। केंद्र सरकार इस राष्ट्रीय परियोजना को समय पर पूरा करने के लिए राजनीतिक और प्रशासनिक स्तर पर ठोस कदम उठा रही है। जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को उम्मीद है कि प्रधानमंत्री की यह पहल अंतर-राज्यीय मतभेदों को दूर कर परियोजना के कार्य को गति देगी। पोलावरम परियोजना को आंध्रप्रदेश के विभाजन के समय राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा मिला था। हालांकि, इसके निर्माण से छत्तीसगढ़, ओडिशा और तेलंगाना की सीमावर्ती आदिवासी आबादी प्रभावित हो रही है। छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग के बीजापुर और सुकमा जिले के लगभग 25 गांव डूब क्षेत्र में आएंगे, जिससे हजारों हेक्टेयर कृषि जमीन प्रभावित होगी।

सांध्यप्रकाश विशेष

## जयशंकर का हमला, पाकिस्तान और उसकी सेना आतंकवाद में पूरी तरह से लिप्त

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने आतंकवाद के मुद्दे पर एक बार फिर पाकिस्तान को खुलकर घेरा है। एक इंटरव्यू में जयशंकर ने साफ शब्दों में कहा कि पाकिस्तान और उसकी सेना आतंकवाद में पूरी तरह से लिप्त है। यह सोचना भ्रम होगा कि उन्हें अपने देश में चल रहे आतंकी नेटवर्क की जानकारी नहीं है। जयशंकर ने कहा, हम यह दिखावा न करें कि पाकिस्तान को कुछ पता नहीं। संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रतिबंधित आतंकवादी खुलेआम पाकिस्तान के बड़े शहरों में घूमते हैं। उनके पते और संपर्क सब कुछ ज्ञात हैं। सरकार और सेना दोनों इसमें लिप्त हैं। उन्होंने कहा कि यदि वहां शहर के बीचोंबीच हजारों लोगों के सैन्य प्रशिक्षण केंद्र चल रहे हों तो क्या सरकार को इसकी जानकारी नहीं होगी? बता दें कि जयशंकर इस समय नीदरलैंड की सरकारी यात्रा पर हैं, जिसका उद्देश्य भारत-डच संबंधों को और मजबूत करना है। यूरोपीय संघ में भारत का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार होने के नाते यह यात्रा विशेष महत्व रखती है। जयशंकर ने पाकिस्तान को चेताया कि अगर भविष्य में आतंकवादी हमले होते हैं तो उसके परिणाम गंभीर होंगे। उन्होंने कहा, पाकिस्तान को यह बात भलीभांति समझ लेनी चाहिए कि अगर फिर कोई हमला हुआ तो उसका जवाब मिलेगा। जयशंकर ने स्पष्ट किया कि आतंकवाद और कश्मीर मुद्दे को एक साथ नहीं जोड़ा जा सकता। भारत के लिए आतंकवाद एक अंतरराष्ट्रीय अपराध है, जिसे किसी भी प्रकार से न्यायोचित नहीं ठहराया जा सकता है। उन्होंने यह भी दोहराया कि जम्मू और कश्मीर भारत का अभिन्न हिस्सा है और जो भाग अवैध कब्जे में हैं, वे भारत को लौटाने चाहिए।



## क्या स्पाइडर-मैन की बेटी बनेगी सैडी सिंक? सोशल मीडिया स्पाइडर-वुमन की तस्वीर वायरल

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया पर हाल ही में एक नया ट्रेंड तेजी से वायरल हो रहा है, और इस बार यह स्पाइडर-मैन नहीं, बल्कि स्पाइडर-वुमन से जुड़ा है। हॉलीवुड अभिनेत्री सैडी सिंक इस चर्चा का केंद्र बनी हैं, जिनकी स्पाइडर-वुमन के किरदार में एक तस्वीर इंटरनेट पर खूब सुर्खियां बटोर रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, सैडी सिंक को मेडे पार्कर के रोल में देखा जा सकता है, जो कॉमिक्स में पीटर पार्कर और मैरी जेन की बेटी होती हैं। खास बात यह है कि यह किरदार टोबी मैग्वायर द्वारा निभाए गए स्पाइडर-मैन के यूनिवर्स से जुड़ा बताया जा रहा है। सूत्रों की मानें तो आगामी फिल्म स्पाइडर मैन ब्रांड न्यू डे में सैडी सिंक को मेडे पार्कर के किरदार के लिए चुना गया है। हालांकि, वे टॉम हॉलैंड के स्पाइडर-मैन की बेटी नहीं, बल्कि टोबी मैग्वायर के स्पाइडर-मैन की बेटी के रूप में नजर आएंगी। इस खबर ने फैंस के बीच एक्साइटमेंट बढ़ा दिया है। अगर टोबी मैग्वायर इस फिल्म में वापसी करते हैं, तो यह उनके फैंस के लिए एक बड़ी खुशखबर होगी। साथ ही, अगर टोबी और टॉम दोनों स्पाइडर-मैन एक साथ स्क्रीन पर दिखते हैं, तो यह मल्टीवर्स की एक और शानदार कहानी हो सकती है। हालांकि, इस खबर की अभी तक आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन सैडी सिंक का स्पाइडर-वुमन बनना उनके करियर के लिए एक बड़ा कदम हो सकता है और मार्वल प्रशंसकों के लिए एक नई शुरुआत का संकेत दे सकता है। स्पाइडर-वुमन के रूप में सैडी सिंक की एंट्री को सिनेमाई दुनिया में एक शानदार शुरुआत माना जा रहा है। प्रशंसक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं कि यह नई कहानी स्क्रीन पर कैसे उतरेगी और स्पाइडर-मैन की दुनिया में क्या नया मोड़ लाएगी।



## ऐश्वर्या राय बच्चन साड़ी और सिंदूर में बनीं कान्स की रानी

**नई दिल्ली।** कान्स फिल्म फेस्टिवल 2025 में एक बार फिर ऐश्वर्या राय बच्चन ने अपने शाही अंदाज से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। 2002 में पहली बार कान्स में कदम रखने वाली ऐश्वर्या ने इस साल अपनी 22वीं उपस्थिति के साथ फिर से साबित किया कि वह न केवल बॉलीवुड की शान हैं, बल्कि कान्स की रानी भी। रेड कारपेट पर उनकी बेटी आराध्या बच्चन भी साथ नजर आईं। ऐश्वर्या की इस भव्य एंट्री ने फैंस के इंतजार को और भी खास बना दिया। उनकी तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। इस बार ऐश्वर्या ने ऐसा लुक चुना, जो भारतीय परंपराओं और राजसी ठाठ का शानदार मिश्रण था। उन्होंने मनीष मल्होत्रा द्वारा डिज़ाइन की गई एक खूबसूरत क्रीम और गोल्ड बनारसी साड़ी पहनी, जिसे सिल्वर ज़री और बारीक कढ़ाई से सजाया गया था। इस लुक को और भी शाही बनाने के लिए उन्होंने एक लंबा, लहराता सफेद दुपट्टा जोड़ा। चाहे मंच कितना भी वैश्विक हो, ऐश्वर्या ने अपनी जड़ों को हमेशा गर्व से अपनाया। इस बार उनके माथे पर सजा गहरा लाल सिंदूर हर किसी का ध्यान खींच रहा था। यह सिंदूर न केवल उनकी सुंदरता, बल्कि भारतीय नारी के गौरव, संस्कार और पहचान का प्रतीक बन गया, जो किसी राजमुकुट की तरह चमक रहा था। फैंस ने सोशल मीडिया पर उनकी तारीफ करते हुए लिखा, ऐश्वर्या ने न सिर्फ रेड कारपेट पर कदम रखा, बल्कि अपने अंदाज से सबको चुप कर दिया। तमाम अफवाहों और आलोचनाओं के बीच उनका यह लुक सम्मान, परंपरा और आत्मविश्वास का प्रतीक बन गया। जहां कई हस्तियां वेस्टर्न गाउन और ग्लैमरस ड्रेस में नजर आईं, वहीं ऐश्वर्या ने एक बार फिर दिखाया कि भारतीय परिधान भी वैश्विक मंच पर शालीनता और आकर्षण का प्रतीक हो सकता है। उनकी यह उपस्थिति न केवल एक फैशन स्टेटमेंट थी, बल्कि भारतीय महिलाओं की सांस्कृतिक शक्ति का उत्सव भी थी।कान्स में ऐश्वर्या राय बच्चन की यह शाही वापसी लंबे समय तक फैशन और संस्कृति प्रेमियों के दिलों में बनी रहेगी।



## आज करोड़ों के विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे सीएम मोहन यादव

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज झाबुआ, भिंड और ग्वालियर जिलों का दौरा करेंगे। इस दौरान वे क्षेत्र में विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेकर जनहितकारी परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। इसके अतिरिक्त, मुख्यमंत्री दिल्लीभी रवाना होंगे, जहां वे महत्वपूर्ण स्थानीय कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव झाबुआ के गोपालपुर हवाई पट्टी पहुंचेंगे। यहां से वे ग्राम दोतड़ में आयोजित विवाह समारोह में शामिल होंगे। विवाह समारोह के पश्चात वे इंदौर एयरपोर्ट के लिए प्रस्थान करेंगे। दोपहर 2.40 बजे ग्वालियर पहुंचने के बाद मुख्यमंत्री भिंड के लहार रवाना होंगे। यहां वे करोड़ों रुपये के विकास कार्यों



का लोकार्पण और भूमिपूजन करेंगे। इसके बाद आभार कार्यक्रम में शामिल होकर लोगों से संवाद भी करेंगे। भिंड के कार्यक्रम के बाद शाम 6.10 बजे मुख्यमंत्री ग्वालियर एयरपोर्ट वापस पहुंचेंगे। 6.40 बजे ग्वालियर के इम्पीरियल गोल्फ रिसोर्ट में आयोजित शादी समारोह में भाग लेंगे। इसके बाद रात 8.20 बजे वे नई दिल्ली के लिए उड़ान भरेंगे। दिल्ली पहुंचने पर वे स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे और वहीं रात्रि विश्राम करेंगे। मुख्यमंत्री का यह दौरा मध्यप्रदेश में विकास कार्यों के साथ-साथ सामाजिक और पारिवारिक आयोजनों में सक्रिय भागीदारी को दर्शाता है। मुख्यमंत्री द्वारा लहार में करोड़ों की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण प्रदेश के ग्रामीण विकास को प्रोत्साहित करेगा। यह क्षेत्रीय विकास, सड़क सुधार, स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्रों में महत्वपूर्ण बदलाव लाने की दिशा में एक कदम है।

## शिवराज ने अपने खेत में चलाया ट्रैक्टर, बोले- सिर्फ मंत्री नहीं किसान भी हूं

**विदिशा।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान गुरुवार को विदिशा स्थित अपने फार्म हाउस पहुंचे। उन्होंने खुद ट्रैक्टर चलाकर टमाटर की खेती के लिए जमीन तैयार की। शिवराज ने अपने सोशल मीडिया पर लिखा कि वे सिर्फ कृषि मंत्री नहीं, किसान भी हैं। उन्होंने कहा कि खेत में मेहनत किए बिना किसान की तपस्या का अनुमान नहीं लगाया जा सकता। मंत्री ने बताया कि अगस्त में टमाटर की रोपाई करेंगे। उन्होंने कहा कि इस बार बंपर पैदावार के कारण टमाटर के दाम कम मिले। अगली फसल में बेहतर कीमत मिलने की उम्मीद जताई। चौहान ने किसानों की मेहनत को प्रणाम करते हुए कहा कि किसान देश की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं। वे अन्न के भंडार भरते हैं। केंद्रीय कृषि मंत्री के पास दयानंदपुर में 80 बीघा और बेसनगर में 30 बीघा जमीन है। बेसनगर में वेयर हाउस भी है। निमखिरिया में उनके पास 50 बीघा जमीन है। यहां दूध डेयरी, डेयरी प्लांट के साथ ग्रीन और पॉली हाउस भी है। वे समय-समय पर अपनी खेती का जायजा लेने विदिशा आते रहते हैं।



## मोदी के दौरे की तैयारी को लेकर भाजपा अध्यक्ष ने ली बैठक




**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 31 मई को जंबूरी मैदान में आयोजित महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन की तैयारियों को लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा, प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद जी ने प्रदेश कार्यालय में बैठक को संबोधित किया। इस दौरान प्रदेश शासन के मंत्री विश्वास सारंग, श्रीमती कृष्णा गौर, प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती सीमा सिंह जादौन, प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी, विधायक रामेश्वर शर्मा, पार्टी के प्रदेश मंत्री राहुल कोठारी, महापौर श्रीमती मालती राय, पूर्व विधायक ध्रुवनारायण सिंह, जिला प्रभारी महेन्द्र यादव एवं जिला अध्यक्ष रविंद्र यति मंचासीन रहे।



मॉस्को में एयरपोर्ट पर यूक्रेन का ड्रोन हमला

## देर तक हवा में भटकता रहा भारतीय प्रतिनिधिमंडल का विमान

**मॉस्को/नई दिल्ली।** रूस की राजधानी मॉस्को से इस वक्त बड़ी खबर आ रही है। मॉस्को में एयरपोर्ट पर घातक ड्रोन हमला हुआ है। माना जा रहा है कि ये ड्रोन हमला यूक्रेन ने किया है, जिसके बाद मॉस्को एयरपोर्ट पर ट्रैफिक काफी देर तक बाधित रहा। मॉस्को के मेयर और नागरिक उड्डयन प्राधिकरण ने कई फ्लाइटों के उड़ान में व्यवधान की बात मानी है। वहीं रिपोर्ट्स के मुताबिक रूस की यात्रा पर गया भारतीय प्रतिनिधिमंडल की फ्लाइट भी मॉस्को एयरपोर्ट के आसपास काफी देर तक भटकती रही। जिसमें कनिमोई करुणानिधि भी बैठी थीं। हालांकि बाद में उनका विमान सही सलामत एयरपोर्ट पर उतर गया। रूसी अधिकारियों के मुताबिक आधी रात से मॉस्को की ओर उड़ रहे 23 ड्रोन को हवा में ही मार गिराया गया है। मॉस्को के मेयर सर्गेई सोब्यानिन ने टेलीग्राम पर कई पोस्ट में लिखा है कि ÷आपातकालीन सेवा एक्सपर्ट्स गिरे



हुए मलबे के स्थान पर काम कर रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक इस दौरान रूस की यात्रा पर मॉस्को गईं डीएमके सांसद कनिमोई के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल को काफी देर तक हवा में चक्कर लगाने के लिए मजबूर होना पड़ा। इस दौराम मॉस्को एयरपोर्ट पर अफरातफरी मची थी। थांथी टीवी की रिपोर्ट के मुताबिक, मॉस्को एयरपोर्ट के पास ड्रोन हमले के कारण विमान लैंड नहीं कर सका। इस घटना के बाद, घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों उड़ानों का संचालन कुछ घंटों के लिए अस्थायी रूप से स्थगित कर दिया गया था।

## पंजाब में भ्रष्टाचार केस में आप विधायक गिरफ्तार, घर पर सुबह से विजिलेंस रेड जारी

**जालंधर।** पंजाब में आम आदमी पार्टी (आप) के जालंधर सेंट्रल से विधायक रमन अरोड़ा को विजिलेंस ने गिरफ्तार कर लिया है। विजिलेंस टीम ने सुबह 8.45 बजे अरोड़ा के अशोक नगर स्थित घर पर रेड की। जिस वक्त विजिलेंस टीम पहुंची, विधायक अरोड़ा कहीं जा रहे थे। विजिलेंस ने घर के नजदीक मंदिर के मोड़ से उन्हें हिरासत में लिया था। इसके बाद टीम उन्हें घर में ले गई। जिसके बाद अंदर छानबीन की गई। पुख्ता सबूत हाथ लगने के बाद विधायक को गिरफ्तार कर लिया गया। विजिलेंस की रेड अभी जारी है। जानकारी के अनुसार विधायक के समधि राजू मैदान के घर भी विजिलेंस की एक टीम



पहुंची है। विधायक का केस कुछ दिन पहले गिरफ्तार किए एटीपी से जुड़ा हुआ है। सरकारी प्रवक्ता के मुताबिक विधायक पर आरोप है कि जालंधर नगर निगम के जरिए उन्होंने लोगों को नोटिस भिजवाए। फिर रुपए लेकर नोटिसों को रफा-दफा करा दिया। इस मामले में एफआईआर भी दर्ज की जा चुकी है। आप नेता एवं सीवरेज बोर्ड के चेयरमैन सन्नी आहलूवालिया ने कहा कि हमें जानकारी मिली है कि रमन अरोड़ा को अरेस्ट कर लिया गया है। हालांकि रमन अरोड़ा के वकील ने कहा कि विधायक के घर पर रेड पड़ी है उन्हें गिरफ्तार नहीं किया गया है। हैरानी की बात है कि 4 दिन पहले विधानसभा की नई कमेटियां गठित की गई थीं।

# सरकार पर लोकायुक्त जांच की निगरानी के आरोप

## मुख्य सचिव ने शिकायत पर दिए जांच के निर्देश

**भोपाल।** भोपाल में लोकायुक्त संगठन के भीतर हो रही पदस्थापना को लेकर एक बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। आरटीआई एक्टिविस्ट अजय दुबे ने इस संबंध में मुख्य सचिव अनुराग जैन को शिकायत सौंपी है। शिकायत में उन्होंने आरोप लगाया है कि सरकार रसूखदार लोगों की जांच प्रभावित करने के लिए अपने वफादार अफसरों की तैनाती कर रही है। साथ ही अफसरों के माध्यम से जांच की निगरानी की जा रही है। इस शिकायत के बाद मुख्य सचिव ने सामान्य प्रशासन विभाग को जांच के निर्देश दिए हैं।

**उप संचालक वित्त विनोद मालवीय की नियुक्ति पर विवाद:** पूरा मामला लोकायुक्त संगठन में उप संचालक वित्त पद पर विनोद मालवीय की हालिया नियुक्ति से जुड़ा है। अजय दुबे का कहना है कि इस पद पर नियुक्ति लोकायुक्त




संगठन द्वारा भेजे गए पैनल के तीन नामों में से नहीं की गई है, बल्कि वित्त विभाग ने अपनी मर्जी से यह पदस्थापना कर दी। इतना ही नहीं, लोकायुक्त संगठन को नियुक्त अधिकारी की गोपनीय चरित्रावली भी नहीं भेजी गई।

**गोपनीय रिपोर्ट और पैनल जानकारी नहीं दी गई:** दुबे के अनुसार, 18 मार्च 2025 को लोकायुक्त कार्यालय ने प्रमुख सचिव वित्त मनीष रस्तोगी को पत्र लिखकर पैनल की गोपनीय जानकारी मांगी थी, लेकिन इसका कोई उत्तर नहीं दिया गया। सरकार ने ना सिर्फ लोकायुक्त की सिफारिशों को नजरअंदाज किया बल्कि संगठन में अपनी पसंद के अफसरों की तैनाती कर दी। इससे संगठन की निष्पक्षता पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

**स्वच्छ छवि वाले लोकायुक्त की सिफारिशों की अनदेखी:** दुबे का यह भी कहना है कि काफी समय बाद संगठन में रिटायर्ड जस्टिस एसके सिंह जैसे निष्पक्ष लोकायुक्त की नियुक्ति हुई है, लेकिन सरकार उनकी सिफारिशों को दरकिनार कर रही है। अफसरों की नियुक्ति के लिए जो प्रक्रिया और नियम तय हैं, उन्हें भी नजरअंदाज किया गया है।

**वित्तीय मामलों में पदस्थ अफसरों की भूमिका अहम:** अजय दुबे ने इस बात पर भी जोर दिया कि लोकायुक्त संगठन में नियुक्त वित्त अधिकारी भ्रष्टाचार के मामलों में वित्तीय अनियमितताओं की जांच में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे में उनकी निष्पक्षता और योग्यता पर सवाल नहीं उठने चाहिए।

# सेवा सदन द्वारा वन विहार में नेत्र एवं दंत रोग शिविर का आयोजन

● 101 वन अधिकारी एवं कर्मचारियों के नेत्र और दंत रोगों की जांच



**भोपाल।** वन विहार संत हिरदाराम नगर। सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय द्वारा गुरूवार को वन विहार राष्ट्रीय उद्यान में नेत्र एवं दंत रोग जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में वन विभाग के 101 अधिकारी एवं कर्मचारियों की आंखों एवं दांतों की जांच की गई। इनमें 91 पुरूष, 10 महिला रोगी शामिल थे। नेत्र रोगों की जांच में 55 रोगियों को दृष्टि दोष पाया गया इसके अलावा 12 रोगियों को सेवा सदन में आपरेशन हेतु रेफर किया गया। जबकि 60 रोगियों को ड्राप्स प्रदान किए गए। रोग परीक्षण में 8 को डायबिटीज़ और 5 को ब्लड प्रेशर की शिकायत मिली। जबकि 45 रोगियों को चश्में वितरित किये गये। इसी प्रकार 101 रोगियों के दंत रोगों की जांच भी की गई, जिसमें 28 व्यक्तियों को रूट कैनाल, 25 को दांत निकलवाने का परामर्श और 48 को अन्य प्रकार के दंत रोगों की जांच और इलाज करवाने की सलाह दी गई। शिविर में वन विहार राष्ट्रीय उद्यान के संचालक, वन रेंज अधिकारी के.एन. शर्मा, रविकांत जैन, वासदेव शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित थे। इनके अलावा सेवा सदन के आप्टोमेट्रिस्ट डी.पी. मिश्रा, सोनू शुक्ला, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. कोमल दासवानी और अन्य सहयोगी स्टाफ ने सेवाएं दी।

# भोपाल में हीमोफीलिया शिविर



**भोपाल।** हमें यह बताते हुए खुशी हो रही है कि हमने भोपाल में इंटास फाउंडेशन के द्वारा हीमोफिलिया रोगियों के लिए निशुल्क फैक्टर वितरण, फिजियोथेरेपी, डायग्नोस्टिक सहायता और सेल्फ इन्फ्यूजन का शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया शिविर में हीमोफिलिया मरीजों को फैक्टर VIII दिया गया, जो हीमोफीलिया के प्रबंधन के लिए आवश्यक है, और डॉ. पूजा बरोदिया (सलाहकार चिकित्सक, एमबीबीएस एमडी मेडिसिन, सहायक प्रोफेसर, एमआईएमएस अस्पताल, भोपाल) ने सेल्फ इन्फ्यूजनके बारे में बताया और हीमोफीलिया रोगियों की जांच की। डॉ. फोजिया रानी (फिजियोथेरेपिस्ट) के विशेषज्ञ मार्गदर्शन से मरीजों को लाभ हुआ, जिन्होंने हीमोफीलिया रोगियों में जोड़ों के स्वास्थ्य और गतिशीलता को बेहतर बनाने के लिए विशेष रूप से डिज़ाइन किए गए व्यायामों पर एक व्यावहारिक सत्र आयोजित किया। यूनीपैथ लैब्स के लैब तकनीशियनों ने सभी हीमोफीलिया रोगियों के इन्हिबिटर टेस्ट किए। इंटास फाउंडेशन से प्रोजेक्ट एसोसिएट राजेश चौहान ने बताया कि इंटास फाउंडेशन के द्व्रारा मध्यप्रदेश के ज्यादातर शहरो में हम इस तरह के कैंप आयोजित करते रहते है जिससे हीमोफिलिया के मरीजों को बहुत फायदा होता है.

# संचार क्रांति के जनक थे राजीव गांधीः अशोक मारण



**भोपाल।** आज देश के पूर्व प्रधानमंत्री भरत रत्न स्व~राजीव गांधी जी का शहिदी दिवस ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर मनाया गया इस अवसर पर मुख्य रूप ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पार्षद अशोक मारण पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष माधु चांदवानी उप ब्लॉक अध्यक्ष घनश्याम लालवानी प्रवक्ता महेश गुरबानी वरिष्ठ कांग्रेस नेता तेजा सिंह सोढी रामभरोसे भगवानिया प्रकाश विधानी मनोहर सतानी आत्माराम सूर्यवंशी नरेन्द्र केवलानी अशोक गोपलानी पुनम यादव अनिल टेकचंदानी सुरेश सिंगरोली विश्णू मारण सुरेश सिंगरोली उपस्थित थे इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अशोक मारण ने कहा राजीव जी संचार क्रांति के जनक थे इंदिरा गांधी जी की हत्या के बाद उन्होंने विकराल परिस्थितियों में देश की बागडोर संभाली वे सबसे कम उम्र के प्रधानमंत्री थे 19 वीं सदी में उनकी सोच भारत को 21 वीं सदी की और ले जाने की थी पंचायती राज हरित क्रांति संचार क्रांति कम्प्यूटर युग उन्हीं की देन है इस अवसर पर पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता माधु चांदवानी ने कहा की राजीव जी ने अपने कार्यकाल के दौरान युवाओं को वोट देने का अधिकार 21 वर्ष की आयु से घटाकर 18 वर्ष आयु किया यहां पर उपस्थित कांग्रेस जनों ने दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता महेश गुरबानी ने किया।

# कथाः सुख सागर उदासीन आश्रम में श्रीमद् भागवत कथा में पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी हुए शामिल

**संत हिरदाराम नगर।** सुख सागर उदासीन आश्रम में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन भगवान कृष्ण की कई लीलाओं का वर्णन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर आनंद लिया। इस अवसर पर पूर्व केन्द्रीय रक्षा मंत्री सुरेश पचौरी भी शामिल हुए। उन्होंने महंत बाबा रामदास उदासीन एवं कालपी वृन्दावन के कथा वाचक राम श्याम का स्वागत कर आशीर्वाद लिया। सुरेश पचौरी ने कहा कि हम ऐसे भाग्यशाली है।

कथा स्थल पर हमें वृन्दावन के दर्शन प्राप्त हुए। पूरा हाल राधे राधे के साथ कृष्णमय लगा हुआ है। इस अवसर पर व्यासपीठ के कथावाचक राम श्याम ने भागवत कथा पर प्रवचन देते हुए कहा कि श्रीकृष्ण और उत्तरा का प्रसिद्ध प्रसंग महाभारत से जुड़ा है। इसमें भगवान कृष्ण उत्तरा के गर्भ में परीक्षित की रक्षा करते हैं। अश्वथामा द्वारा भेजे गए बाण को सुदर्शन चक्र से नष्ट करके परीक्षित को सुरक्षित रखते हैं। अंत में बांके बिहारी की आरती के पश्चात् प्रसाद वितरण किया गया। महंत बाबा



रामदास जी उदासीन ने बताया कि यह भागवत कथा 25 मई तक जारी रहेगी। कथा में गुरु माता राधा देवी उदासीन, मोहनलाल उदासीन, संतोष कुमार उदासीन, गोकुल उदासीन, नारायणदास सबनानी, पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष माधु चांदवानी, नानक दादलानी, तुलसी सदारंगानी, बबल आसवानी, माधु घनशनी, अमित सदारंगानी, मोहनलाल, ताराचंद, दीपक साधवानी, लीलाराम लेखवानी, मनीष साधवानी, जेकी लेखवानी सहित कई मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# कायस्थम के अध्यक्ष प्रलय श्रीवास्तव ने कायस्थ समाज बिलासपुर के पदाधिकारियों से भेंट की



**बिलासपुर।** कायस्थम मध्य प्रदेश के अध्यक्ष प्रलय श्रीवास्तव से आज छत्तीसगढ़ के प्रवास के दौरान कायस्थ समाज बिलासपुर के पदाधिकारियों अध्यक्ष आलोक वर्मा, उपाध्यक्ष प्रदीप वर्मा एवं कोषाध्यक्ष विजय किशोर वर्मा ने मुलाकात की । प्रलय श्रीवास्तव को उन्होंने बिलासपुर कायस्थ समाज की गतिविधियों की जानकारी दी। प्रलय श्रीवास्तव ने भी उन्हें कायस्थम की गतिविधियों से अवगत कराया तथा कायस्थम -2025 के अवसर पर प्रकाशित पत्रिका कायस्थ दर्पण का विशेषांक भेंट की।

### टीबी मुक्त भारत अभियान के लिए हुई बैठक

# फोकस बेस्ड आधारित गतिविधियों पर होगा जोर- सीएमएचओ



**भोपाल।** टीबी मुक्त भारत अभियान की तैयारियों को लेकर मैदानी कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई । बैठक में टीबी उन्मूलन के लिए फोकस्ड एप्रोच पर कार्य करने की रणनीति पर चर्चा की गई। जिसके तहत मधुमेह के मरीजों, कुपोषित, धूम्रपान करने वाले, शराब सेवन करने वाले, पूर्व टीबी मरीज, संपर्क व्यक्ति और एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों को लक्षित कर गतिविधियों का आयोजन किए जाने पर जोर दिया जाएगा। टीबी मुक्त भारत अभियान का उद्देश्य उच्च जोखिम वाले मरीजों की स्क्रीनिंग, जांच, और उपचार प्रदान करना है। इसके पूर्व प्रदेश के 23 उच्च-प्राथमिकता वाले जिलों में 100 दिवसीय निक्षय शिविरों का आयोजन 7 दिसंबर से 25 मार्च 2025 तक आयोजित किया गया था। जिसे विस्तार देते हुए पूरे प्रदेश में अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत पंचायतों, शहरी स्थानीय निकायों, स्वसहायता समूहों, जन आरोग्य समिति, महिला आरोग्य समिति, ग्राम स्वास्थ्य पोषण एवं स्वच्छता समिति के साथ मिलकर जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। नए निक्षय मित्रों और टीबी चैंपियंस/विजेताओं की पहचान की जाएगी, ताकि उनकी सहभागिता से अभियान को और गति दी जा सके। त्योहारों और मेलों के दौरान धार्मिक गुरुओं के माध्यम से जागरूकता संदेश प्रसारित किए जाएंगे, और स्कूलों और कॉलेजों में कला और सांस्कृतिक गतिविधियाँ, रैलियाँ आयोजित की जाएंगी। इसके अलावा, टीबी शपथ के आयोजन, स्वास्थ्य विभाग के अलावा अन्य सरकारी विभागों में ÷नि-क्षय सप्ताह÷ के आयोजन के तहत जागरूकता सत्र, निक्षय शिविर, प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाएंगी। जिला क्षय उन्मूलन अधिकारी डॉ प्रांजल खरे ने बताया कि अभियान के तहत विभिन्न शिविरों का आयोजन प्रमुख सार्वजनिक स्थानों जैसे रेलवे और बस स्टेशनों, आयुष्मान आरोग्य मंदिरों और स्वास्थ्य केंद्रों पर किया जाएगा। नि-क्षय शिविरों का आयोजन कारखानों, उद्योगों, ईंट भट्टों, निर्माण स्थलों, क्रेशरों पर किया जायेगा, ताकि श्रमिक वर्ग और अन्य संवेदनशील वर्गों तक इस अभियान का लाभ पहुँच सके। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ प्रभाकर तिवारी ने बताया कि राष्टीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत अभियान का उद्देश्य टीबी उन्मूलन के प्रयासों को और अधिक गति देना और जन-जागरूकता को बढ़ावा देना है। अभियान के तहत आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के माध्यम से उच्च जोखिम वाले व्यक्तियों और टी.बी. के मरीजों की स्क्रीनिंग, जांच एवं जागरूकता गतिविधियां की जाएगी।

# जिला और प्राथमिक स्तर पर रक्तस्राव विकारों के लिए विशेष सेवाओं का किया जा रहा है विस्तारः डॉ. सिडाना



**भोपाल।** मिशन निदेशक, राष्टीय स्वास्थ्य मिशन मध्यप्रदेश डॉ. सलोनी सिडाना ने कहा कि मध्यप्रदेश की स्वास्थ्य प्रणाली को समावेशी और रोगी-केंद्रित बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं, जिसमें हीमोफिलिया, सिकल सेल और अन्य गैर-संचारी रोगों को समान प्राथमिकता मिल रही है। एनएचएम द्वारा जिला और प्राथमिक स्तर पर रक्तस्राव विकारों के लिए विशेष सेवाओं का विस्तार किया जा रहा है। वर्तमान में हम एक हीमोफिलिया रजिस्ट्री तैयार कर रहे हैं। इसे अधिक गतिशील और पोर्टेबल बनाए जाने की आवश्यकता है ताकि रोगियों को किसी भी जिले में निर्बाध उपचार मिल सके। उन्होंने कहा कि क्लॉटिंग फैक्टर थेरेपी उपचार की आधारशिला है, लेकिन एमिसिज़ुमैब जैसी नॉन-फैक्टर थेरेपी अब संभावनाओं के नए द्वार खोल रही हैं, जिन्हें हमें राज्य की सेवा प्रणाली में सम्मिलित करने के तरीके तलाशने होंगे। इसके लिए रोगियों और स्वास्थ्यकर्मियों दोनों में जागरूकता बढ़ाना आवश्यक है। एनएचएम भोपाल, हीमोफिलिया सोसाइटी, मध्यप्रदेश चैप्टर (भोपाल), गांधी मेडिकल कॉलेज भोपाल के संयुक्त तत्वाधान में प्रदेश में हीमोफिलिया से पीड़ित मरीजों के लिए समान, सुलभ और प्रभावी उपचार ढांचे की दिशा में ठोस नीति तैयार करने के उद्देश्य से एक दिवसीय सहमति बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में हीमोफिलिया के उपचार और प्रबंधन को लेकर महत्वपूर्ण सिफारिशें की गईं। प्रमुख राष्टीय हेमेटोलॉजिस्ट, सार्वजनिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ, नीति निर्माता, रोगी प्रतिनिधि और स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी बैठक में शामिल हुए। डॉ. आर.के. निगम, एल.एन. मेडिकल कॉलेज, भोपाल, ने बताया कि प्रदेश में करीब 1,000 पंजीकृत हीमोफिलिया रोगी हैं, जबकि वास्तविक संख्या कहीं अधिक हो सकती है। उन्होंने बेहतर निदान और राज्यव्यापी उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना पर जोर दिया। डॉ. रूबी खान,



डिप्टी डायरेक्टर, स्वास्थ्य सेवाएं, मध्यप्रदेश ने कहा कि हीमोफिलिया का सही समय पर निदान, नियमित रिप्लेसमेंट थेरेपी और मजबूत रेफरल प्रणाली हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। हर अनुपचारित रक्तस्राव न केवल रोगी के जीवन की गुणवत्ता पर असर डालता है, बल्कि हमारी स्वास्थ्य प्रणाली की कमजोरी को भी दर्शाता है। डॉ. नरेश गुप्ता, प्रबंध निदेशक, मौलाना आज़ाद मेडिकल कॉलेज, ने कहा कि नियमित रिप्लेसमेंट थेरेपी जोड़ों की सुरक्षा और जीवन की गुणवत्ता के लिए अनिवार्य है। उन्होंने एमिसिजुमैब जैसी उन्नत नॉन-फैक्टर थेरेपी को दुर्गम क्षेत्रों और विशेष मामलों में प्रभावी समाधान बताया। पैनल चर्चाका संचालन वरिष्ठ हेमेटोलॉजिस्ट डॉ. तुलिका सेठ ने किया। उन्होंने कहा कि हर अनुपचारित रक्तस्राव रोगी के जीवन से औसतन 16 दिन छीन लेता है। यह आवश्यक है कि हम साक्ष्य-आधारित राज्य-समर्थित दिशानिर्देशों को अपनाएं और प्रोफिलैक्सिस को व्यापक रूप से लागू करें। डॉ. वरुण कौल, सहायक प्रोफेसर, बाबा फरीद यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज, ने बताया कि एमिसिजुमैब जैसी नॉन-फैक्टर थेरेपी के माध्यम से हीमोफिलिया ÷ए÷ प्रबंधन में क्रांतिकारी परिवर्तन संभव हो रहा है, जिससे रक्तस्राव की घटनाओं में भारी कमी देखी जा रही है। प्रोफिलैक्सिस को राष्टीय स्वास्थ्य मिशन के ढांचे में एकीकृत करने और राज्य में इसकी समान उपलब्धता सुनिश्चित करने का विशेषज्ञों ने सुझाव दिया। विशेषज्ञों ने कहा कि यदि संरचित तरीके से प्रोफिलैक्सिस और नॉन-फैक्टर थेरेपी का विस्तार किया जाए तो हीमोफिलिया रोगियों को एक स्वस्थ और पूर्ण जीवन प्रदान किया जा सकता है।

# मंत्री टेटवाल ने उज्जैन आईटीआई में सशक्त कौशल प्रयोगशाला का किया शुभारंभ



### आईटीआई से युवाओं को आत्म-निर्भर बनाना प्राथमिक उद्देश्य

**भोपाल ।** कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री गौतम टेटवाल ने उज्जैन स्थित शासकीय संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) में सीमेंस कंपनी के सीएसआर फंड से निर्मित अत्याधुनिक प्रयोगशाला का शुभारंभ किया।

मंत्री श्री टेटवाल ने कहा कि उनका विद्यार्थी जीवन आईटीआई से जुड़ा रहा है और यही उनकी पहचान का आधार भी रहा है। उन्होंने कहा कि इस संस्थान में आकर गौरव का अनुभव हो रहा है। सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने कहा कि आईटीआई न केवल शिक्षा का माध्यम है, बल्कि आत्मनिर्भरता की दिशा में एक मजबूत रास्ता भी है। मुख्यमंत्री की प्राथमिकता में तकनीकी संस्थान, प्रशिक्षण में गुणवत्ता को केंद्र में रखा गया है

मंत्री श्री टेटवाल ने कहा कि तकनीकी शिक्षा को उन्नत बनाने की दिशा में ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। प्रशिक्षण केंद्रों में अत्याधुनिक संसाधनों से युक्त प्रयोगशालाएं तैयार की जा रही हैं जिससे विद्यार्थी व्यवहारिक ज्ञान के साथ स्वरोजगार और प्लेसमेंट के लिए तैयार हो सकें। उज्जैन में तैयार यह लैब उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# स्वयं के व्यय से मणिनगेंद्र सिंह फाउंडेशन द्वारा कराया जा रहा प्राचीन सिंगरी नदी का 5 किलोमीटर के पाट एवं पथ का पुनरुत्थान

### प्रहलाद सिंह पटेल के मार्गदर्शन में होगा नदी के पथ एवं पाट का पुनः उत्थान



**नरसिंहपुर।** मध्यप्रदेश शासन के द्वारा चलाए जा रहे गंगा जलसंवर्धन अभियान से प्रेरित होकर मणिनगेंद्र सिंह फाउंडेशन द्वारा जिले की प्राचीन सिंगरी नदी को पुनजीवित करने के उद्देश्य से सिंगरी नदी उद्गम स्थान से 5 किलोमीटर के लगभग नदी के पथ की साफ सफाई कर अतिक्रमण मुक्त कर नदी के 50फिट चौड़ाई के पाट की साफ सफाई की जाएगी कार्यक्रम की जानकारी देते हुए फाउंडेशन के सचिव सरदार सिंह पटेल ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा प्राचीन जल स्रोतों के संरक्षण और संवर्धन हेतु गंगा जल संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है जिससे प्रेरित होकर मणिनगेंद्र सिंह फाउंडेशन ने यह तय किया हैं कि नरसिंहपुर जिले की प्राचीन सिंगरी नदी को पुनजीवित करने के उद्देश्य से सिंगरी नदी के



उद्गम से लगभग 5 किलोमीटर के क्षेत्र तक नदी के पथ को अतिक्रमण मुक्त कर उसकी साफ सफाई की जाएगी इसके साथ उन्होंने बताया कि नदी का पाट 50 फिट चौड़ा है जिसमें लगभग 10 215,210 पोकलैंड मशीन एवं जेसीबी मशीनों से कार्य प्रारंभ किया जाएगा इसके साथ ही कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के कैबिनेट मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल भी कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे हम सभी सदस्य के यह तय किया है कि इस कार्य का पूर्ण व्यय मणिनगेंद्र सिंह फाउंडेशन द्वारा किया जाएगा हमारी प्राचीन धरोहरों को सहजने हेतु हमारे द्वारा यह प्रयास किया जा रहा है।

# जल है जीवन की धारा, कल का यही सहारा

### प्रदेश में जल संरचनाओं की सफाई में बढ़ती भागीदारी

भोपाल। प्रदेश में जन सामान्य को पानी के महत्व को समझाने के लिये अनेक स्लोगन तैयार किये गये हैं। इन स्लोगन के पोस्टर और दीवार लेखन से समाज के सभी वर्गों में जन जागरूकता फैलाने के व्यापक स्तर पर प्रयास किये जा रहे हैं। इसी का प्रभाव है कि प्रदेश में जल संरचनाओं की साफ-सफाई में जनता की भागीदारी दिनोदिन बढ़ती जा रही है।

**ग्राम पंचायत धुलकोट में फार्म पौंड निर्माणः** बुरहानपुर जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान जल संरक्षण के सिद्धांत को अपनाने पर जोर देता है। इस अभियान में बुरहानपुर अपनी अग्रणी भूमिका निभा रहा है। अभियान में ग्राम पंचायत धुलकोट में फार्म पौंड निर्माण कार्य जारी है। इस कार्य में ग्रामीणजन स्वयं आगे आकर सहभागिता कर रहे है। पौंड निर्माण कार्य से वर्षा का जल संचित किया जा सकेगा और आस-पास के भूजल स्तर में भी वृद्धि होगी। जिले में जल संग्रहण संरचनाओं का जीर्णोद्धार, जल स्त्रोतों और जल वितरण प्रणालियों की साफ-सफाई इत्यादि कार्य प्राथमिकता के साथ किये जा रहे हैं।

### बाग बगीचों को चिन्हांकित कर किया जा रहा हरित विकास

उमरिया जिले में जिला शहरी एवं विकास अभिकरण ने जन भागीदारी से नगरीय निकायों में शहरी क्षेत्रों और टाउनशिप के उजड़े बाग बगीचों को चिन्हांकित कर हरित विकास किया जा रहा है। नगर पालिका परिषद उमरिया में अमृत 2.0 के अंतर्गत लालपुर पानी टंकी के पास 45 लाख रूपये की लागत से बनने वाले पार्क के निर्माण का कार्य 30 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। वार्ड नंबर 14 में कन्या स्कूल के सामने 10 लाख रूपये की लागत से बनने वाले पार्क निर्माण का कार्य 25 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। इसी तरह वार्ड नंबर 12 सत्संग भवन के पास 50 लाख रूपये की लागत से बनने वाले पार्क का निर्माण का कार्य 30 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। इसी तरह नगर पालिका परिषद पाली में अमृत 2.0 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 13 में सांई मंदिर के सामने 33.20 लाख रूपये की लागत से बनने वाले पार्क निर्माण का कार्य 40 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। नगर परिषद चंदिया के अंतर्गत अमृत 2.0 के तहत भरोसा तालाब के पास 21 लाख रूपये की लागत से बनने वाले पार्क निर्माण का कार्य 25 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। नगर परिषद मानपुर अंतर्गत वार्ड क्रमांक एक पंचायत भवन सेमरा में पौधरोपण किया गया है। नगर परिषद नौरोजाबाद में अमृत 2.0 अंतर्गत वार्ड क्रमांक 7 में बागीचे का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। उमरिया की नदी ग्राम पंचायत गौरय्या में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान नागरिकों ने नदी तथा उसके आस पास पड़े कचरे को एकत्र किया और जन जागरूकता का संदेश दिया।

# नशे की रोकथाम के लिए उज्जैन सहित प्रदेश के 18 धार्मिक नगरों में शराब बंदी की गई: मुख्यमंत्री

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव बाबा जय गुरुदेव आश्रम में सत्संग में हुए शामिल

**भोपाल ।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव उज्जैन प्रवास के दौरान मक्सी रोड स्थित बाबा जय गुरुदेव आश्रम में संत उमाकांत महाराज के सत्संग में सम्मिलित हुए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने संत उमाकांत महाराज से भेट कर आशीर्वाद लिया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जय गुरुदेव,नाम परमात्मा का अमृत वाक्य है। ऋषि, मुनियों और संतो के आशीर्वाद से हमारा जीवन धन्य हो जाता है। साधु संतों को देखकर भगवान से मिलने का अनुभव प्राप्त होता है।ज्ञान प्राप्ति के लिए गुरु की आवश्यकता होती है।गुरु के मिलने से ज्ञान प्राप्त होता है और गुरु हमारे अंदर के अवगुण नष्ट कर सद्गुणों का रोपण कर अज्ञानता दूर करते है। देशभक्त नागरिक बनाना और चरित्रवान व्यक्तित्व का निर्माण करना गुरु का कर्तव्य है।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नशे से नास होता है और परिवार तबाह हो जाता है। परिवारों को इससे बचाने के लिए सरकार ने उज्जैन नगर निगम सीमा में और प्रदेश के अन्य 18 धार्मिक नगरों में शराब बंदी की गई है। सरकार द्वारा दूध उत्पादन को बढ़ावा दिया जा रहा है और सरकारी गौशाला भी बनाई जा रही है। दूध उत्पादन पर अनुदान दिया जा रहा है। सरकार द्वारा 25 गाय पालने वाला गौपालकों को 25 प्रतिशत अनुदान मिलेगा। अब गाय माता का दूध भी खरीदा जा रहा है। राज्य में देश का 9 प्रतिशत दूध उत्पादन होता है। सरकार इसे बढ़ाकर 20 प्रतिशत तक ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है इससे किसानों और पशुपालकों की आय बढ़ेगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सिंहस्थ 2028 को भव्य, आलौकिक और दिव्य बनाने के लिए स्थाई सिंहस्थ क्षेत्र बनाया जा रहा हैं जिससे श्रद्धालुओं के बीच सत्संग के आयोजन 12 साल सतत् चलता रहे। गौहत्या पर उम्र कैद की सजा और खुले में मांस बेचना भी सरकार ने प्रतिबंधित किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव आश्रम में श्रद्धालुओं से भी मिले।

इस अवसर पर विधायक श्री अनिल जैन कालूहेड़ा, महापौर श्री मुकेश टटवाल, जनप्रतिनिधि श्री संजय अग्रवाल, बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव और श्रद्धालुओं द्वारा भक्ति भाव से गुरुदेव जी का सत्संग का श्रवण किया।

# मध्यप्रदेश की डिजाइन से 220 और 132 केवी के टॉवर छत्तीसगढ़ में होंगे तैयार

## दोनों राज्यों में तकनीक आदान-प्रदान पर हुआ करार

**भोपाल।** ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बाताया है कि छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी का तकनीकी ज्ञान अब मध्यप्रदेश के विद्युत विस्तार में योगदान देगा। छत्तीसगढ़ 400 केवी के टॉवर की डिजाइन मध्यप्रदेश को देगा और मध्यप्रदेश के 220 केवी और 132 केवी के टॉवर की डिजाइन लेगा। इस तकनीक व कौशल के आदान-प्रदान से दोनों प्रदेश की पॉवर कंपनी का लाभ होगा। इस नई तकनीक से ट्रांसमिशन कंपनी के विशाल टावरों के स्थापना में कम भूमि की जरूरत पड़ेगी।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के अध्यक्ष श्री सुबोध कुमार सिंह ने कहा कि प्रौद्योगिकियों के परस्पर विनियम से सभी पक्षों की दक्षता बढ़ती है। इसका लाभ दोनों राज्यों को मिलना सुखद है। प्रौद्योगिकीय उन्नयन से ही भावी चुनौतियों का सामना किया जा सकेगा। एमडी श्री राजेश कुमार शुक्ला ने कहा कि दोनों कंपनी के आपसी सहयोग व तकनीक साझेदारी का लाभ दोनों राज्यों को मिलेगा। इससे अत्याधुनिक पारेषण प्रणाली, तकनीक और प्रशिक्षण का आदान-प्रदान हो सकेगा।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी और मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के बीच जबलपुर के शक्ति भवन में अनुबंध हुआ। इसमें छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के कार्यपालक निदेशक (योजना, वाणिज्यिक एवं विनियामक मामले) के. एस. मनोठिया और मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के कार्यपालक निदेशक श्री समीर नगोटिया (वाणिज्यिक एवं विनियामक मामले) ने हस्ताक्षर किये। इस अवसर पर एमपीपीटीसीएल के प्रबंध निदेशक इंजी. सुनील तिवारी विशेष रूप से उपस्थित थे। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी को 400 केवी अति उच्च दाब टॉवर खड़ा करने में विशेष दक्षता हासिल है। इसकी डिजाइन को छत्तीसगढ़ ने केंद्रीय विद्युत अनुसंधान संस्थान (सीपीआरआई) बैंगलोर को भेजा था, जहां वेटिंग, चेकिंग और स्क्रूटनी के पश्चात् टॉवर स्ट्रक्चर की डिजाइन को बेहतर माना गया।

मध्यप्रदेश में 220 केवी और 132 केवी के अतिउच्च दाब टॉवर की नेरो बेस डिजाइन बेहतर मानी जाती है, जिसमें कम जमीन का उपयोग करते हुए सकरे फाउंडेशन में विशाल टॉवर खड़े किये जाते हैं। खासकर शहर में जमीन की उपलब्धता कम होने पर इस डिजाइन की अधिक आवश्यकता थी। इस डिजाइन में जहां सामान्य टॉवर के लिए जो जगह फाउंडेशन में लगती थी, उससे अब लगभग आधी लगेगी। इससे टॉवर खड़ा करने में लगने वाली किसानों की कम जमीन प्रभावित होगी।

# भारत माता की जय घोष के साथ निकाली गई तिरंगा यात्राएं



**भोपाल।** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा निकाली जा रही तिरंगा यात्राओं के अंतर्गत दक्षिण-पश्चिम विधानसभा के टैगोर मंडल तात्या टोपे मंडल करुणाधाम मंडल द्वारा गुरुवार को तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। तिरंगा यात्रा में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री व दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक भगवानदास सबनानी सम्मिलित हुए। विधायक सबनानी ने एक बालिका जो भारत माता के रूप में थी उसका माला पहनकर सम्मान किया और बाईक पर हाथों में तिरंगा लिए बैठ, भारत माता की जय घोष करते हुए यात्रा के साथ चले, बाईकों पर निकाली गई तिरंगा यात्रा में भारत माता की जय, जय हिंद, जय हिंद की सेना वंदे-मातरम् के उदघोष से पूरे क्षेत्र का वातावरण राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत हो गया। भारत के वीर सैनिकों के सम्मान में आयोजित तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता सम्मिलित रहे।

टैगोर मंडल के अध्यक्ष पारस नरवरिया ने बताया कि यात्रा का प्रारंभ पॉलिटेक्निक चौराहे से भारत भवन एमएलबी कॉलेज केएन प्रधान चौराहा होटल पलाश से होते हुए भारत माता चौराहे पर यात्रा का समापन हुआ,चौराहे पर स्थित भारत माता की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भारत माता की जय वंदे मातरम जय हिंद की सेना के उद्घोष से पूरा आसमान गूंजायमान हो गया। करुणाधाम मंडल के अध्यक्ष मुकेश देहाडे ने बताया कि यात्रा का प्रारंभ नया बसेरा से नेहरू नगर चौराहा पाताल भैरवी कोटरा मार्केट सुदामा नगर अंबेडकर नगर से गीतांजलि चौराहे पर यात्रा का समापन हुआ, गीतांजलि चौराहे पर स्थित अमर बलिदानी चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भारत माता की जय वंदे मातरम जय हिंद की सेना का उद्घोष किया गया।

तात्या टोपे मंडल अध्यक्ष सोनू पालीवाल ने बताया कि यात्रा का प्रारंभ भारत माता चौराहे से जवाहर चौक रंग महल रोशनपुरा बिरला मंदिर तुलसी नगर सेकंड स्टाफ से होते हुए भारत माता ग्राउंड वार्ड 31 में भारत माता की आरती की गई, और पूरा क्षेत्र भारत माता की जय जय हिंद की सेना के जय घोष से गूंज उठा।

## केवीआईसी के 'हनी मिशन' में 20 हजार मीट्रिक टन शहद का हुआ उत्पादन

**भोपाल।** खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी), सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार ने 'विश्व मधुमक्खी दिवस-2025' के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया। इस वर्ष का आयोजन थीम - प्रकृति से प्रेरित मधुमक्खी, सबके जीवन की पोषकपर आधारित था, जो प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण श्वेत क्रांति से स्वीट क्रांति के अभियान को सशक्त करता है। इसमें महाराष्ट्र के विभिन्न जिलों से आए मधुमक्खी पालक लाभार्थी, प्रशिक्षु, वैज्ञानिकों, सफल मधुमक्खी पालकों, विद्यार्थियों और विशेषज्ञों की उपस्थिति में एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें मधुमक्खी पालन के क्षेत्र में केवीआईसी की उपलब्धियों को साझा किया गया। यह आयोजन न केवल एक तकनीकी मंच रहा, बल्कि ग्रामीण भारत के नवाचार, प्रेरणा और स्वावलंबन की सजीव मिसाल बना। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि केवीआईसी अध्यक्ष श्री मनोज कुमार ने, मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सुश्री रूप राशि की उपस्थिति में किया।

केवीआईसी अध्यक्ष श्री मनोज कुमार ने मधुमक्खी दिवस पर आयोजित समारोह में कहा कि मधुमक्खियां हमारे पारिस्थितिकी तंत्र की रीढ़ हैं। ये न केवल शहद देती हैं, बल्कि परागण के जरिए हमारी खेती को समृद्ध करती हैं और पर्यावरण का संरक्षण करती हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में शुरू किया गया 'हनी मिशन' आज गांवों की आजीविका का बड़ा आधार बन चुका है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने जब 'स्वीट क्रांति' का आह्वान किया, तब उन्होंने एक नया रास्ता दिखाया, जिसमें शहद उत्पादन न केवल आर्थिक समृद्धि का, बल्कि स्वास्थ्य समृद्धि का भी स्रोत बना। उनके नेतृत्व में केवीआईसी ने इस दिशा में जो कार्य किया है, वह आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक बड़ा कदम है।

केवीआईसी अध्यक्ष ने 'हनी मिशन' की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि केवीआईसी द्वारा अब तक देशभर में 2,29,409 मधुमक्खी बक्से और मधु कॉलोनियां वितरित की गई हैं। इससे लगभग 20,000 मीट्रिक टन शहद का उत्पादन हुआ है। मधुमक्खी पालकों को इससे लगभग 325 करोड़ रुपये की आमदनी हुई है। उन्होंने बताया कि वित्त वर्ष 2024-25 में हनी मिशन से जुड़े मधुमक्खी पालकों ने करीब 25 करोड़ रुपये मूल्य का शहद विदेश में भी निर्यात किया है।

# प्रधानमंत्री मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से किया पुनर्विकसित कटनी साउथ रेलवे स्टेशन का उद्घाटन

## उपमुख्यमंत्री शुक्ल, सांसद वी.डी. शर्मा हुए शामिल

**भोपाल।** उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सपना है कि समाज के हर वर्ग को खासतौर पर गरीब और मध्यम वर्ग को सभी प्रकार की सुविधाएं मिले। कटनी साउथ रेलवे स्टेशन का जो कायाकल्प हुआ है उससे यह अत्याधुनिक सुविधायुक्त स्वरूप में नजर आने लगा है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश की अर्थव्यवस्था मजबूत हुई है। हम विश्व की पांचवी बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुके हैं। आज विकास कार्यो के लिए धन की कोई कमी नहीं है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में कौशल संवर्धन की दिशा में गंभीर प्रयास हो रहे है। उन्होंने कहा कि कटनी में खुलने वाले पीपीपी मोड के मेडिकल कॉलेज के प्रति सर्वाधिक कंपनियों एवं संस्थानों ने दिलचस्पी दिखाई है। उन्होंने कहा कि कटनी का जिला चिकित्सालय शासकीय स्वरूप में यथावत कार्य करता रहेगा। यहां मरीजों को निश्शुल्क चिकित्सा और दवाईयां पूर्ववत मिलती रहेंगी।



प्रधानमंत्री श्री मोदी ने राजस्थान के बीकानेर में आयोजित कार्यक्रम से कटनी साउथ रेलवे स्टेशन सहित देश के 103 अमृत रेलवे स्टेशनों का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उद्घाटन किया। कटनी साउथ अमृत रेलवे स्टेशन में उपमुख्यमंत्री श्री शुक्ल, सांसद खजुराहो श्री वी.डी. शर्मा, यात्री सुविधाओं से युक्त, अत्याधुनिक और नये स्वरूप में बने अत्यंत सुंदर और भव्य रेलवे स्टेशन के उद्घाटन के साक्षी बने। सांसद वी.डी. शर्मा ने कहा कि कटनी साउथ रेलवे स्टेशन की भव्यता का स्वरूप वास्तव में प्रधानमंत्री श्री मोदी और केन्द्रीय रेल मंत्री श्री अश्वनी वैष्णव की परिकल्पना है। उन्होंने कहा कि कटनी में ही एशिया का पहला ग्रेड सेपरेटर बना है। सांसद श्री शर्मा ने कहा कि इन सभी बड़ी योजनाओं के रूप में प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कटनी को भी सौगात दी है। सांसद श्री शर्मा ने कहा कि कटनी रेलवे को सर्वाधिक रेवन्यू देने में शामिल है। कटनी के विकास में रेलवे का अह्म योगदान है।

विधायक विजयराघवगढ़ श्री संजय पाठक, विधायक मुड़वारा श्री संदीप जायसवाल, विधायक बड़वारा श्री धीरेन्द्र बहादुर सिंह, महापौर श्रीमती प्रीति सूरी ने भी संबोधित किया। डीआरएम श्री कमल तलरेजा, एरिया मैनेजर रेलवे श्री रोहित सिंह, सीनियर डीसीएम मधुर वर्मा एवं पूर्व राज्य मंत्री श्रीमती अलका जैन सहित रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

**कटनी साउथ रेलवे स्टेशनः** कटनी साउथ रेलवे स्टेशन, जिसे अब आधुनिक सुविधाओं और सांस्कृतिक पहचान के साथ नया स्वरूप प्रदान किया गया है, 12.88 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से पुनर्विकसित किया गया है। स्टेशन के मुख्य प्रवेश द्वार के सामने स्वतंत्रता, शौर्य और स्वाभिमान के अमर प्रतीक महाराणा प्रताप की भव्य प्रतिमा स्थापित की गई है।

पुनर्विकास कार्यों में स्टेशन भवन का नवनिर्माण, भव्य प्रवेश द्वार, विकसित प्रतीक्षालय, पर्याप्त टिकटिंग काउंटर, दिव्यांगजन अनुकूल शौचालय एवं रैम्प, दोनों ओर के हाई लेवल प्लेटफॉर्म पर कवर शेड्स शामिल हैं।यात्रियों की सुविधा के लिए सर्कुलेटिंग एरिया का सौंदर्गीकरण किया गया है और आधुनिक एलईडी लाइटिंग की व्यवस्था की गई है। कटनी साउथ स्टेशन अब सिर्फ एक रेलवे हब नहीं बल्कि आधुनिक भारत की झलक प्रस्तुत करता है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, इस विकास से स्थानीय यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी और क्षेत्र गतिविधियों और सांस्कृतिक समृद्धि को भी गति मिलेगी।

# उपराष्ट्रपति नरसिंहपुर में 26 मई को करेंगे कृषि उद्योग समागम का शुभारंभ

**भोपाल।** प्रदेश में वर्ष 2025 को उद्योग एवं रोजगार वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इन्वेस्ट मध्यप्रदेश के अंतर्गत अनंत संभावनाओं के दृष्टिगत नरसिंहपुर में 26 मई को कृषि उद्योग समागम का आयोजन होगा। उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़



समागम का शुभारंभ करेंगे। कार्यक्रम में राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सहित मंत्रीगण, सांसद, विधायक, जनप्रतिनिधि, अधिकारी, उद्योगपति, किसान, आमजन आदि मौजूद रहेंगे।

### कार्यक्रम का उद्देश्य

कृषि उद्योग समागम 2025 का आयोजन मध्यप्रदेश में कृषि आधारित उद्योगों को बढ़ावा देने, खाद्य प्रसंस्करण में निवेश आकर्षित करने, और किसानों को बेहतर बाजार से जोड़ने के लिए किया जा रहा है। यह समागम उद्योगपतियों कृषक उत्पादक संगठनों एवं नीति निर्माताओं के बीच संवाद, नीति प्रस्तुति एवं सहयोग के अवसर प्रदान करेगा। कार्यक्रम में उद्योग इकाइयों का शिलान्यास एवं लोकार्पण तथा उद्योगपतियों को भूमि आवंटन पत्र एवं आशय पत्रों का वितरण भी होगा।

राज्य सरकार किसानों की आय बढ़ाने, खेती को लाभकारी बनाने की दिशा में हरसंभव प्रयास कर रही है। मध्यप्रदेश का किसान सम्पन्न होगा तो प्रदेश और देश भी समृद्ध होगा। राज्य सरकार युवा, महिला और किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। कृषि उद्योग समागम में आधुनिक कृषि तकनीकों व उपकरणों की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। समागम में कृषि के साथ खाद्य प्र-संस्करण, उद्यानिकी और पशुपालन से संबंधित जानकारी मिलेगी।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की उत्तरप्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल से भेंट

**भोपाल ।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरूवार को स्टेट हैंगर, भोपाल पर मध्यप्रदेश के प्रवास पर आई उत्तरप्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदी बेन पटेल से भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राज्यपाल श्रीमती पटेल का पुष्पगुच्छ और उत्तरीय भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर श्रीमती पटेल ने मुख्यमंत्री डॉ.यादव को अपनी लिखी दो पुस्तकें चुनौतियां मुझे पसंद हैं और हमारा राजभवन की प्रति भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने श्रीमती पटेल को महाकाल मंदिर का चित्र भेंट किया।



# जिला और प्राथमिक स्तर पर रक्तस्राव विकारों के लिए विशेष सेवाओं का विस्तार

**भोपाल ।** मध्यप्रदेश की स्वास्थ्य प्रणाली को समावेशी और रोगी-केंद्रित बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं, जिसमें हीमोफिलिया, सिकल सेल और अन्य गैर-संचारी रोगों के उपचार के लिए समान प्राथमिकता मिल रही है। एनएचएम द्वारा जिला और प्राथमिक स्तर पर रक्तस्राव विकारों के लिए विशेष सेवाओं का विस्तार किया जा रहा है। यह बात राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की संचालक डॉ. सलोनी सिडाना ने कही। उन्होंने कहा कि वर्तमान में हम एक हीमोफिलिया रजिस्ट्री तैयार कर रहे हैं। इसे अधिक गतिशील और पोर्टेबल बनाए जाने की आवश्यकता है ताकि रोगियों को किसी भी जिले में निर्बाध उपचार मिल सके। उन्होंने कहा कि क्लॉटिंग फैक्टर थेरेपी उपचार की आधारशिला है, लेकिन एमिसिजुमैब जैसी नॉन-फैक्टर थेरेपी अब संभावनाओं के नए द्वार खोल रही हैं, जिन्हें हमें राज्य की सेवा प्रणाली में सम्मिलित करने के तरीके तलाशने होंगे। इसके लिए रोगियों और स्वास्थ्यकर्मियों दोनों में जागरूकता बढ़ाना आवश्यक है।एनएचएम भोपाल, हीमोफिलिया सोसाइटी, मध्यप्रदेश चैप्टर (भोपाल), गांधी मेडिकल कॉलेज भोपाल के संयुक्त तत्वाधान में प्रदेश में हीमोफिलिया से पीड़ित मरीजों के लिए समान, सुलभ और प्रभावी उपचार ढांचे की दिशा में ठोस नीति तैयार करने के उद्देश्य से एक दिवसीय बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में हीमोफिलिया के उपचार और प्रबंधन को लेकर महत्वपूर्ण सिफारिशें की गईं।

प्रमुख राष्ट्रीय हेमेटोलॉजिस्ट, सार्वजनिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ, नीति निर्माता, रोगी प्रतिनिधि और स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी बैठक में शामिल हुए।

# छात्रों को बड़ा तोहफा, सरकार से मिलेंगे 25000 रुपए, शिक्षा विभाग ने जारी किया आदेश

## जानकारी लोक शिक्षण संचालनालय के पास पहुंचने के बाद इसके लिए प्रक्रिया शुरू की जाएगी और जल्द ही डीबीटी के माध्यम से मुख्यमंत्री छात्रों के खाते में राशि ट्रांसफर करेंगे।

**भोपाल।** एमपी बोर्ड के छात्रों के लिए राहत भरी खबर है। मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा 12वीं की परीक्षा में 75त्र या उससे अधिक अंक लाने वाले मेधावी छात्रों को लैपटॉप के लिए राशि उपलब्ध कराई जाती है। एक बार फिर से विद्यार्थियों को लैपटॉप के लिए ?25000 की राशि मिलने वाली है। लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा इसके लिए आदेश जारी कर दिए गए हैं।

40 जिले में आंधी-बारिश का अलर्ट, मौसम विभाग की चेतावनी जारी, 60चरूकी रफ्तार से चलेगी आंधी, एमपी में इस दिन होगी मानसून की दस्तक!

आदेश जारी करते हुए जिला शिक्षा अधिकारियों से बच्चों के बैंक खाता की जानकारी मांगी गई है। संचालक लोक शिक्षण डीके कुशवाहा ने मध्य प्रदेश के सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को आदेश जारी कर निर्देश दिए हैं। प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत माध्यमिक शिक्षा मंडल के सत्र 2024 25 की कक्षा 12वीं की परीक्षा में 75त्र या उससे अधिक अंक लाने वाले छात्रों के शिक्षा पोर्टल पर दर्ज बैंक खाता संबंधित पत्र जारी किया जाए।

### छात्रों को लैपटॉप खरीदने के लिए मिलेगी ?25000 की राशि

आदेश जारी होने के साथ इसके लिए प्रक्रिया शुरू की जाएगी। वहीं संचालक लोक शिक्षण कुशवाहा ने पत्र में स्पष्ट किया है कि मुख्यमंत्री मोहन यादव की उपस्थिति में प्रतिभाशाली छात्रों को प्रोत्साहन योजना के तहत माध्यमिक शिक्षा मंडल की तरफ से राशि का भुगतान किया जाएगा। बता दे की माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 12वीं की परीक्षा में 75त्र या उससे अधिक अंक अर्जित करने वाले छात्रों को लैपटॉप खरीदने के लिए ?25000 की राशि डीबीटी योजना के तहत उपलब्ध कराई जाएगी।

### जिला शिक्षा अधिकारियों को पत्र जारी

जिला शिक्षा अधिकारियों को जारी पत्र में संचालक ने स्पष्ट किया कि पिछले वर्षों में देखा गया था कि कई छात्रों के बैंक खाता उनके परिवारजनों के नाम से संचालित थे और कई बैंक खातों में गड़बड़ी भी देखी गई थी। जिससे वन क्लिक के माध्यम से छात्रों के खाते में राशि ही नहीं पहुंच पाई थी। ऐसे में पूर्व सावधानी से पात्र छात्रों के बैंक खाते की प्रविष्टि की जाए। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से किसी जिम्मेदार अधिकारी को इस काम के लिए अधिकृत किया जाए। पत्र में स्पष्ट किया गया कि माध्यमिक शिक्षा मंडल ने शिक्षक संतरा 2024-25 की कक्षा 12वीं की परीक्षा में प्रथम प्रयास में ही 75त्र या उससे अधिक अंक अर्जित करने वाले छात्रों की जानकारी भेजी जानी है। यह जानकारी जिला शिक्षा अधिकारी के ईमेल और शिक्षा पोर्टल पर उपलब्ध रहती है। ऐसे में जानकारी लोक शिक्षण संचालनालय के पास पहुंचने के बाद इसके लिए प्रक्रिया शुरू की जाएगी और जल्द ही डीबीटी के माध्यम से मुख्यमंत्री छात्रों के खाते में राशि ट्रांसफर करेंगे।

## संपादकीय

# नक्सलवाद पर निर्णायक हमला सुरक्षा बलों की बड़ी कामयाबी

देश में नक्सली हिंसा लंबे समय से एक जटिल समस्या रही है। इससे निपटने के लिए सरकार ने कई स्तर पर मोर्चेबंदी की है और वह अब भी जारी है। मगर सच यह है कि अब भी इस समस्या और इसकी जड़ों से पार पाना एक चुनौती है। हालांकि नक्सली हिंसा का सामना करने के क्रम में पिछले कुछ समय से सुरक्षा बलों को जैसी कामयाबी मिल रही है, उससे कहा जा सकता है कि सरकार इसे खत्म करने के लिए दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ काम कर रही है और इसी मुताबिक जमीनी स्तर पर भी कार्रवाई कर रही है। छत्तीसगढ़ के नारायणपुर-बीजापुर-दंतेवाड़ा जिले के सीमावर्ती इलाकों में बुधवार को सुरक्षा बलों द्वारा सत्ताईस नक्सलियों को मार गिराने की खबर आई। खुफिया जानकारी के बाद घेरेबंदी कर की गई इस कार्रवाई में शीर्ष माओवादी नेता नंबाला केशव राव उर्फ वसवराजू को भी मार गिराया गया। इसके अलावा, गुरुवार को राज्य के सुकमा जिले में भी नक्सल विरोधी अभियान के दौरान केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल यानी सीआरपीएफ के एक कोबरा कमांडों की मौत हो गई और मुठभेड़ में एक नक्सली मारा गया। जाहिर है, देश भर में नक्सली हिंसा का सामना करने और इसे खत्म करने के लिए किए जाने वाले सरकारी दावों के लिहाज से ताजा कार्रवाई को एक बड़ी कामयाबी के तौर पर देखा जा रहा है। खासतौर पर इसलिए भी कि पिछले कुछ वर्षों से नक्सल विरोधी अभियान में तेजी के साथ छिटपुट स्तर पर नक्सलियों को या तो मार गिराने या फिर उनका समर्पण कराने में सरकार को लगातार सफलता मिल रही थी। मगर इस बार के मुठभेड़ को सरकार ज्यादा अहम इसलिए मान रही है कि नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई के तीन दशकों के दौरान यह पहली बार है जब सुरक्षा बलों ने एक शीर्ष स्तर के किसी नेता को मारा है। ताजा अभियान के तहत हाल के दिनों में छत्तीसगढ़, तेलंगाना और महाराष्ट्र में चौवन नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया और चौरासी ने आत्मसमर्पण कर दिया। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, सिर्फ इस वर्ष अब तक एक सौ अस्सी से ज्यादा माओवादी मारे गए और कई सौ ने आत्मसमर्पण भी किया। निश्चित तौर पर नक्सलवाद के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में इतनी बड़ी संख्या में नक्सलियों के मारे जाने, आत्मसमर्पण और उनकी गिरफ्तारी को प्रत्यक्ष नक्सली हिंसा को समाप्त करने की दिशा में अहम उपलब्धि माना जा सकता है। मगर इस समस्या की जड़ें सामाजिक-आर्थिक कारणों में भी छिपी हैं। इसलिए प्रत्यक्ष कार्रवाई के साथ-साथ उनके समाधान या उन्हें दूर करने के लिए भी एक ईमानदार इच्छाशक्ति के साथ काम करने की जरूरत है। मसलन, नक्सली समूहों तक वित्तीय मदद और हथियार पहुंचने के रास्तों या माध्यमों को खत्म करने, नक्सल प्रभावित इलाकों में आम लोगों के बीच विश्वास पैदा करने, उन्हें बुनियादी और भूमि अधिकार देने, मुख्यधारा में लाने, ऋण माफ करने और गरीबी दूर करने के साथ-साथ सामाजिक-आर्थिक वंचनाओं से मुक्ति दिलाने जैसे अन्य पहलुओं पर भी स्थायी हल तलाशने की मंशा के साथ काम करने की जरूरत है।

## विश्व कछुआ दिवस

# कछुआ आध्यात्मिक रूप से दीर्घायु, स्थिरता, जड़ता, आत्म सुरक्षा, अनुकूलनशीलता एवं लचीलेपन का प्रतीक है



योग गुरु महेश अग्रवाल



RICK C

आदर्श योग आध्यात्मिक केंद्र स्वर्ण जयंती पार्क कोलार रो? भोपाल के योग गुरु महेश अग्रवाल कई वर्षो से निःशुल्क योग प्रशिक्षण के द्वारा लोगों को स्वस्थ जीवन जीने की कला सीखा रहें है। वर्तमान में भी ऑनलाइन एवं प्रत्यक्ष माध्यम से यह क्रम अनवरत चल रहा है। वर्तमान में हजारों योग साधक अपनी योग साधना की निरंतरता से विपरीत परिस्थितियों में भी स्वयं स्वस्थ एवं सकारात्मक रहते हुए सेवा के कार्यों में लगे है।

योग गुरु महेश अग्रवाल ने बताया कि दुनिया भर में 23 मई को विश्व कछुआ दिवस मनाया जाता हैं। यह दिन लोगों का ध्यान कछुओं की तरफ आकर्षित करने और उन्हें बचाने के लिए किए जाने वाले मानवीय प्रयासों को प्रोत्साहित करने के लिए मनाया जाता हैं।

योग गुरु अग्रवाल ने बताया कि प्राणायाम एक योग अभ्यास है जो श्वास की गति को नियंत्रित करने में मदद करता है। इसका उद्देश्य सम्पूर्ण स्वस्थ रहना और लम्बी उम्र प्राप्त करना है। कछुआ एक उदाहरण है जो श्वास की गति को नियंत्रित करने के महत्व को दर्शाता है। कछुआ धीरे-धीरे श्वास लेता है और उसकी उम्र लंबी होती है। प्रकृति में भी हम देखते हैं कि जो पशु-पक्षी तेज गति से श्वास लेते हैं, उनकी उम्र कम होती है। इससे सिद्ध होता है कि श्वास की गति को नियंत्रित करने से हम अपने जीवन को बढ़ा सकते हैं। प्राणायाम के माध्यम से हम श्वास की गति को नियंत्रित कर सकते हैं और अपने स्वास्थ्य और उम्र को बेहतर बना सकते हैं। कुर्मासन एक योग आसन है जो कछुए की मुद्रा में किया जाता है। इसमें शरीर को इस तरह मोड़ा जाता है कि यह कछुए के समान दिखाई देता है। इस आसन को करने से हमारे शरीर को कई लाभ होते हैं। कुर्मासन पीठ और कमर पर अच्छा खिंचाव देता है, जिससे इन क्षेत्रों में लचीलापन बढ़ता है। इस आसन को करने से रीढ़ की हड्डी में रक्त-संचार बढ़ता है, जिससे यह मजबूत और स्वस्थ रहती है। कुर्मासन पेट में गैस और कब्ज जैसी समस्याओं से राहत दिलाने में मदद करता है। यह आसन आंतरिक जागरुकता और विश्राम को बढ़ावा देता है, जिससे मानसिक शांति और स्थिरता मिलती है। योग गुरु अग्रवाल नें बताया कि कछुआ हिंदू धर्म में एक पवित्र और महत्वपूर्ण प्राणी माना जाता है। कछुआ भगवान विष्णु का दूसरा अवतार माना जाता है। इस अवतार में, भगवान विष्णु ने समुद्र मंथन के दौरान मंदराचल पर्वत को अपने पीठ पर धारण किया था। कछुआ पवित्रता और शुद्धता का प्रतीक है। हिंदू धर्म में, कछुआ को पवित्र प्राणी माना जाता है और इसका उपयोग विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों में किया जाता है। कछुआ की पूजा करने से भगवान विष्णु की कृपा प्राप्त होती है और जीवन में सुख-शांति और समृद्धि आती है। कछुआ आत्म-नियंत्रण और धैर्य का प्रतीक है। इसकी धीमी गतिकछुआ दिवस के अवसर पर और स्थिरता हमें आत्म-नियंत्रण और धैर्य के महत्व को सिखाती है। कछुआ आध्यात्मिक विकास का प्रतीक है। इसकी धीमी




गति और स्थिरता हमें आध्यात्मिक विकास के लिए आवश्यक गुणों को विकसित करने के लिए प्रेरित करती है। कछुआ ध्यान और एकाग्रता का प्रतीक है। इसकी स्थिरता और एकाग्रता हमें ध्यान और एकाग्रता के महत्व को सिखाती है।

कछुआ हमें धीरे-धीरे आगे बढ़ने की सीख देता है। कछुआ हमें आत्म-नियंत्रण के महत्व को सिखाता है। कछुआ हमें धैर्य के महत्व को सिखाता है। कछुआ हमें प्रकृति के साथ सामंजस्य के महत्व को सिखाता है।

कछुआ का आध्यात्मिक महत्व हमें आत्म-नियंत्रण, धैर्य, ध्यान, और प्रकृति के साथ सामंजस्य के महत्व को सिखाता है। इसकी धीमी गति और स्थिरता हमें आध्यात्मिक विकास के लिए आवश्यक गुणों को विकसित करने के लिए प्रेरित करती है।

कछुआ को कई संस्कृतियों में आध्यात्मिक महत्व और प्रतीकात्मकता के साथ देखा जाता है। कछुआ को धैर्य, स्थिरता, सुरक्षा और जीवन के चक्रों का प्रतीक माना जाता है। कई धार्मिक मान्यताओं में, कछुआ को भगवान विष्णु का एक अवतार या ब्रह्मांडीय शक्ति का प्रतिनिधित्व माना जाता है। कछुआ अपनी धीमी और स्थिर गति के लिए जाना जाता है, जो धैर्य और दृढ़ संकल्प का प्रतीक है।

कछुआ का कठोर खोल उसे खतरों से बचाता है, इसलिए इसे सुरक्षा और सुरक्षा का प्रतीक माना जाता है। यह हमें अपने अंदरूनी सुरक्षा और आत्म-निर्भरता को विकसित करने के लिए प्रोत्साहित करता है। कछुआ अपनी लंबी उम्र और जीवन के विभिन्न चरणों को अनुभव करने के लिए जाना जाता है, इसलिए इसे जीवन के चक्रों और परिवर्तन का प्रतीक माना जाता है। कछुआ कई लोगों के लिए एक आध्यात्मिक मार्गदर्शक के रूप में देखा जाता है। फेंगशुई में कछुआ को समृद्धि और भाग्य का प्रतीक माना जाता है। घर में कछुआ रखने से घर में सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह बढ़ता है और धन की प्राप्ति होती है। ग्रीक पौराणिक कथाओं में, कछुआ को ज्ञान और बुद्धिमानी का प्रतीक माना जाता है। कई एशियाई संस्कृतियों में, कछुआ को लंबी उम्र और सफलता का प्रतीक माना जाता है।

कुल मिलाकर, कछुआ एक शक्तिशाली आध्यात्मिक प्रतीक है जो धैर्य, स्थिरता, सुरक्षा, जीवन के चक्रों और आध्यात्मिक विकास का प्रतीक है। कछुआ को हिन्दू धर्म में शुभ माना जाता है और इसे धन-संपत्ति का प्रतीक माना जाता है। कछुआ को कच्छप भी कहा जाता है। कछुए को धन-संपत्ति का प्रतीक माना जाता है। ऐसी मान्यता है कि घर में कछुआ रखने से आर्थिक संकट दूर होता है और माता लक्ष्मी की कृपा प्राप्त होती है। कछुए को शुभ माना जाता है और इसे घर में रखने से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। कछुए को घर में रखने से परिवार में सुख-शांति बनी रहती है। कछुए को घर में रखने से परिवार के सदस्यों की आयु लंबी होती है और वे कई बीमारियों से दूर रहते हैं। विभिन्न प्रकार के कछुए जैसे कि पीतल, सोना, चांदी और मिट्टी के कछुए भी शुभ माने जाते हैं और प्रत्येक कछुए का अपना विशिष्ट लाभ होता है। कछुए को उत्तर दिशा में रखना शुभ माना जाता है। कछुए को हमेशा किसी बर्तन में पानी भर कर रखना चाहिए। कछुए के मुंह को घर के अंदर की ओर करके रखना चाहिए। कछुए को बेडरूम में नहीं रखना चाहिए। कछुए को साफ-सुथरा रखना चाहिए।

# निर्भय निर्गुण गुण रे गाऊँगा



कौशल किशोर चतुर्वेदी

शास्त्रीय संगीत और मध्यप्रदेश में गंधर्व परिवार का नाम हर कोई जानता है। कुमार गंधर्व ने स्वास्थ्य लाभ के लिए दक्षिण से मध्यप्रदेश के देवास की पहाड़ी को अपना घर बनाया था। बाद में वह स्वस्थ हुए और संगीत जगत में सितारे की भांति चमकते हुए देवास में ही इस दुनिया को अलविदा कह गए। आज हम बात कर रहे हैं ऐसे संगीत सम्राट को राह दिखाने वाली वात्सल्यमयी वसुंधरा कोमकली की। वह संगीत और कुमार के बीच संतुलन बनाते हुए अपने वात्सल्य भाव की छटा बिखेरती रहीं और शास्त्रीय संगीत को ऊंचाइयों पर ले जाने को समर्पित रहीं। उनको आज इसलिए याद कर रहे हैं, क्योंकि आज उनका जन्मदिन है। और कुमार गंधर्व जैसे मूर्धन्य गायक को यदि पूरी दुनिया सराह रही है, तो उनकी इस राह को संवारने में वसुंधरा ताई के योगदान को नकारा नहीं जा सकता।

कोमकली ( जन्म- 23 मई, 1931; मृत्यु- 29 जुलाई, 2015 ) भारतीय शास्त्रीय संगीतकार थीं। वह भारत के प्रसिद्ध संगीत घराने 'ग्वालियर घराना' के प्रमुख प्रतिपादकों में से एक थीं। वसुंधरा कोमकली को 'वसुंधरा ताई' के नाम से भी जाना जाता था। वह बहुत ही सुघड़ गायिका थीं। उन्होंने पंडित कुमार गंधर्व की गायन शैली को आगे बढ़ाया था और देवास का नाम रोशन किया। वसुंधरा कोमकली का जन्म 23 मई, 1931 को जमशेदपुर, झारखंड में हुआ था। वर्ष 2009 में उन्हें 'संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार' से सम्मानित किया गया था। इसके अतिरिक्त भारत सरकार ने उन्हें भारतीय शास्त्रीय संगीत में उनके योगदान के लिए 2006 में 'पद्म श्री' से सम्मानित किया था।



वसुंधरा ताई की समझ सिर्फ संगीत ही नहीं बल्कि वह व्यापक मुद्दों, कला के विविध पक्ष और साहित्य पर भी बराबर अधिकार रखती थीं। कुमार गंधर्व के घर लगभग सारे अखबार और पत्रिकाएं आती थीं, जिनका अध्ययन और मनन वे लगातार करती रहती थीं। वसुंधरा कोमकली सिर्फ कुमारजी की सहचरणी नहीं थी बल्कि शास्त्रीय संगीत के जो संस्कार ग्वालियर घराने और अपने पिता से मिले थे, उन्होंने संगीत में बहुत प्रयोग किये। उन्होंने निर्गुणी भजनों की परम्परा को जीवित रखा। देश-विदेश में उनके शिष्य आज इस परम्परा को निभा रहे हैं। कुमार गंधर्व के निधन के बाद वसुंधरा कोमकली सार्वजनिक कार्यक्रमों में हिस्सेदारी कम करने लगी थीं, परन्तु अपनी पुत्री कलापिनी और पोते भुवनेश को उन्होंने संगीत की विधिवत शिक्षा देकर इतना पारंगत कर दिया कि दोनों आज देश के स्थापित कलाकार हैं।

भारतीय संगीत की मूर्धन्य गायिका तो वसुंधरा जी थी ही, साथ ही एक अच्छी गुरु और बहुत स्नेहिल मां थीं। पंडित देवधर की सुयोग्य शिष्या और बेटी वसुंधरा ताई ग्वालियर से देवास आने के बाद मालवा में ऐसी रच-बस गई कि यहां के लोग उनके घर के लोग हो गए। वे देवास, इंदौर और उज्जैन के हर घर में पहचानी जाने लगी, देवास के हर भाषा और मजहब के लोगों से उनका वास्ता प?ा और उन्होंने बहुत सहज होकर सबको अपना लिया। 2015 को 84 वर्ष की आयु में, मध्य प्रदेश के देवास में उनके निवास स्थान पर कार्डियक अरेस्ट के कारण उनकी मृत्यु हुई थी और उनका अंतिम संस्कार देवास में किया गया था। उनकी बेटी, कलापिनी कोमकली, हिंदुस्तानी संगीत की एक प्रसिद्ध गायिका हैं। 29 जुलाई, 2015 को उनके निधन के साथ ही देवास के साथ-साथ समूचे मालवा और मध्यप्रदेश ने एक वात्सल्यमयी मां को खो दिया था। कुमार गंधर्व और वसुंधरा कोमकली द्वारा गाए गए भजन 'निर्भय निर्गुण गुण रे गाऊंगा और 'उड़ जाएगा पंछी अकेला' बहुत लोकप्रिय हैं। कबीर का यह भजन कबीर की सोच से साक्षात्कार कराता हैज्तो आइए इस भजन का कुमार गंधर्व और वसुंधरा कोमकली की आवाज में आनंद लेते हैं। इसके बोल हैं-

निर्भय निर्गुण गुण रे गाऊँगा
मूल-कमल दृढ़-आसन बाँधू जी
उल्टी पवन चढ़ाऊँगा, चढ़ाऊँगा..
निर्भय निर्गुण
मन-ममता को थिर कर लाऊँ जी
पांचों तत्त्व मिलाऊँगा जी, मिलाऊँगा
निर्भय निर्गुण
इंगला-पिंगला सुखमन नाड़ी जी
त्रिवेणी पर हाँ नहाऊँगा, नहाऊँगा
निर्भय निर्गुण
पाँच-पचीसों पकड़ मँगाऊँ जी
एक ही डोर लगाऊँगा, लगाऊँगा
निर्भय निर्गुण
शून्य-शिखर पर अनहद बाजे जी
राग छत्तीस सुनाऊँगा, सुनाऊँगा
निर्भय निर्गुण
कहत कबीरा सुनो भई साधो जी
जीत निशान घुराऊँगा, घुराऊँगा..
निर्भय निर्गुण

# फिर कोरोना वायरस का आतंक

राकेश दुबे

भारत भी दुनिया का हिस्सा है और दुनिया यह मानकर चल रही थी कोरोना संक्रमण का काला दौर हमेशा-हमेशा के लिये चला गया है, अनुमान ग़लत था। पिछले कुछ वर्षों से जन-जीवन फिर पटरी पर लौट रहा था। विश्व के कुछ क्षेत्रों में जारी युद्ध और अन्य विषम परिस्थितियों के बीच जारी आर्थिक उथल-पुथल के बावजूद अर्थव्यवस्थाएं कोरोना से पहली स्थिति में पहुंचने के लिये जद्दोजहद कर रही थी। कोरोना की नई दस्तक ने चिंताएं बढ़ा दी हैं। कोरोना संक्रमण की वापसी की आहट पहले हांगकांग व सिंगापुर में सुनाई दी। हांगकांग में कुछ ही मामलों में तीस लोगों के मरने की खबर है। वहीं सिंगापुर में एक मई तक कोरोना संक्रमितों की संख्या 14 हजार से अधिक थी, जिसमें 19 मई तक तीन हजार नये संक्रमित जुड़ गए हैं। जिस चीन से कोरोना वायरस सारी दुनिया में फैला, वहां भी कोरोना के मामले तो बढ़े हैं लेकिन इस संख्या को सार्वजनिक नहीं किया गया। वहीं चीन का स्वास्थ्य विभाग कोरोना के मामलों में तेजी आने की आशंका जता रहा है। चिंता इस बात की है कि भारत में केरल, महाराष्ट्र व तमिलनाडु में कोरोना संक्रमण के मामले दर्ज किए गए। बताया जा रहा है कि एक जनवरी से 19 मई तक देश में ढाई सौ से अधिक संक्रमण के मामले दर्ज किए गए हैं। मुंबई के अस्पताल में भर्ती दो मरीजों की संक्रमण से हुई मौत को लेकर भी चिंता जतायी जा रही है, हालांकि, अस्पताल का दावा है कि एक रोगी कैंसर तो दूसरा किडनी से जुड़ी गंभीर बीमारी से पीड़ति था। बहरहाल, कोरोना के नये वायरस के संक्रमण को लेकर सरकार के स्तर पर गंभीर प्रयास करने तथा नागरिकों को सजग-सतर्क रहने की जरूरत है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की तरफ से कहा जा रहा है कि इस बार के संक्रमण के लिये ओमिक्रोन के नये वेरिएंट जे.ए.1 तथा वेरिएंट एल.एफ.7 और एन.बी.18 जिम्मेदार हैं। बताया जा रहा है कि जे.एन.1 वेरिएंट बहुत तेजी से फैलता है। विश्व के स्वास्थ्य विशेषज्ञ बता रहे हैं कि नये वेरिएंट से पीड़ति लोगों में गले में खराश, नींद न आना, छींके आना, खांसी, एंग्जाइटी, नाक बहना, खांसी, सिरदर्द, कमजोरी, थकान व मांसपेसियों में दर्द की शिकायत शामिल हो सकती है। हालांकि, इनमें से कुछ आम इंफ्लूएंजा के लक्षण भी हो सकते हैं। ऐसे में कोरोना संक्रमण का टेस्ट करवाना भी जरूरी हो जाता है। वैसा कहना मुश्किल है कि कोरोना का वायरस हमारे बीच से चला गया। वह कहीं गया नहीं बल्कि टीकाकरण से मिली हमारे शरीर की रोगप्रतिरोधक क्षमता ने उसे रोक दिया। लेकिन दिक्कत यह है कि मौसम परिवर्तन चक्र के बीच में म्यूटेशन से इसके नये वेरिएंट सामने आते हैं। जिनका मुकाबला करने व शरीर की रोग प्रतिरोधक शक्ति को इन्हें समझने में थोड़ा वक्त लगता है। निस्संदेह, यह एक चुनौती है, लेकिन इससे घबराने की नहीं, समझदारी और सतर्कता से निपटने की जरूरत है। पिछली कई बड़ी कोरोना संक्रमण की लहरों ने हमें इस संक्रमण से मुकाबले के सबक दिए हैं। एक समय था जब हमारा चिकित्सा ढांचा इसके मुकाबले के लिये तैयार न था। कोरोना संक्रमण से बचने के वही उपाय हमें सुरक्षा देंगे, जो हमने पिछले संक्रमण लहरों में सफलतापूर्वक अपनाए थे। इनमें साफ-सफाई का ध्यान रखना है, सुरक्षित दूरी रखनी है, अपने खानपान को सुधारना है, हाथ मिलाने व भीड़भाड़ वालों स्थानों पर जाने से बचना चाहिए। मास्क का उपयोग अनिवार्य शर्त है। लक्षण दिखने पर जांच कराना और खुद को समाज व परिवार से अलग करना समझदारी होगी। हमारी सजगता व चिकित्सातंत्र की सक्रियता के आगे फिर वायरस कहां टिकेगा।

# बुनियादी इंफ्रास्ट्रक्चर को तरसता, भोपाल

सरयूसुत मिश्रा

भोपाल दुनिया की अकेली ऐसी राजधानी है, जिसके डेवलपमेंट का तीन दशकों से मास्टर प्लान तक नहीं है. बिना मास्टरप्लान राजधानी विकसित हो रही है. सिस्टम आनंदित हो रहा है. बुनियादी इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए अभी भी भोपाल तरस रहा है..!

भविष्य का सपना जरूरी है लेकिन केवल स्वप्नजीवी व्यवस्था से पेट नहीं भर सकता. मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र के विकास का नया सपना दिखाया जा रहा है. राज्य की कैबिनेट ने इसका निर्णय लिया है. भोपाल का राजधानी क्षेत्र अब सीहोर, रायसेन, विदिशा और राजगढ़ जिले के ब्यावरा तक रहेगा.

बढ़ते शहरीकरण को देखते हुए यह विकास जरूरी है लेकिन जो सिस्टम राजधानी भोपाल में बुनियादी इंफ्रास्ट्रक्चर पर आंखें मूंदे हुए हैं, वह इस नए सपने से भी जमीन के सौदागरों और धन प्रबंधन के मगरमच्छों को ही लाभ पहुंचाएगा. इससे भला आम लोगों को क्या लाभ होगा, यह तो राजधानी के हालात से ही समझा जा सकता है.

राजधानी के विकास के लिए भोपाल विकास प्राधिकरण काम कर रहा है और नगर निगम भी. इनकी कार्य पद्धतियां और उपलब्धियां निराशा ही पैदा करती हैं. मेट्रोपॉलिटन विकास प्राधिकरण वर्तमान विकास प्राधिकरण की ही कार्बन कॉपी बन जाएंगे. सैद्धांतिक रूप से मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र विकास सुखद प्रयास हो सकता है लेकिन राजधानी में सिस्टम के भुक्तभोगियों के अनुभव में तो यह सिस्टम के लिए ही लाभ का सौदा साबित हो सकता है.

वर्तमान पूरे राजधानी क्षेत्र में सरकार या नगर निगम की ओर से वाटर सप्लाई की व्यवस्था नहीं है. प्राइवेट कॉलोनी में ट्यूबवेल से वाटर सप्लाई हो रही है. वाटर की क्वालिटी लोगों का स्वास्थ्य खराब कर रही है. राजधानी क्षेत्र विकास की एजेंसी सीपीए को बंद कर दिया गया है. अब इसी तरह की मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र विकास की नई एजेंसी बनाई जा रही है.



पिछले दशकों में राजधानी में निजी कॉलोनियों का बड़े पैमाने पर विकास हुआ है. यह सारी कॉलोनियाँ नगर निगम में हैंडोवर करने की प्रक्रिया ही प्रारंभ नहीं हो पाई है. कई स्थान तो ऐसे हैं जहां कचरा प्रबंधन और सफाई व्यवस्था भी कॉलोनियों द्वारा ही कराई जा रही है. पानी आपूर्ति की बुनियादी जरूरत को ही सरकार और नगर निगम पूरा नहीं कर पा रही है.

झुग्गियों में टेंकरों से पानी सप्लाई होता है. जिन शहरों को मेट्रोपॉलिटन रीजन में जोड़ा जा रहा है वहां पानी की विकराल समस्या सर्वविदित है. गर्मियों में तो लंबी दूरी से ढोकर पानी लाना पड़ता है. जब सत्तर सालों में राजधानी भोपाल में सबको शुद्ध पानी उपलब्ध कराने में सरकारें असफल रही हैं तो फिर मेट्रोपॉलिटन रीजन में तो इसकी माकूल व्यवस्था की कल्पना ही की जा सकती है.

नर्मदा से पेयजल राजधानी में सप्लाई की व्यवस्था हुई, यह भी शहर के कुछ क्षेत्रों तक ही सीमित है. सीवेज नेटवर्क भी क्षत-विक्षत है. आये दिन ऐसी खबरें आती हैं कि, पेयजल सिस्टम में सीवेज नेटवर्क मिल रहा है. वैसे तो काग?ों पर भोपाल स्मार्ट सिटी बन चुका है. स्मार्ट सिटी के नाम पर केवल अटलपथ दिखाई पड़ता है. यह पथ भी अब स्मार्ट नहीं बचा है. इस पथ से भोपाल स्मार्ट सिटी केवल ब्यूरोक्रेट्स अवधारणा में ही बन सकता है.

टी.टी. नगर में रीडेंसीफिकेशन की स्कीम दशकों पहले चालू हुई थी, जो अभी भी अधूरी हालत में पड़ी हुई है. सारे प्रोजेक्ट अधूरे पड़े हुए हैं. या तो इस योजना की प्लानिंग सही नहीं हुई थी या फिर इस योजना इंप्लीमेंटेशन में करप्शन के कारण काम करने वाले छोड़ कर भाग जाते हैं. यह मामले अदालत में पहुंच जाते हैं.

न्यू मार्केट से लगाकर माता मंदिर के बीच अब केवल खंडहर ही दिखाई पड़ते हैं. यह खंडहर सरकार ने इसलिए कराए थे कि इन परियोजना के अंतर्गत नए निर्माण होंगे. लेकिन यह सपना अब तक तो पूरा नहीं हुआ है.

राजधानी को झुग्गीमुक्त बनाने के लिए कई दशकों से योजना बनाई और क्रियान्वित की जा रही है. लेकिन झुग्गियां कम होने के बदले इनकी संख्या बढ़ती जा रही है. झुग्गियों के सौदे किए जाते हैं. इसमें राजनीति और सरकार का पूरा सिस्टम भागीदार होता है. जो पक्के मकान बनाए जाते हैं, वह भी झुग्गी मालिकों को दे दिए जाते हैं लेकिन फिर भी वह झुग्गी खाली नहीं करते.

राजधानी की हरियाली पर हमला हो रहा है. भोपाल की लाइफ लाइन बड़े और छोटे तालाब अतिक्रमण का शिकार हो गए हैं. टाइगर के इलाकों में राजनीति बिजनेस, ब्यूरोक्रेसी के लीडर अपने आशियाने बनाकर रह रहे हैं.

टाइगर सड़कों पर घूम रहे हैं. मास्टरप्लान नहीं होने से राजधानी के आसपास जिस तरह से बेतरतीब विकास हो रहा है, उससे पर्यावरण भी प्रभावित हो रहा है. प्रदूषण बढ़ रहा है. राजधानी की स्वच्छता पर तो काग? पर कुछ भी कहा जा सकता है लेकिन जमीन पर कागज की बात साबित नहीं होती. राजधानी अवैध कॉलोनियों का मानो ग? बन गई है.

राजधानी भोपाल में लोक परिवहन लगभग नगण्य है. रेड बसें बंद हो गई हैं और नई बसें चालू नहीं हो पाई हैं.

राजधानी के ट्रैफिक सिस्टम की सांस फूली हुई है. राजधानी के किसी भी सड़क पर पुलिस के जवान वाहनों की जांच और वसूली करते हुए देखे जा सकते हैं लेकिन अनफिट और कंडम वाहन सड़कों पर चल रहे हैं. इससे दुर्घटनाएं हो रही हैं और देखने वाला सिस्टम में कोई भी नहीं है. लोग अपनी जान गंवा रहे हैं. ट्रैफिक सिग्नल तो कब चलेंगे, कब बंद हो जाएंगे यह कोई नहीं बता सकता है.

राजधानी में दूसरे बुनियादी इंफ्रास्ट्रक्चर का जहां तक सवाल है तो वहां स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्राइवेट सेक्टर ने काफी विकास किया है. लेकिन यह व्यवस्था आम आदमी की सीमा के बाहर है. आयुष्मान योजना नहीं होती तो गरीब इलाज भी नहीं करा सकता है.

सम्राट विक्रमादित्य और देवी अहिल्याबाई के सुशासन, विरासत एवं विकास का नाम लेने मात्र से परिणाम नहीं मिलेंगे. यह सारी बातें केवल बातें ही रह जाती हैं. पंद्रह साल सरकार चलाने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को चुनाव में पराजय का सामना करना प?ा. इसके कारणों को समझना होगा. सुशासन और विकास की बात उनसे ज्यादा तो कोई नहीं कर सकता था. फिर भी जनता ने अस्वीकार कर दिया. भाषण को शासन समझने की गलती हर राजनीतिक दल करता है.

पहले भोपाल का मास्टर प्लान बनाना होगा, राजधानी के निवासियों को विकास के प्रति नीति और नियत का जमीन पर सबूत मिले. राजधानी में दशकों पहले से मास्टरप्लान की प्रस्तावित स?कें बिना बने पड़ी हुई हैं. सड़कों पर झुग्गियां बसी हुई हैं. लेकिन उन्हें कोई सिस्टम हटाने को तैयार नहीं है.

मेट्रोपॉलिटन रीजन का सपना तब तक नहीं देखा जा सकता, जब तक राजधानी में बुनियादी इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत कर दिखाया नहीं जाता. केवल सिटी नहीं अब लोग भी स्मार्ट हो गए हैं. स्मार्ट सोचते हैं. स्मार्टली सिस्टम की पोल समझते हैं. तोल मोल कर बोलना और सपना दिखाना ही सरकारों का भविष्य तय करेगा.

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —हाकम सिंह गुर्जर
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म. प्र. ई-मेल : dspbp167@gmail.com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakash.in

# नैनपुर विकास की गति में निरंतर पीछे

**नैनपुर ।** विकास को लेकर हम प्रशनो के जंजाल मे उलझ कर रह जाते है और लंबे समय के राजनीतिक माया जाल के बीच की कमियाँ कारण बन जाती है विरोध के बीच चुनाव मैदान ताल ठोकते देखै जाने जनप्रतिनिधि विजय श्री का झंडा लेकर सबसे आगे दिखने का सौभाग्य कहें या राजयोग?? पिछ्ले 25 सालों की राजनीति जिसमें राज्य और केंद्र की 27वीं सम्मिलित है को लेकर रविकास का मुद्दा चर्चाओं में रहता है यहां विकास के नाम की गतिविधियों को नकारा नहीं जा सकता रेलवे की गतिविधियां का मानचित्र में स्थान मिला विकास को देखने के लिए नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र के लोग स्टेशन में देखे जाते हैं कुछ भी हो सत्ता परिवर्तन के काल में विकास का गौरव इस क्षेत्र को मिला है भले ही संतोषजनक लोग ना माने लोग बड़े विकास की राह देख रहे हैं वह संभव होगा भले ही समय सीमा के लिए संतोष रखना होगा यहां यह भी मानना हकि विकास को कैसे परिभाषित किया द्धजाए क मिले रोजगार मिले बडे स्तर आर्थिक दृष्टि से आकलन किया जाए तो विकास की राह खुली है बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार मिला है इस रोजगार की उपलब्धता से विकास की राह में जाने का रास्ता सुलभ हुआ है स्थाई रोजगार में बड़े उद्योग धंधे से वंचित है यहां मानना होगा कि विकास की राह में हमारी गति बहुत धीरे है इसके लिए हम सबके प्रयास ही सार्थक माने जा सकते हैं क्षेत्र की जनप्रतिनिधियों पूर्व केंद्रीय मंत्री वर्तमान कैबिनेट मंत्री सहित जीरो से लेकर 100 तक सत्ता की राजनीति करने वाले प्रतिनिधियों को क्षेत्रीय विकास के लिए कोई बड़ा प्लान इस आदिवासी जिले में लाना होगा जो इस पिछ्ले क्षेत्र की विकास की राह में अग्रणी होगा शिक्षा के विकास की आसान राह मे बाधक इन दिनों चर्चा का विषय नैनपुर के केदीय विदालय को लेकर सभी कार्य वाही पूरी जाने के बाद मामला उलझ जाना बाधक है ।

# अतिक्रमण हटाते ही हुआ अस्थाई दुकानदारों को लाखों का नुकसान




**औबेदुल्लागंज( संवाददाता)।** अपनी रोज़ी-रोटी चलाने वाले अस्थाई दुकानदारों का अतिक्रमण विरोधी दस्ते द्वारा लाखो का नुकसान हुआ है। औबेदुल्लागंज में अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही बुधवार से प्रारम्भ हुई एवं गुरुवार को रोक दी गई, जो शुक्रवार को पुनः प्रारम्भ होगी। सवाल यह उठता है कि लोगो को सामान एवं शटर खोलने का समय नहीं दिया गया। उल्लेखनीय है कि मुनादी दो दिन पहले से चल रही थी एवं लोग अपना सामान हटाने लगे थे। बुधवार आंधी तूफान के चलते बिजली गुल हो गई जिससे, अस्थाई दुकानदार कटर से अपने-अपने शेड खोलने में असमर्थ हो गये। प्रशासन को लाख दुहाई देने के उपरांत भी जेसीबी द्वारा अस्थाई दुकानदारों के टीन शेड तोड़ दिये गये। बिजली की अव्यवस्था के कारण नगर में लोगों की आय के साधन को तोड़कर हटा दिया गया। बता दें कि दुकानदारों को आश्वासत किया गया है कि अतिक्रमणकारियों नगर में अन्य जगह दुकाने दी जाएंगी एवं नप. द्वारा बनाई गई दुकानों में रियायत दी जायेगी। अब देखना होगा कि आने वाले समय में हज़ारों परिवार की जीविका का क्या होगा। देखा जाये तो, प्रशासन एवं प्रकृति दोनों दुकानदारों के खिलाफ अभियान में थे। कई लोगों ने अब नगर की सीमाओं के पास गुमठिया रखनी शुरू कर दीं है। यह भी अतिक्रमण है तो, तुरंत प्रशासन नोटिस देना चाहिये न की जमे-जकडे लोगों को सालों बाद निस्तेनाबूत किया जाये। रोज़गार न देते हुए बे-रोज़गारी की कगार पर खडे दुकानदार क्या करेंगे यह समय के गर्त में छुपा है। सूत्रों की माने तो, गुरुवार हाट बाज़ार होने से प्रशासन द्वारा अगले दिन तक कार्यवाही रोक दी गई है। पीड़ितों का कहना है कि प्रशासन द्वारा मीटिंग लेकर भरोसे में लिया गया कि दुकानदारों का नुकसान नहीं होने दिया जायेगा। समझ से परे कि प्राकृतिक असंतुलन के चलते अस्थाई दुकानदारों को दुकाने हटाने का उचित समय क्यों नहीं दिया गया।

### राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने किया कलेक्टर को सम्मानित

# 100 दिवसीय निक्षय शिविर में उत्कृष्ट कार्य करने पर जिला हुआ सम्मानित

**नरसिंहपुर।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल व मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 100 दिवसीय नि- क्षय शिविर में उत्कृष्ट कार्य करने पर कलेक्टर नरसिंहपुर श्रीमती शीतला पटले को सम्मानित किया। इसके साथ ही जिले की टीम को भी सम्मानित किया। राजभवन, भोपाल के सांदीपनि सभागार में आयोजित 100 दिवीसय नि- क्षय शिविर अभियान सम्मान समारोह और स्वस्थ यकृत मिशन के शुभारंभ कार्यक्रम आयोजित किया गया।

100 दिवसीय नि-क्षय शिविरों के दौरान जिले में कुल 3 हजार 575 शिविर आयोजित किये गये। इन शिविरों के माध्यम से 38 हजार 646 लोगों के सैंपल, 37 हजार 337 टेस्ट और 18 हजार 410 लोगों के एक्स-रे लिये गये।

उल्लेखनीय है कि जिले में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 100 दिवसीय निक्षय शिविरों का आयोजन 7 दिसम्बर 2024 से 25 मार्च 2025 तक आयोजित किया गया। इस अभियान का उद्देश्य टीबी उन्मूलन के प्रयासों को और अधिक गति देना और जन जागरूकता देना है। यह अभियान प्रदेश के 23 उच्च प्राथमिकता वाले जिलों में नरसिंहपुर जिला भी शामिल था। इस दौरान उच्च जोखिम वाले मरीजों की स्क्रीनिंग, जांच और उपचार प्रदान करना है। मधुमेह के मरीजों, कुपोषित, धूम्रपान करने वाले, शराब का सेवन करने वाले, पूर्व टीबी मरीज, सम्पर्क व्यक्ति और एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों को लक्षित कर गतिविधियों का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन प्रमुख सार्वजनिक स्थानों जैसे रेलवे और बस स्टेशन, आयुष्मान आरोग्य मंदिरों व स्वास्थ्य केन्द्रों पर किया गया। नि-क्षय शिविरों का आयोजन कारखानों, उद्योगों, ईंट भट्टों, निर्माण स्थलों आदि श्रमिक वर्ग और अन्य संवेदनशील वर्गों तक इस अभियान लाभ पहुंचा। अभियान के तहत पंचायतों, शहरी स्थानीय निकायों, स्वसहायता समूहों, जन आरोग्य समिति, महिला आरोग्य समिति, ग्राम स्वास्थ्य पोषण एवं स्वच्छता समिति के साथ मिलकर जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जनजागरूकता के उद्देश्य से सांस्कृतिक गतिविधियां, रैलियां, शपथ, नि- क्षय सप्ताह, शिविर व अन्य प्रतियोगितायें आयोजित की गई।

# राजनगर विधायक ने खजुराहो में तालाब सौंदर्यीकरण कार्य का किया निरीक्षण



**खजुराहो।** राजनगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक अरविंद पटैरिया ने आज खजुराहो के बस्ती चौराहा के निकट स्थित तालाब के सौंदर्यकरण और निर्माण कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने तालाब की वर्तमान स्थिति का बारीकी से जायजा लिया और चल रहे कार्यों की प्रगति की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के समय नगर परिषद के मुख्य नगरपालिका अधिकारी (सीएमओ) बसंत चतुर्वेदी सहित संबंधित विभागीय अधिकारी और ठेकेदार मौजूद रहे। विधायक पटैरिया ने कार्य की गुणवत्ता और समयबद्धता पर विशेष ध्यान देते हुए ठेकेदारों और अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि खजुराहो जैसे विश्व धरोहर स्थल पर तालाब का सौंदर्यकरण न केवल स्थानीय निवासियों के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि यह देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों के लिए भी आकर्षण का केंद्र बनेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और तय समयसीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण किया जाए। इस सौंदर्यकरण परियोजना का उद्देश्य तालाब को पर्यावरणीय और सौंदर्य की दृष्टि से बेहतर बनाना है, ताकि यह क्षेत्र की सुंदरता को बढ़ाने के साथ-साथ जल संरक्षण में भी योगदान दे सके। विधायक ने स्थानीय लोगों की सुविधाओं और पर्यटकों के अनुभव को ध्यान में रखते हुए तालाब के आसपास स्वच्छता, हरियाली और बुनियादी सुविधाओं के विकास पर बल दिया। विधायक ने बताया कि तालाब के सौंदर्यकरण कार्य में तेजी लाई जा रही है और विधायक के निर्देशानुसार सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

# चर्च भूमि को अनाधिकृत कब्जे से मुक्त कराने फादर की बेटियों ने कलेक्टर एसपी को दिया ज्ञापन



**नरसिंहपुर।** जिले में मौजूद अनेक चर्च की भूमि पर किए गए पक्के निर्माण आदि की जांच एवं कार्यवाही करने के संबंध में लिखित ज्ञापन 21 मई बुधवार को दिया गया चर्च से सम्बन्धित फादर की बेटियों ने कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक महोदय नरसिंहपुर को लिखित ज्ञापन दिया है जिसमें इवलिन पिता स्वर्गीय एडविन जान ने कहा कि नरसिंहपुर जिले के करेली बरमान तेंदुखेड़ा आमगांव बड़ा आदि में ईसाई मिशनरी की चर्च की भूमि पर अतिक्रमण करके पक्के निमार्ण किए जाकर किराये पर मकान एवं दुकाने दे दी गई है । मैं इवलिन छत्तर पिता स्वर्गीय एडबिन जान की पुत्री हूँ। मैं ईसाई मिशनरी से संबंम्धित होने के कारण आपसे निवेदन करती हूँ कि मेरे पिता एवं मेरे परिवार वालो ने सन् 1953 से 1973 तक प्रोहित (फादर) का कार्य किया था द्य चूंकि उस समय मैं शिकायत करने में समर्थ एवं सक्षम नही थी और जिन लोगो के द्वारा चर्च कि भूमि पर अतिक्रमण कर पक्काँ निर्माण किया जा रहा था उनका तालुक राजनैतिक रसूखदारो से होने के कारण उनका दबदवा था द्य लेकिन इस संबंध में मेरे स्वर्गीय पिताजी के द्वारा शिकायते भी की गई थी पर उन शिकायतो पर कोई कार्यवाही नही हो सकी। और हम लोग जिले से प्रस्थान कर अन्य जिलो में सर्विस , जॉब करने लगे थे अब हम को जानकारी लगी की कुछ सक्रिय पत्रकारो के द्वारा चर्च की भूमि पर होने वाले अतिक्रमण संबंधी मुद्दा ऊठाया गया है।

चूंकि चर्च की भूमि का क्रय विक्रय आदि नही किया जा सकता है द्य इस संबंध में आपसे विनम्र निवेदन करती हूँ कि बरमान, करेली, आमगांव बड़ा तेंदुखेड़ा में जो भी चर्च की भूमि पर अतिक्रमण है द्य अतिक्रमण करने वाले अतिक्रमणकारियो के ऊपर विधी सम्मत कार्यवाही किये जाने की कृपा करें। महोदया जी, हम सब अपने स्वर्गीय पिता एडबिन जान की सगी तीन पुत्रियां है और वर्तमान में हम तीनो बहनें विधवा है। ज्ञापन मे उन्होने निवेदन किया है कि जानकारों से ज्ञात हुआ है कि चर्च की भूमि की कोई खरीद फरोख्त नहीं कर सकता है तो अतीत में मौजूद चर्च की भूमि अब किनके नाम है और केसे नामांतरण हुई इन सभी बिन्दुओं की भी जाँच की जाएगी।

# भारतीय सेना के शौर्य में मातृ शक्ति ने निकाली भव्य सिंदूर यात्रा

### सैनिकों के परिवार व रिटायर्ड फौजियों का हुआ सामान

**धार।** भारतीय सेना के साहस पराक्रम और अदम्य जज्बे का प्रतीक बना ऑपरेशन सिंदूर और इसी जज्बे को सलाम करते हुए भारतीय नागरिक राष्ट्रीय सुरक्षा मंच द्वारा महिला मोर्चा तथा मातृशक्ति ने सिंदूर यात्रा निकालकर वीर सैनिकों के परिजनों और सेवानिवृत्तिमान फौजी को का शाल श्रीफल से सम्मानित किया। महिलाओं ने कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह के पोस्टर हाथ में लेकर सेना की जय जयकार करते हुए रैली का नेतृत्व का रही थी।

इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष निलेश भारती जिला उपाध्यक्ष विश्वास पांडे महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष कुसुम सोलंकी संयोजक देवेंद्र सोनाने सहित अनेक मातृशक्ति शामिल हुई। सिंदूर यात्रा भाजपा कार्यालय से आरंभ होकर मगजपुरा क्षेत्र में सैनिक सम्मान समारोह के साथ समाप्त हुआ।

सिंदूर यात्रा मगजपुरा क्षेत्र में पहुंचने के बाद सेवानिवृत्तिमान फौजी श्री मोतीलाल लश्करी श्री दुर्गा प्रसाद लश्करी राजेश यादव महेश यादव राजेंद्र यादव रितेश यादव सहित वीर सैनिक परिवारों को शाल श्रीफल श्रंगार थाली भेंट कर सम्मानित किया गया।




जिला अध्यक्ष निलेश भारती ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मजबूत नेतृत्व में हमारी सेना ने बहनों का सिंदूर उजाड़ने वाले आतंकवादियों को 'ऑपरेशन सिंदूर% के माध्यम से कड़ा सबक सिखाया है। 'ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए बहादुर जवानों को धन्यवाद। इस अवसर पर विनीता धर्म इंदौर भाजपा जिला मंत्री जमुना भूरिया पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष ममता जोशी बदनावर नगर परिषद अध्यक्ष मीना यादव भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष विशाल निगम और जयराज देवड़ा भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा युवा मोर्चा जिला महामंत्री अंकित भावसार मोहित तातेड देवेंद्र रावल युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष बादल मालवीय मंडल मंत्री जीवन यादव रतन पवार महिला मोर्चा पूर्व जिला अध्यक्ष सुषमा पाठक अनामिका ठाकुर रोमा मंडलोई गायत्री पुरोहित अनीता बोरासी सीमा सोनी संध्या शर्मा प्रतिभा शर्मा लक्ष्मीबाई नरोले अल्पना जोशी ब्रजलता विजयवर्गीय अनुसुइया वैष्णव सारिका मोदी राखी राय सीमा सोनी महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष निशा शर्मा और डाली जाधव सीमा जैन राजश्री रावत रजनी जयसवाल बिंदिया बंजारा सहित अनेक सामाजिक संगठन की बड़ी संख्या में मातृशक्ति शामिल हुई। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने दी।

# सिवनी रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास कार्यो का प्रधानमंत्री ने वर्चुअल माध्यम से किया लोकार्पण

**सिवनी-** गुरुवार 22 मई को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से अमृत भारत स्टेशन योजना अंतर्गत पुनर्विकसित सिवनी सहित देश के 103 रेलवे स्टेशनों का लोकार्पण किया। जिसमें मध्यप्रदेश के 6 रेलवे स्टेशनों में सिवनी रेलवे स्टेशन भी शामिल है, जिसे 14.46 करोड़ रुपए की लागत से रुडयार्ड किपलिंग की कालजयी रचना 'दि जंगल बुक' के प्रसिद्ध पात्र मोगली (जो कहानी के अनुसार मोगली का संबंध सिवनी क्षेत्र से था) को समर्पित कर सुसज्जित किया गया है।



उल्लेखनीय है कि भारत सरकार की अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकसित किए गए सिवनी रेलवे स्टेशन में यात्री सुविधा के विभिन्न विकास कार्य कराए गए हैं। इसमें दक्षिण पूर्व मध्य रेल के नागपुर डिवीजन के सिवनी सहित पांच स्टेशन शामिल हैं। सिवनी रेलवे स्टेशन में आयोजित हुए कार्यक्रम में सांसद श्रीमती भारती पारधी, विधायक दिनेश राय, पूर्व सांसद डॉ ढालसिंह बिसेन, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन, जनपद अध्यक्ष श्रीमती किरण भलावी, पूर्व विधायक नरेश दिवाकर सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम को संबोधित कर सांसद श्रीमती पारधी एवं विधायक श्री राय ने जिले वासियों को रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास कार्यों के लिए बधाई दी।उन्होंने कार्यक्रम में भूतपूर्व सैनिकों का फूलमाला पहना कर सम्मान किया एवं स्लोगन, निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता के प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को प्रमाणपत्र वितरण कर प्रोत्साहित किया।

# दादागुरु के दर्शन करने पहुंचे विधायक को दादागुरु ने कहा, पार्वती को नर्मदा जैसा स्वरूप दीजिए

### पार्वती-पापनाश के संगम के कारण आष्टा,आष्टा नही,ये तीर्थराज है:दादागुरु



**आष्टा ।** आष्टा नगर के समाजसेवी मुकाती परिवार द्वारा 7 दिवसीय आयोजित माँ नर्मदा सप्ताह ज्ञान यज्ञ कथा के अंतिम दिन नगर के श्रद्धालुओ को आशीर्वाद एवं दर्शन का लाभ देने,भक्तो से संवाद करने आष्टा पहुचे पूज्य दादागुरु के दर्शन कर उनसे आशीर्वाद लेने पहुचे, आष्टा विधायक गोपालसिंह इंजीनियर को आशीर्वाद प्रदान कर संवाद के माध्यम से दादागुरु ने विधायक श्री गोपालसिंह इंजीनियर को कहा की विधायक जी आपका आष्टा नगर जो आस्थाओ से भरा शहर है । ये दो नदियों के तट पर बसा है । इस नगर से बहने वाली पार्वती नदी जिसका उदगम स्थल आष्टा के ग्राम में ही है । ये पार्वती नदी कल्याणी है,जो सब का कल्याण करती है,वही दूसरी नदी पापनाश है, पापनाश अर्थात पापो का नाश करने वाली । इन दोनों नदियों के संगम के कारण आष्टा तीर्थो का राजा है । इसलिये पार्वती नदी को नर्मदा की तरह साफ,स्वच्छ,पवित्र,शुद्ध पर्यावरण से युक्त बनाने की दृष्टि से जरूर कार्य करे । कथा के दौरान भी दादागुरु ने अपने श्रीमुख से उक्त उद्गार व्यक्त करते हुए कहा था की पार्वती नदी का उदगम स्थल भी यही से है । जहां से किसी नदी का उदगम होता है वो नदी,नदी नही होती है, वो एक शक्ति होती है । आप सब आष्टा वासी पुण्यशाली,धन्य हो,जो आपको दो दो शक्तिया प्राप्त हुई है । दादागुरु द्वारा व्यक्त की गई इच्छा को लेकर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कहा कि वे पूरे प्रयास करेंगे कि दादागुरु की भावना अनुसार पार्वती को भी नर्मदा जैसी नदी का स्वरूप प्रदान कर सकू । इस अवसर पर विधायक श्री गोपालसिंह इंजीनियर ने क्षेत्र के सभी नागरिकों की ओर से दादागुरु का स्वागत,सम्मान कर उनके चरणों मे नमन किया ।

# नैनपुर विकास की गति में निरंतर पीछे के सवाल

**रामकुमार चौरसिया, नैनपुर।** नैनपुर को लेकर हम प्रशनो के जंजाल मे उलझ कर रह जाते है और लंबे समय के राजनीतिक माया जाल के बीच की कमियाँ कारण बन जाती है विरोध के बीच चुनाव मैदान ताल ठोकते देखै जाने जनप्रतिनिधि विजय श्री का झंडा लेकर सबसे आगे दिखने का सौभाग्य कहें या राजयोग?? पिछ्ले 25 सालों की राजनीति जिसमें राज्य और केंद्र की 27वीं सम्मिलित है को लेकर रविकास का मुद्दा चर्चाओं में रहता है यहां विकास के नाम की गतिविधियों को नकारा नहीं जा सकता रेलवे की गतिविधियां का मानचित्र में स्थान मिला विकास को देखने के लिए नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र के लोग स्टेशन में देखे जाते हैं कुछ भी हो सत्ता परिवर्तन के काल में विकास का गौरव इस क्षेत्र को मिला है भले ही संतोषजनक लोग ना माने लोग बड़े विकास की राह देख रहे हैं वह संभव होगा भले ही समय सीमा के लिए संतोष रखना होगा यहां यह भी मानना हकि विकास को कैसे परिभाषित किया द्धजाए क मिले रोजगार मिले बडे स्तर आर्थिक दृष्टि से आकलन किया जाए तो विकास की राह खुली है बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार मिला है इस रोजगार की उपलब्धता से विकास की राह में जाने का रास्ता सुलभ हुआ है स्थाई रोजगार में बड़े उद्योग धंधे से वंचित है यहां मानना होगा कि विकास की राह में हमारी गति बहुत धीरे है इसके लिए हम सबके प्रयास ही सार्थक माने जा सकते हैं

क्षेत्र की जनप्रतिनिधियों पूर्व केंद्रीय मंत्री वर्तमान कैबिनेट मंत्री सहित जीरो से लेकर 100 तक सत्ता की राजनीति करने वाले प्रतिनिधियों को क्षेत्रीय विकास के लिए कोई बड़ा प्लान इस आदिवासी जिले में लाना होगा जो इस पिछ्ले क्षेत्र की विकास की राह में अग्रणी होगा शिक्षा के विकास की आसान राह मे बाधक

इन दिनों चर्चा का विषय नैनपुर के केदीय विधालय को लेकर सभी कार्य वाही पूरी जाने के बाद मामला उलझ जाना बाधक है

# 11 करोड़ का सांप घोटाला, जीतू पटवारी ने उठाए सवाल बोले-एक ही आदमी को 38 बार मुआवजा कैसे



**सिवनी ।** सिवनी के केवलारी विकासखंड में सामने आए 11 करोड़ के मुआवजा घोटाले ने मध्यप्रदेश की राजनीति में हलचल मचा दी है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने इस मामले को सांप घोटाला बताया और आरोप लगाया कि मध्यप्रदेश में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हो रहा है। उन्होंने कहा कि केवल एक आदमी को 11 करोड़ रुपये का कागजी मुआवजा दिया गया, जिससे साफ होता है कि सरकारी तंत्र में भ्रष्टाचार कितना गहरा है। पटवारी ने सवाल उठाया कि अगर एक जिले में इतना बड़ा घोटाला हो सकता है, तो बाकी 54 जिलों की स्थिति क्या होगी?

### प्रशासन की पोल खुली, कांग्रेस बोली- कौन है जिम्मेदार?

इस मामले में प्रशासनिक लापरवाही को लेकर कांग्रेस ने सरकार की कार्यशैली पर सवाल उठाए हैं। जीतू पटवारी ने कहा कि यह घटना केवलारी तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे प्रदेश में इस तरह की गड़बड़ियां हो रही हैं। उन्होंने मांग की कि पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय न्यायिक जांच कर दोषियों को सख्त सजा दी जाए।

### जिन्हें जरूरत थी उन्हें नहीं मिला मुआवजा

मुआवजा देने की प्रक्रिया में घोर अनियमितता के आरोप लगाते हुए पटवारी ने कहा कि जिन परिवारों को वास्तव में सहायता की जरूरत थी, वे छूट गए और एक ही नाम पर दर्जनों बार पैसे निकाल लिए गए। यह प्रदेश की निगरानी प्रणाली की विफलता है। उन्होंने कहा कि जनता को भरोसा दिलाने के लिए सरकार को निष्पक्ष जांच करवानी चाहिए।

### कांग्रेस ने बोला हमला, सरकार की मंशा पर उठाए सवाल

पटवारी ने तंज कसते हुए कहा कि जब सत्ताधारी दल की ही निगरानी में ऐसी घटनाएं हो रही हैं तो जनता को न्याय कैसे मिलेगा। उन्होंने पूछा कि आखिर इस पूरे घोटाले का मास्टरमाइंड कौन है और सरकार अभी तक चुप क्यों है। कांग्रेस का कहना है कि जल्द ही वह सिवनी विधायक के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करेगी।

इस बीच कांग्रेस संगठनात्मक तौर पर भी सक्रिय हो गई है। विदिशा जिले की सिरोंज विधानसभा से पार्टी ने एक पायलट प्रोजेक्ट की शुरुआत की है। इसके तहत 15 सदस्यीय प्रशिक्षित टीम गांव-गांव जाकर कांग्रेस की रीति-नीति से लोगों को जोड़ेगी। ये टीम बूथ से लेकर मंडलम स्तर तक स्थानीय समितियां बनाएगी और कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करेगी।

सिवनी के केवलारी में 279 मामलों में 11.26 करोड़ रुपए का मुआवजा घोटाला उजागर।कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने आरोप लगाया- एक ही व्यक्ति को 38 बार दिया गया 4-4 लाख रुपए का मुआवजा।अब तक 21 लोगों की हो चुकी है गिरफ्तारी, कांग्रेस ने न्यायिक जांच की मांग की।

**पटवारी बोले-** प्रदेश में प्रशासनिक निगरानी फेल, दोषियों को मिले सख्त सजा।

### बिगड़े ट्रैफिक और अतिक्रमण के कारण हो रहे सड़क हादसे

# एक हफ्ते बाद भी शहर का ट्रैफिक सुधारने प्रयास नहीं प्रशासन ने नगर पालिका को अतिक्रमण हटाने का कहा था

**आष्टा।** शहर में बिगड़ी हुई ट्रैफिक व्यवस्था और बेतहाशा अतिक्रमण किसी से छुपी नहीं है शहर के प्रमुख मार्ग पर अतिक्रमण के कारण ट्रैफिक बिगड़ा हुआ है मार्गो पर निकलना मुश्किल होता है इसी को देखते हुए प्रशासन ने पिछले दिनों एक बैठक आयोजित की थी और नगर पालिका को निर्देश दिया था कि तीन दिन में कार्रवाई करें लेकिन 7 दिन से भी अधिक समय हो गए हैं कोई कार्रवाई नहीं की गई।



दरअसल शहर के ट्रैफिक व्यवस्था किसी से छिपी हुई नहीं है शहर में आए दिन बिगड़ी ट्रैफिक व्यवस्था और अतिक्रमण के कारण सड़क हादसे भी हो रहे हैं उसके बाद भी कार्रवाई नहीं हो रही या चिंता का विषय है यहां तक की प्रशासन के आदेश भी हवा में हो गए जबकि नगर पालिका को कार्रवाई के लिए प्रशासन ने बैठक बुलाई थी लेकिन उसके बाद भी शहर में ना ट्रैफिक व्यवस्था सुधारी और ना ही अतिक्रमण हटा।

**इन क्षेत्रों में सर्वाधिक ट्रैफिक खराब :** शहर के अलीपुर, पुराना भोपाल इंदौर मार्ग ,बुधवारा मार्ग, पुरानी सब्जी मंडी मार्ग और कन्नौद मार्ग पर सबसे ज्यादा ट्रैफिक बिगड़ा है यहां पर दोनों और दुकानदारों ने कब्जे कर रखे हैं सामान रखने के बाद वाहन भी खड़े रहते हैं इस कारण इन मार्गों पर ट्रैफिक बिगड़ा हुआ है।

शहर के पुराना भोपाल इंदौर मार्ग ,भोपाल नाका, कन्नौद मार्ग, मंडी गेट ,अलीपुर चौराहा ,पुराना बस स्टैंड ,पुरानी सब्जी मंडी, इंदौर नाका सहित अनेक क्षेत्रों में अतिक्रमण सबसे ज्यादा है अतिक्रमण हटे तो शहर का ट्रैफिक भी सुधर जाएगा।

नागरिक राजू सेन ,अजय प्रजापति ने बताया कि अतिक्रमण के कारण शहर के प्रमुख मार्गों पर वाहन चलाना परेशानी का कारण बनता जा रहा है प्रशासन और नगर पालिका को इस दिशा में कार्रवाई करनी चाहिए। इस संबंध में सीएमओ राजेश सक्सेना ने बताया कि बैठक में निर्णय हुआ है जल्दी अतिक्रमण महिम शुरू की जाएगी दुकानदारों अतिक्रमण कर्ताओं से आग्रह है कि वह अपनी स्वेच्छा से अतिक्रमण हटा ले नहीं तो टीम हटा देगी।

## दीक्षा धामी की दमदार वापसी रसीली के नए अवतार में करेंगी अपने फैंस का मनोरंजन !

**इंदौर।** शेमारू उमंग के शो बड़ी हवेली की छोटी ठकुराईन के दर्शक अभी भी चैना की चौंकाने वाली मौत से उबर नहीं पाए हैं। लेकिन क्या यह वाकई चैना की कहानी का अंत है? या कहानी में अब एक नया मोड़ आने वाला है? ऐसे में जब दर्शकों को लगा कि उन्होंने चैना को हमेशा के लिए खो दिया है, तो शो में आने वाले एक रोमांचक नए ट्विस्ट ने उन्हें आश्चर्यचकित कर दिया। चैना के मासूम और सौम्य किरदार से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने वाली दीक्षा धामी अब बिलकुल एक नए अवतार में अपनी धमाकेदार वापसी कर रही हैं। अब वह रसीली के रूप में दिखेंगी जो एक मजबूत इरादे वाला, बहादुर और अनोखा किरदार है। वह हवेली में ऐसा बदलाव लाएंगी जो पहले कभी नहीं देखा गया। अभिनेत्री दीक्षा धामी कहती हैं, मेरा नया अवतार रसीली, मेरे किरदार चैना से बहुत अलग है। वह बेबाक़, निडर है जबकि चैना शांत और विनम्र है। रसीली अपने मन की बात बेझिझक कह देती है और हर हालात अपने काबू में रखती है। यहां तक कि उसका लुक भी बहुत दिलचस्प है और उसका किरदार यूपी की पृष्ठभूमि के इर्द-गिर्द घूमता है। एक अभिनेत्री के रूप में यह मेरे लिए एक अनोखा बदलाव है। देहरादून में पली-बढ़ी दीक्षा को रसीली की भूमिका के लिए यूपी भाषा के लहजे में महारत हासिल करने के लिए कई जरूरी प्रयास करने पड़े।

**अंतरराष्ट्रीय जैवविविधता दिवस**

## वेदांता के हिंदुस्तान ज़िंक ने उदयपुर में मगरमच्छ संरक्षण रिज़र्व के लिए साईन किया एमओयू

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के मौके पर भारत की एक मात्र महत्वपूर्ण खनिज, उर्जा रूपान्तरण, धातु, विद्युत, तेल एवं गैस और टेक्नोलॉजी कंपनी वेदांता लिमिटेड (एनएसईः वीईडीएल) ने जैव विविधता के संरक्षण के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की है। कंपनी की राजस्थान स्थित सब्सिडरी हिंदुस्तान ज़िंक लिमिटेड ने बाघदर्रा मगरमच्छ संरक्षण रिज़र्व के पुनरुत्थान के लिए उदयपुर के वन विभाग के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। रु 5 करोड़ के निवेश के साथ यह पहल पर्यावरण संरक्षण के लिए सार्वजनिक-निजी भागीदारी में महत्वपूर्ण कदम है। इसका उद्देश्य 400 हैक्टेयर में फैले इस रिज़र्व को दलदली मगरमच्छों के लिए अनुकूल आवास में बदलना है।राजस्थान के उदयपुर में कलड़वास ग्राम पंचायत स्थित बाघदर्रा संरक्षण रिज़र्व में पक्षियों की 200 प्रजातियां रहती हैं, यह बारहमासी झील के आस-पास केन्द्रित जैविक रूप से समृद्ध क्षेत्र है। वेदांता की बहुआयामी विकास योजनाओं में संरक्षण, बुनियादी सुविधाओं एवं सामुदायिक गतिविधियों की व्यापक रेंज शामिल है। यह पहल वृक्षारोपण, जल संरक्षण संरचनाओं जैसे चैक डैम एवं तालाब और इको-सेंसिटिव विज़िटर ज़ोन (जैसे पैदल चलने का रास्ता, आश्रय और शैक्षणिक प्रदर्शनियों) के माध्यम से मगरमच्छों के प्राकृतिक आवास की बहाली के लिए काम करेगी। यह पहल संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्य 15 (धरती पर जीवन) तथा इस साल की थीम 'प्रकृति एवं स्थायी विकास के साथ तालमेल' के अनुरूप है।

## फिक्सर वापस आ गया है - और इस बार मामला है पर्सनल

### राणा नायडू सीज़न 2 का प्रीमियर 13 जून को नेटफ्लिक्स पर

**हैदराबाद, एजेंसी।** हैदराबाद के मशहूर प्रसाद सिनेमा में आज एक खास सेलेब्रेशन देखने को मिला, जहां फैंस की भीड़ उमड़ पड़ी। इस मौके की मेज़बानी की सुपरस्टार राणा दग्गुबाती ने, जिनके साथ मौजूद थे वर्सेटाइल और डायनैमिक अभिनेता अर्जुन रामपाल। ये इवेंट नेटफ्लिक्स की जबरदस्त सीरीज़ 'राणा नायडू' के दूसरे सीज़न की वापसी का सेलेब्रेशन था। दोनों सितारों ने बड़े ही शानदार अंदाज़ में ग्रैंड एंट्री ली और राणा नायडू सीज़न 2 का एक विशाल पोस्टर अनावरण किया, जिससे आने वाले धमाके की झलक मिल गई। इस मौके पर फैंस को सीज़न 2 की पहली झलक भी दिखाई गई, जिससे शो को लेकर एक्ससाइटमेंट और भी बढ़ गयी। अभिनेता राणा दग्गुबाती ने कहा, सीज़न 2 यह वाकई धमाकेदार है। यह पहले से बहुत विशाल है, और बहुत ज़्यादा पर्सनल भी है। नेटफ्लिक्स और पूरी राणा नायडू टीम के साथ दोबारा काम करना बहुत मज़ेदार रहा। हमने चीजों को और गहराई से दिखाया, और ज्यादा पेचीदा बनाया। अर्जुन रामपाल ने कहा,रऊफ के किरदार को निभाना आसान नहीं था, लेकिन करन अंशुमन की लगन और मेहनत से यह मुमकिन हो पाया। उन्होंने इस किरदार में जिस हल्के फूल्के अंदाज़ में गढ़ा है उससे यह एक बेहतरीन और दिलचस्प कैरेक्टर बन गया, जिसे निभाने में मुझे बहुत मज़ा आया। रऊफ बिलकुल भी नहीं डरता।

## रेज़रपे ने भारत के टियर2 एवं टियर3 शहरों में डीप टेक इनोवेशन को बढ़ावा देने के लिए मीटीई स्टार्टअप हब के साथ की साझेदारी

**मुंबई, एजेंसी।** एमएसएच से जुड़े सभी स्टार्टअप्स को रेज़रपे राइज़ का एक्सेस मिलेगा- वे इन्कॉर्पोरेशन सर्विस, वायकॉम्बीनेटर ऐप्लीकेशन्स के लिए सहयोग तथा रेज़पेर लीडरशिप के मार्गदर्शन एवं सहयोग आदि का लाभ उठा सकेंगे। भारत के स्टार्टअप सिस्टम को समर्थन प्रदान करने की प्रतिबद्धता के साथ कारोबारों के लिए भारत के अग्रणी फुल-स्टैक पेमेंट्स एवं बिज़नेस बैंकिंग प्लेटफॉर्म रेज़रपे ने इलेक्ट्रोनिक्स एवं सूचना प्रोद्यौगिकी मंत्रालय की पहल मीटीई स्टार्टअप हब (एमएसएच) के साथ साझेदारी की घोषणा की है। इस साझेदारी के तहत रेज़रपे और एमएसएच एक साथ मिलकर डीप टेक एवं उभरते टेक स्टार्ट-अप्स को आधुनिक फिनटेक इन्फ्रास्ट्रक्चर, मार्गदर्शन, प्रोडक्ट क्रेडिट और इनोवेशन-उन्मुख इकोसिस्टम उपलब्ध कराएंगे।इस साझेदारी पर बात करते हुए आरिफ़ खान, चीफ़ इनोवेशन ऑफिसर, रेज़रपे ने कहा, ''ज़्यादातर बदलावकारी आइडियाज़ ऐसे स्थानों से आते हैं, जहां से उम्मीद नहीं होती। जहां अकेला संस्थापक समस्या का समाधान करता है। लेकिन आइडिया को बिज़नेस में बदलने के लिए जुनून से बढ़कर बहुत कुछ चाहिए; इसके लिए सही इन्फ्रास्ट्रक्चर और अनुभवी लोगों के मार्गदर्शन और सपोर्ट की ज़रूरत होती है। अगर हम अगले बिलियन का निर्माण करना चाहते हैं तो हमें अगले मिलियन बिल्डर्स को सशक्त बनाना होगा। एमएसएच के साथ यह साझेदारी कुछ ऐसा ही कर रही है। यह शुरूआती अवस्था के संस्थापकों को ज़रूरी टूल्स, मार्गदर्शन एवं आत्मविश्वास प्रदान करती है। आप सुबह 2 बजे वायरफ्रेम स्कैच करने का सपना देखते हैं या कांपती आवाज़ एवं मजबूत दृष्टिकोण के साथ काम करते हैं, हम हर कदम पर आपके साथ हैं।''

## गोकलदास एक्सपोर्ट्स की कुल आय में चौथी तिमाही के दौरान 27 प्रतिशत की वृद्धि

**मुंबई, एजेंसी।** गोकलदास एक्सपोर्ट्स ने चौथी तिमाही में सालाना आधार पर कुल आय में 27 प्रतिशतकी वृद्धि और कर-पूर्व लाभ में 84 प्रतिशतकी बढ़ोतरी दर्ज की। कंपनी ने 31 मार्च, 2025 को समाप्त तिमाही के दौरान 1,035 करोड़ की समेकित कुल आय और 79 करोड़ का कर-पूर्व समेकित लाभ दर्ज किया। उत्पादकता लाभ और मज़बूत लागत प्रबंधन के मद्देनज़र उक्त तिमाही के दौरान एबिट्डा मार्जिन में सालाना आधार पर 272 आधार अंकों का सुधार हुआ। वित्त वर्ष 2025 में कुल आय 3917 करोड़ पर पहुंच गई, जो अब तक का उच्चतम स्तर है, साथ ही कर-पूर्व समेकित लाभ 218 करोड़ रहा। कंपनी की पूरे साल की कुल आय और कर-पूर्व लाभ में 63 प्रतिशतऔर 37 प्रतिशतकी वृद्धि दर्ज की गई।

# एमपी के सबसे अमीर आदमी की कहानी, 15 साल की उम्र से अथक मेहनत, आज करोड़ों में है नेटवर्थ

**इंदौर।** इंदौर के रहने वाले विनोद अग्रवाल अब मध्य प्रदेश के सबसे अमीर व्यक्ति माने जाते हैं और उनके पास आज के समय में 7100 करोड़ से अधिक की कुल संपत्ति है। मध्य प्रदेश के इंदौर में 500 वर्ग फीट के मकान में अपने 8 भाई बहनों के साथ रहने वाले युवक ने कभी सोचा होगा कि वह राज्य का सबसे अमीर आदमी बन सकता है लेकिन 15 साल की उम्र से अथक मेहनत करते हुए एक शख्स ने इस मुकाम को हासिल कर लिया। हम बात कर रहे हैं मध्य प्रदेश के सबसे अमीर आदमी विनोद अग्रवाल के बारे में। उन्हें कोल किंग भी कहा जाता है। रिपोर्ट के मुताबिक मध्य प्रदेश के सबसे अमीर शख्स विनोद अग्रवाल है। हुरुन इंडिया रिच लिस्ट के मुताबिक विनोद अग्रवाल को स्र्क्का सबसे अमीर आदमी चुना गया है। बता दे कि विनोद अग्रवाल कोल कंपनी के मालिक हैं। कोयले के धंधे में उन्होंने अपनी पहचान बनाई है और मूल रूप से वह इंदौर के ही रहने वाले हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक उनकी कुल संपत्ति 7100 करोड़ रुपए से अधिक है और मध्य प्रदेश के


सबसे धनी व्यक्ति में उनकी गिनती होती है।

### 15 वर्ष की उम्र में काम करना शुरू

हालांकि धनवान व्यक्तियों के लिए कभी भी रास्ता आसान नहीं होता और उन्हें कई मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में उनके लिए भी जिंदगी कभी भी आसान नहीं रही। उन्होंने कई चुनौतियों का सामना किया। विनोद अग्रवाल को इस कारोबार में 40 साल से अधिक का समय बीत चुका है लेकिन उन्होंने 15 वर्ष की उम्र में यह काम करना शुरू कर दिया था। 1974 में विनोद अग्रवाल ने कोल कंपनी की स्थापना की थी। हालांकि 40 साल के अथक परिश्रम के साथ ही अब यह कंपनी भारत की सबसे बड़ी कोयला आयातक कंपनी में शामिल है। कंपनी 20 बंदरगाहों पर सक्रिय है। इस कंपनी से 1500 से अधिक ग्राहक के जुड़े हुए हैं, जिनमें टाटा के अलावा बिड़ला समूह का भी नाम शामिल है। अग्रवाल कोल इंडोनेशिया, दक्षिण अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका की खदानों से कोयला मंगवाता है।

### विनोद अग्रवाल चैरिटी में भी बड़ा नाम

हालांकि व्यापार के साथ-साथ विनोद अग्रवाल चैरिटी के लिए भी जाने जाते हैं। विनोद अग्रवाल फाउंडेशन ने 2022 में 25 करोड़ रुपए का दान दिया था। 2023 में इन्होंने 34 करोड़ रुपए दान किए थे। राम मंदिर निर्माण के लिए भी मध्य प्रदेश से सबसे अधिक एक करोड़ रुपए का दान इनके द्वारा दिया गया था। वही अग्रवाल कोल कॉरपोरेशन प्राइवेट लिमिटेड और विनोद अग्रवाल मध्य प्रदेश के सबसे बड़े टैक्स पेयर के रूप में भी जाने जाते हैं। हालांकि एक सफल व्यापारी होने के बावजूद उनकी परवरिश बेहद साधारण रही है विनोद अग्रवाल का जन्म 10 जून 1963 को हरियाणा के रोहतक में हुआ था। और 2 साल की उम्र में वह अपने पूरे परिवार के साथ इंदौर शिफ्ट हो गए थे। उनके पिता ने ट्रांसपोर्ट के बिजनेस में भी अपना हाथ आजमाया और कुछ समय के बाद कोयले के व्यापार से भी जुड़ गए थे। जहां अपने पिता के संघर्ष को देखते हुए विनोद अग्रवाल भी अपने पिता के कारोबार के साथ जुड़ गए और इस कारोबार को उन्होंने एक नए मुकाम तक पहुंचा दिया। इंदौर के रहने वाले विनोद अग्रवाल अब मध्य प्रदेश के सबसे अमीर व्यक्ति माने जाते हैं और उनके पास आज के समय में 7100 करोड़ से अधिक की कुल संपत्ति है।

# सोने के रेट में फिर बदलाव

## आज का 10 ग्राम का ताजा भाव



**मुंबई, एजेंसी।** मई का महीना अंतिम पड़ाव पर है और जून का महीना आगमन की ओर, ऐसे में अगर आप सोना या चांदी खरीदने की सोच रहे है तो पहले 23 मई का ताजा भाव जान लीजिए। आज शुक्रवार को सोने के भाव में 380 रूपए प्रति 10 ग्राम और चांदी की कीमतों में 1000 प्रति किलो की गिरावट आई है। नई कीमतों के बाद सोने के दाम 97 हजार के आसापास और चांदी के भाव 1 लाख के आसपास ट्रेंड कर रहे है। आज शुक्रवार को सराफा बाजार की ओर जारी सोने और चांदी के अनुसार आज 23 मई 2025 को 22 कैरेट सोने के दाम 89,550 , 24 कैरेट का भाव 97,680 और 18 ग्राम सोने का रेट 73,270 रुपए पर ट्रेंड कर रहे है। वहीं 1 किलो चांदी का रेट 1,00,000 रुपए चल रहा है।

### 18 कैरेट सोने का आज का भाव

- दिल्ली सराफा बाजार में आज 10 ग्राम सोने की कीमत 73 270/- रुपये।
- कोलकाता और मुंबई सराफा बाजार में 73, 150/- रुपये।
- इंदौर और भोपाल में सोने का भाव 73, 190 चल रहा है।
- चेन्नई सराफा बाजार में कीमत 73, 700/- रुपये पर ट्रेड कर रही है।

### 22 कैरेट सोने का आज का भाव

- भोपाल और इंदौर में आज 10 ग्राम सोने की कीमत 89, 450/- रुपये।
- जयपुर, लखनऊ, दिल्ली सराफा बाजार में आज 10 ग्राम सोने की कीमत 89, 550/- रुपये।
- हैदराबाद, केरल, कोलकाता, मुंबई सराफा बाजार में 89, 400/- रुपये ट्रेंड कर रहा है।

### 24 कैरेट सोने का आज का भाव

- भोपाल और इंदौर में आज 10 ग्राम सोने की कीमत 97,580 रुपये
- दिल्ली जयपुर लखनऊ और चंडीगढ़ सराफा बाजार में आज 10 ग्राम सोने की कीमत 98, 680/- रुपये।
- हैदराबाद, केरल, बैंगलुरू और मुंबई सराफा बाजार में 97, 530/- रुपये।
- चेन्नई सराफा बाजार में कीमत 97,530/- रुपये पर ट्रेंड कर रहा है।

## एक उज्जवल भविष्य- भोपाल में आयोजित रक्तस्राव विकार सहमति बैठक में विशेषज्ञों ने हीमोफिलिया के सक्रिय उपचार की सिफारिश की



**भोपाल।** हीमोफिलिया सोसाइटी मध्यप्रदेश चैप्टर (भोपाल) ने अंतरराष्ट्रीय ख्याति के प्रमुख राष्ट्रीय चिकित्सा विशेषज्ञों और राज्य स्वास्थ्य अधिकारियों के सहयोग से एक महत्वपूर्ण हीमोफिलिया सहमति बैठक कीमेजबानीकी। इस सम्मेलन में मध्यप्रदेश और उससे बाहर के प्रमुख हेमेटोलॉजिस्ट, सार्वजनिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ, उद्योग भागीदार, राज्य नीति निर्माता, रोगी अधिवक्ता समूह के साथ-साथ हीमोफिलिया के रोगियों को एक साथ लाया गया, जिससे हीमोफिलिया से पीड़ित रोगियों के लिए गुणवत्तापूर्ण सेवाओंकीउपलब्धता को मानकीकृत और बेहतर बनाने पर विचार-विमर्श किया जा सके। विशेषज्ञों ने यह भी बताया कि सक्रिय निवारक उपचार न केवल गंभीर रक्तस्राव के प्रकरणों को समाप्त कर सकता है और दीर्घकालिक विकलांगता को रोक सकता है, बल्कि प्रभावित परिवारों और व्यापक स्वास्थ्य प्रणाली पर सामाजिक-आर्थिक बोझ को भी कम कर सकता है। बैठक का उद्घाटन करते हुएक,एनएचएम मध्यप्रदेश की मिशन निदेशकडॉ. सलोनी सिदानाने कहा, जैसे-जैसे हम मध्यप्रदेश की स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत कर रहे हैं, हमारा ध्यान किसी एक बीमारी तक सीमित नहीं है—चाहे वह हीमोफिलिया हो, सिकल सेल हो, या अन्य गैर-संचारी स्थितियां हों—हर एक को समान प्राथमिकता मिलनी चाहिए। एनएचएम प्राथमिक और जिला स्तरों पर रक्तस्राव विकारों के लिए नियमित रिप्लेसमेंट थेरेपी सहित विशेष सेवाओं का विस्तार करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## एयरटेल पेमेंट्स बैंक का मजबूत प्रदर्शन जारी, 2,709 करोड़ का राजस्व दर्ज किया



**मुंबई, एजेंसी।** आज एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने 31 मार्च, 2025 को समाप्त हुए वित्त वर्ष के परिणाम जारी किए। इस साल बैंक को 47.5 प्रतिशत की साल-दर-साल वृद्धि के साथ 2,709 करोड़ का राजस्व मिला। कंपनी का शुद्ध लाभ 81.4 प्रतिशत बढ़कर 63 करोड़ हो गया। इबीआइटीडीए 64 प्रतिशत साल-दर-साल बढ़कर 299 करोड़ दर्ज हुआ। कस्टमर बैलेंस 30.6 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 3,659 करोड़ हो गया। सकल व्यापारिक मूल्य 3,808 बिलियन रहा। आज एयरटेल पेमेंट्स बैंक यूज़र बेस के आधार पर देश का तीसरा सबसे बड़ा मोबाइल बैंक है। वित्त वर्ष 2025 की चौथी तिमाही के अंत में राजस्व पिछले साल की इसी तिमाही के मुकाबले 34.7 प्रतिशत बढ़कर 726 करोड़ रहा। लाभ 138 प्रतिशत की साल-दर-साल वृद्धि के साथ 26 करोड़ दर्ज हुआ। पिछले चार सालों में, बैंक ने राजस्व में 44 प्रतिशत का मजबूत छ्त्तक्र प्रदान किया है। एयरटेल पेमेंट्स बैंक के एमडी और सीईओ, अनुब्रत बिस्वास ने कहा, इस साल दर्ज हुई मजबूत वृद्धि ने हमारे व्यवसाय का विस्तार और इसमें ग्राहकों का अटूट विश्वास प्रदर्शित किया है। हमारे सेफ सेकंड अकाउंट की पेशकश को लोगों ने तेजी से अपनाया है, जिससे डिजिटल भुगतान के लिए एक सुरक्षित वैकल्पिक बैंक खाते की बढ़ती जरूरत प्रदर्शित होती है। आज देश में हर दो घरेलू प्रेषणों में से एक और हर पाँच आधार-इनेबल्ड भुगतानों में से एक हमारे माध्यम से होता है। हम लगातार आगे बढ़ते हुए हर भारतीय को सरल व सुगम बैंकिंग समाधान प्रदान करने और डिजिटल अंतर को दूर करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## देश के एमएसएमई वाणिज्यिक ऋण पोर्टफोलियो में सालाना आधार पर 13 प्रतिशत की वृद्धि

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र के वाणिज्यिक क्रेडिट पोर्टफोलियो में वर्ष-दर-वर्ष 13 प्रतिशतकी वृद्धि दर्ज की गई, जिससे कुल क्रेडिट एक्सपोजर 31 मार्च 2025 तक 35.2 लाख करोड़ तक पहुँच गया। यह प्रवृत्ति मुख्य रूप से मौजूदा उधारकर्ताओं को ऋण आपूर्ति में वृद्धि के कारण देखने को मिली, ऐसा ट्रांसयूनियन सिबिल और सिडबी की मई 2025 की स्स्स्ध्ध पल्स रिपोर्ट में कहा गया है। एमएसएमई क्षेत्र में वे उधारकर्ता शामिल हैं जिनका क्रेडिट एक्सपोजर 50 करोड़ तक होता है। समग्र ऋण पोर्टफोलियो में वृद्धि के साथ-साथ बैलेंस-लेवल गंभीर चूक (90 से 720 दिन की बकाया राशि (डीपीडी) के रूप में मापी गई और सब-स्टैंडर्ड के रूप में रिपोर्ट की गई) में सुधार हुआ, जो कि पिछले पाँच वर्षों में सबसे निचला स्तर है।

**क्रेडिट प्रदर्शन मजबूत बना हुआ है, बैलेंस-लेवल डिलिंक्वेंसी में गिरावट दर्ज:** कुल एमएसएमई




बैलेंस-लेवल डिलिंक्वेंसी मार्च 2025 में घटकर 1.8 प्रतिशतहो गई, जो मार्च 2024 में 2.1 प्रतिशतथी – यानी 35 बेसिस प्वाइंट की गिरावट। इस सुधार का प्रमुख कारण 50 लाख से 50 करोड़ के एक्सपोजर वाले उधारकर्ता वर्ग में सुधार रहा। हालांकि, 10 लाख तक के एक्सपोजर वाले उधारकर्ता वर्ग में डिलिंक्वेंसी में हल्की वृद्धि देखी गई, जो मार्च 2024 में 5.1 प्रतिशतथी और मार्च 2025 में बढ़कर 5.8 प्रतिशतहो गई।

## कई साल बजता रहेगा भारत का डंका... फिच ने भी माना भारतीय इकॉनमी का लोहा, चीन को झटका

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत के लिए इकॉनमी के मोर्चे पर अच्छी खबर है। फिच रेटिंग्स ने साल 2028 तक भारत की औसत वार्षिक वृद्धि क्षमता का अनुमान बढ़ाकर 6.4 प्रतिशत कर दिया है। रेटिंग एजेंसी ने नवंबर 2023 में इसके 6.2 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था। फिच ने पांच साल के संभावित सकल घरेलू उत्पाद अनुमानों को अपडेट करते हुए कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था ने 2023 की रिपोर्ट के समय की हमारी अपेक्षा से अधिक मजबूती से वापसी की है। इससे वैश्विक महामारी के झटकों के कम प्रतिकूल प्रभाव के संकेत मिलते हैं। अपने अपडेटेड



पूर्वानुमान में फिच ने 2023-2028 के लिए भारत की औसत वृद्धि दर का अनुमान 6.2 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.4 प्रतिशत कर दिया है। इसमें कहा गया, फिच रेटिंग्स ने वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में शामिल 10 उभरती बाजार अर्थव्यवस्थाओं के लिए अगले पांच वर्षों के लिए अपने मध्यम अवधि संभावित जीडीपी अनुमानों को थोड़ा कम कर दिया है। रिपोर्ट में कहा गया, 'हमारा नया अनुमान जीडीपी भारित आधार पर 3.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है, जो नवंबर 2023 के हमारे पिछले आकलन चार प्रतिशत से कम है।'

**चीन को झटका:** इस बीच रेटिंग एजेंसी मूडीज ने भी एक गुड न्यूज दी है। एजेंसी का कहना है कि पिछले दशक में वैश्विक तेल मांग में वृद्धि को गति देने का काम भले ही चीन ने किया था लेकिन अगले दशक में भारत यह भूमिका निभाएगा। मूडीज ने एक रिपोर्ट में यह आकलन पेश किया है।

## नारियल तेल हुआ महंगा, कंपनियों ने एक साल में खूब बढ़ा दिए दाम

**नईदिल्ली, एजेंसी।** लगभग हर घर में इस्तेमाल होने वाली नारियल तेल की कीमत बढ़ गई है। पिछले एक साल में नारियल के तेल में 30 फीसदी से ज्यादा की बढ़ोतरी हुई है। इसका सबसे बड़ा कारण कच्चे सामान की कीमत में आई तेजी है। इस तेजी के कारण कंपनियों को नारियल के तेल की कीमत बढ़ानी पड़ी है। मारिको और डाबर जैसी कंपनियों ने पिछले एक साल में नारियल तेल की कीमतों में लगभग 40 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी की है। मारिको के एमडी और सीईओ सौगत गुप्ता का कहना है कि कमोडिटी की कीमतें अब लगभग स्थिर हो गई हैं। उनके अनुसार, अब कीमतों में बड़ी बढ़ोतरी होने की संभावना कम है। लेकिन अगर कोई अप्रत्याशित घटना होती है, तो कीमतें बढ़ सकती हैं। गुप्ता एफएमसीजी सेक्टर के लिए इस वित्तीय वर्ष में बेहतर ग्रोथ की उम्मीद कर रहे हैं।

### कच्चे माल की कीमत में तेजी

मारिको पैराशूट नारियल तेल बनाती है। नारियल तेल बनाने में इस्तेमाल होने वाला खोपरा एक महत्वपूर्ण कच्चा माल है। पिछले एक साल में खोपरा की कीमतें 40 से 50 प्रतिशत तक बढ़ गई हैं। इस वजह से मारिको को कीमतों में लगभग 30 प्रतिशत की बढ़ोतरी करनी पड़ी।

## लॉक्स एंड आर्किटेक्चरल सॉल्यूशन्स ने भारतीय घरों के लिए किफायती और अत्यधिक सुरक्षित मुख्य दरवाजे का लॉक ट्राइबोल्ट कॉम्पैक्ट लॉन्च किया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप (जीईजी) की इकाई लॉक्स एंड आर्किटेक्चरल सॉल्यूशन्स ने आज अपने ट्राइबोल्ट कॉम्पैक्ट सीरीज़ के लॉन्च की घोषणा की, जो भारतीय परिवारों के लिए उच्च सुरक्षा वाले मुख्य दरवाज़े के लॉक को सुलभ और किफायती बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। यह लॉक विशेष रूप से उन उपयोगकर्ताओं के लिए तैयार किया गया है जो पारंपरिक पैडलॉक या साधारण दरवाज़ा हार्डवेयर से अपग्रेड करना चाहते हैं। गोदरेज की विश्वसनीयता, मजबूती और नवाचार को अब एक कॉम्पैक्ट, स्टाइलिश और बजट फ्रेंडली डिज़ाइन में प्रस्तुत किया गया है। ट्राइबोल्ट कॉम्पैक्ट सीरीज़ तीन वेरिएंट्स – 1छ्य लैचबोल्ट, 1छ्य डेडबोल्ट, और 2छ्ट डेडबोल्ट के साथ ही दो आकर्षक फिनिश में टेक्सचर्ड ब्लैक, और टेक्सचर्ड ब्राउन में उपलब्ध है। ट्राइबोल्ट



कॉम्पैक्ट सीरीज़ कार्यक्षमता और डिज़ाइन का ऐसा संयोजन है जो भारतीय घरों की बढ़ती सुरक्षा आवश्यकताओं को पूरा करती है। लॉन्च के अवसर पर गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप (जीईजी) के बिजनेस हेड श्याम मोटवानी ने कहा, हमारा मानना है कि सुरक्षा किसी खास वर्ग का अधिकार नहीं, बल्कि हर परिवार का मूलभूत अधिकार होना चाहिए। एक सुविधा नहीं, बल्कि एक मानक होनी चाहिए। ट्राइबोल्ट कॉम्पैक्ट को खासतौर पर भारतीय घरों की रोजमर्रा की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है, ताकि ताकत, सरलता और सुविधा का आदर्श संतुलन बना रहे। यह परिवारों को बिना बजट पर बोझ डाले सुरक्षित महसूस कराने में सक्षम बनाता है। इसकी उपयोग में आसान डिज़ाइन और मजबूती यह दर्शाती है कि भरोसेमंद सुरक्षा सभी के लिए सुलभ होनी चाहिए। इस सोच को साकार करते हुए ट्राइबोल्ट कॉम्पैक्ट सीरीज़ कई व्यावहारिक और सुरक्षा-उन्मुख विशेषताओं के साथ आती है – जैसे कि कम रोशनी में भी आसान उपयोग के लिए रिवर्सिबल डिम्पल कीज़, जंगरोधी ऑल-ब्रास सिलिंडर, मजबूत 21द्धद्ध बोल्ट थ्रो, और एक पुलर रिंग, जो दुर्घटनावश लॉक हो जाने से बचाता है। ये फीचर्स इसे खासकर उन नवविवाहित जोड़ों और ग्रामीण उपभोक्ताओं के लिए आदर्श बनाते हैं, जो सुरक्षा और सरलता दोनों को महत्व देते हैं।

## विश्व के सबसे प्रख्यात रेकी हीलर, सेलिब्रिटी टैरो कार्ड रीडर और अंकशास्त्री आयुष गुप्ता भोपाल में अपने सेशन्स से सिखाएंगे अध्यात्म से जुड़ना

**भोपाल ।** अनंत ऊर्जा सफर एक ऐसी पहल है जिससे आप आध्यात्मिक रूप से खुद से जुड़ सकते है और यदि आप इसे अपने नियमित जीवन में लागू कर लें तो आपका जीवन ही बदल जाएगा। आजकल के नीरस जीवन में जहाँ हर व्यक्ति शारिरिक के साथ मानसिक कमजोरी का भी सामना कर रहा है उनके लिए अनंत ऊर्जा सफर एक नए जीवन कि शुरुआत करने जैसा है। भोपाल में 20 मई के बाद से अनंत ऊर्जा सफर के सेशन्स लिए जाएंगे जो



कि विश्व के सबसे युवा रेकी हीलर, सेलेब्रिटी टैरो कार्ड रीडर और अंकशास्त्री आयुष गुप्ता द्वारा लिए जाएंगे आयुष गुप्ता दुबई, नेपाल सहित दुनियाभर में अब तक रैकी हीलिंग के माध्यम से 1000 से भी अधिक लोगों का उपचार कर चुके है जिसमें कैंसर एवं कोमा जैसी गंभीर बीमारियों वाले मरीज भी शामिल है साथ ही आयुष ने 20000 से भी अधिक लोगों को टैरो कार्ड रीडिंग से उनके भविष्य की सही राह दिखाई है जिसमें कई सेलेब्रिटीज़ भी शामिल है।

## हायर सेकंडरी स्कूल सुरलाखापा में छात्रों को दिया जा रहा कृषि कार्य का प्रशिक्षण



**अमरवाड़ा ।** सुरलाखापा क्षेत्र में सत्र 2024-25 शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला में व्यवसायिक शिक्षा प्रदान की जा रही है, जिसका अध्ययन कर विद्यार्थी व्यवसाय सीख रहे हैं और आत्मनिर्भर बन रहे हैं। शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला सुरलाखापा की कक्षा 10वीं व 12वीं एग्रीकल्चर छात्राओं ने व्यवसायिक शिक्षा अंतर्गत मई माह में 20 दिवसीय आन दी जाब ट्रेनिंग ली। बच्चों को कृषि व्यवसाय संबंधी, खेत की तैयारी, नर्सरी प्रबंधन, सिंचाई प्रबंधन,एवं अन्य कृषि संबंधी जानकारियां विस्तार पूर्वक दी जा रही है। प्राचार्य श अमित कुमार जैन एवं कार्डिनेटर गगन वैद्य के मार्गदर्शन में व्यावसायिक प्रशिक्षक (वीटी) प्रवीण सूर्यवंशी द्वारा प्रशिक्षण कार्य करवाया जा रहा हैं।

## कच्ची महुआ की अवैध शराब जब्त

**अमरवाड़ा।** थाना अंतर्गत सिंगोडी चौकी के ग्राम पटनिया में कच्ची महुआ की शराब बिक्री होने पर मुख्यवीर की खबर पर पुलिस द्वारा भागलाल नामक व्यक्ति के घर के पिछवाड़े कच्ची महुआ की शराब बेचते हुए रंगे हाथ धर दबोचा आरोपी के पास से 10 लीटर कच्ची महुआ की शराब में जप्त कर आबकारी अधिनियम में प्रकरण पंजीबद्ध किया गया

## गौधुलि वृद्धाश्रम में नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण सह विधिक साक्षरता एवं जागरूकता

**छिन्दवाड़ा।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छिंदवाड़ा श्री सुशांत हुद्दार की उपस्थिति में आज गौधुलि वृद्धाश्रम छिंदवाडा में वृद्धजनों के लिये नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया।कार्यक्रम को संबोधित



करते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छिंदवाड़ा श्री हुद्दार ने कहा कि शिविर आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य आपको मिलने वाली भोजन, स्वास्थ्य एवं अन्य सुविधाओं की जानकारी लेना एवं उन्हें और अच्छा बनाना है। श्री हुद्दार ने कहा कि विगत माह आयोजित शिविर में आप लोगों के द्वारा व्यक्त किया गया था कि आपको नेत्रों से संबंधित समस्याएं हैं एवं नेत्र चिकित्सक से इलाज की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। इसके लिये आज इस नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। आप सभी वरिष्ठजन आवश्यक जांच कराकर शिविर का लाभ उठाएं।

## सांसद के प्रयासों से एक मरीज को मिली आर्थिक सहायता

**छिन्दवाड़ा।** मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान से आर्थिक सहायता के अंतर्गत छिन्दवाड़ा जिले के एक जरूरतमंद मरीज को सहायता राशि स्वीकृत की गयी है। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों जुन्नारदेव के ग्राम निमोटी निवासी नेमीलाल पिता भवूत कहार ने सांसद बंटी विवेक साहु से मुलाकात कर बीमारी हेतु आर्थिक सहायता के लिए गुहार लगायी थी। जिस पर सांसद श्री साहु ने संवेदनशीलता का परिचय देते हुए तत्काल ही मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान से आर्थिक सहायता के तहत राशि स्वीकृत करने के लिए पत्र प्रेषित करते हुए तत्काल ही राशि उपलब्ध कराने के लिए लिखा था। जिस पर मुख्यमंत्री कार्यालय भोपाल से त्वरित कार्यवाही करते हुए ग्राम निमोटी निवासी नेमीलाल पिता भवूत कहार को 60 हजार की राशि स्वीकृत की गयी है। राशि स्वीकृत होने पर जरूरतमंद मरीज ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं सांसद बंटी विवेक साहु का आभार व्यक्त किया है।

## इंदिरा गांधी शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में प्रवेश हेतु ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन प्रारंभ

**छिन्दवाड़ा।** इंदिरा गांधी शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय छिन्दवाड़ा के प्राचार्य श्री एस.एस.बघेल ने बताया कि इंदिरा गांधी शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय छिन्दवाड़ा में डिप्लोमा इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम के प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश के लिये अर्हकारी परीक्षा 10वीं के आधार पर प्रथम चरण की काउंसलिंग के रजिस्ट्रेशन डीटीई के एमपी ऑनलाईन पर प्रारंभ हो चुके है। प्रवेश नियम एवं अभ्यर्थियों के लिये महत्वपूर्ण निर्देश डीटीई के एमपी ऑनलाईन पोर्टल पर देखे जा सकते है। काउंसलिंग में सम्मिलित होने के पूर्व इनका सूक्ष्मता से अध्ययन कर लें तथा इसके अनुसार इच्छुक उम्मीदवार इस पोर्टल के माध्यम से अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते है। रजिस्ट्रेशन में त्रुटि सुधार 2 से 3 जून 2025 तक किये जा सकेंगे। संस्थाओं के प्राथमिकता का ऑनलाईन चयन, ऑनलाईन सत्यापन की सूचना प्राप्ति के बाद 05 जून 2025 तक चॉइस लॉक कर सकेंगे। चॉइस में परिवर्तन की सुविधा 04 से 05 जून 2025 तक रहेंगी। अंतिम चॉइस लॉक करने के बाद कॉमन मेरिट की उपलब्धता एमपी ऑनलाईन के पोर्टल पर 06 जून 2025 को होगी। आवंटन पत्रों की ऑनलाईन उपलब्धता एवं आवंटित संस्था में प्रवेश 10 से 15 जून 2025 को शाम 5 बजे तक किया जायेगा।

## ग्राम काजरा मंधान डेम तट पर श्रमदान कर की गई साफ-सफाई

**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार म.प्र.जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री अखिलेश जैन एवं तामिया विकासखंड समन्वयक श्री संजय बामने के मार्गदर्शन में विकासखंड तामिया के सेक्टर क्रमांक-03 ग्राम काजरा के मंधान डेम तट पर श्रमदान के माध्यम से तट पर जमा मिट्टी को मानव श्रृंखला बनाकर बाहर निकाला गया एवं स्वच्छता अभियान चलाकर आसपास जमा कचरे को भी बाहर निकाला गया, जिससे पानी का बहाव बराबर हो। इसके बाद ग्राम काजरा स्थित मंधान व्यू होम स्टे में जल गंगा संवर्धन अभियान पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें परामर्शदता श्री चन्द्रकान्त विश्वकर्मा ने जल गंगा संवर्धन अभियान और जल के महत्व व जल स्त्रोत को कैसे बचाया जाए के संबंध में सभी से चर्चा की।

# मतदान केंद्र पर अधिकतम 1200 रहेगी मतदाताओं की संख्या

### चुनावी प्रक्रिया सहित अन्य प्रक्रियाओं को सरल व सुलभ बनाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग की 18 नई पहल



**छिन्दवाड़ा।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन से जुड़ी प्रक्रियाओं को सरल व सुविधा जनक बनाने के लिए 18 नई पहल शुरू की गई है। आयोग द्वारा मतदान केन्द्र पर मतदाताओं की अधिकतम संख्या 1200 तक सीमित कर दी गई है। ऊंची इमारतों/कॉलोनियों में अतिरिक्त मतदान केंद्र स्थापित किए जाएंगे। मतदाता सूची अद्यतनीकरण के लिए, मृत्यु पंजीकरण का डेटा सीधे आरजीआई डेटाबेस से प्राप्त किया जाएगा। सत्यापन के बाद इसे अद्यतन किया जाएगा। मतदाता सूचना पर्चियों को मतदाताओं के लिए अधिक अनुकूल बनाया जाएगा। मतदाता की क्रम संख्या और भाग संख्या अब अधिक प्रमुखता से प्रदर्शित की जाएगी। सीईओ/डीईओ/ईआरओ स्तर पर अखिल भारतीय सर्वदलीय बैठकें आयोजित की गईं। 4 हजार 719 बैठकें आयोजित की गईं। इसमें (सीईओ-40/डीईओएस-800/ईआरओएस-3879) और 28,000 से अधिक राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों आप/भाजपा/बसपा/माकपा/एनपीपी के प्रमुखों के साथ चुनाव आयोग ने बैठकें की। आईआईआईडीईएम (बिहार, तमिलनाडु और पुडुचेरी) में राजनीतिक दलों के बूथ स्तर के एजेंटों के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम किया गया। सभी हितधारकों को एक ही स्थान पर सभी सेवाएं प्रदान करने के लिए नए एकीकृत डैशबोर्ड - ECINET की शुरूआत की गई। डुप्लिकेट ईपीआईसी नंबर के मुद्दे का समाधान किया गया। अद्वितीय ईपीआईसी नंबर के लिए नई व्यवस्था लागू की गई। मतदाता सूची तैयार करने और चुनाव कराने की पूरी प्रक्रिया में 28 हितधारकों की पहचान की गई, जिनमें जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950, 1951, मतदाता पंजीकरण नियम 1960, चुनाव संचालन नियम, 1961 और समय-समय पर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों के आधार पर मतदाता, चुनाव अधिकारी, राजनीतिक दल, उम्मीदवार और अन्य शामिल हैं। इनमें से प्रत्येक हितधारक के लिए आयोग के अधिनियमों, नियमों और निर्देशों के आधार पर प्रशिक्षण प्रस्तुतियाँ तैयार की जा रही हैं। बीएलओ से मानक फोटो पहचान पत्र प्राप्त किया जाएगा। आईआईआईडीईएम, नई दिल्ली में क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। 3000 से अधिक बूथ स्तरीय पर्यवेक्षकों को पहले ही IIIDEM में प्रशिक्षित किया जा चुका है। अगले कुछ वर्षों में 1 लाख से अधिक बीएलओ पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षित किया जाएगा। आईआईआईडीईएम में सभी 36 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के सीईओ कार्यालयों के एसएमएनओएस और एमएनओ के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। आईआईआईडीईएम में बिहार के पुलिस अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण आयोजित किया गया। बायोमेट्रिक उपस्थिति का कार्यान्वयन किया गया। ई-ऑफिस का संचालन और क्रियान्वयन के साथ ही सीईओ के साथ नियमित बैठकें की जा रही है।

# भरतनाट्यम कार्यशाला में कलाकारों ने दी आकर्षक प्रस्तुति





**छिंदवाड़ा।** भरतनाट्यम कार्यशाला उद्घाटन समारो एमएलबी गर्ल्स स्कूल छिंदवाड़ा में संपन्न हुआ, कार्यशाला 21 मई से 1 जून तक आयोजित है । जिसमें मुख्य अतिथि महापौर विक्रम आहके, शिव कुमार गुप्ता, गोविंद चौरसिया , भारत डोले, दिनेश भट्ट, स्मृति नम्रता चंदेल, गुलाबचंद वात्सल्य, पूर्व प्राचार्य सुरेंद्र ब्राउन एवं श्रीमती ब्राउन, गरिमा प्रतीक दामोदर जैसे प्रतिष्ठित अतिथि मौजूद थे। इस कार्यक्रम की खास बात यह थी ,कि कला संगम इंस्टिट्यूट ऑफ फाइन आर्ट्स के निर्देश अमित डोले ने बताया 10 छात्रों ने मंच पर अपनी पहली भरतनाट्यम प्रस्तुति दी है । इस अवसर पर महापौर विक्रम आहके ने कहा कि अमित डोले का यह सराहनीय है।, इससे छोटे-बड़े कलाकारों को प्रोत्साहन मिलेगा एवं शास्त्रीय नृत्य सीखने में आसानी होगी जो कार्यशाला बड़े शहरों में लगती है वह छिंदवाड़ा में लग रही है, भविष्य में ये कलाकार छिंदवाड़ा जिले के नाम रोशन करेंगे। ओशिन धारे ने संगीत प्रस्तुति दी, कृति भट्ट, रचना भट्ट ने जातिस्वरम नृत्य की प्रस्तुति दी,भूमिका दामोदर, अंकिता मंडल, आराधना पवार, वेदिका खास कलाम, मान्या पहाड़े ने श्री रामचंद्र भजन की प्रस्तुति देकर दर्शकों के दिन में भक्ति रस उत्पन्न किया, हंसवी बोरकर और दिशानी बोरकर ने कथक नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी, अरना बत्रा, आरोही राजपूत, दामोदर, वीरा यादव नन्हे मुन्ने बच्चों ने गणेश श्लोक प्रस्तुत किया। निकिता अहिरवार, अर्पिता, विभूति अव्सारे, रियांशि बघेल, आशिता ठेहरिया ने भद्रशैला नृत्य की प्रस्तुतिदी के साथ शाम को और भी खूबसूरत बना दिया।

# सिंगोड़ी सहकारी समिति में खाद बीज की किल्लत

### बारिश की फसलों की बोबनी को लेकर परमिट कटाने किसानो की लग रही सहकारी समिति में भीड़

**छिंदवाड़ा।** रासायनिक और उर्वरक खाद का सिंगोड़ी सहकारी समिति में बना भारी टोटा, जिला कलेक्टर से क्षेत्र के किसानों की मांग सिंगोड़ी सहकारी समिति में डीएपी यूरिया पोटाश सहित अन्य खाद की जल्द से जल्द उपलब्धता कराए ताकि समस्या का समाधान हो सके। सिंगोड़ी सेवा सहकारी समिति में डीएपी यूरिया पोटाश सहित अन्य खाद नहीं होने से किसान परेशान,समिति के प्रबंधक का कहना है कि रैक आने पर बचे हुए किसानों का परमिट काटा जाएगा फिलहाल खाद नहीं होने से किसान परेशान हो रहे है। लगभग 1600 किसान इस समिति में आते है जिनमें से लगभग 750 से भी अधिक किसानों को परमिट जारी कर खाद बीज दिया गया बाकी बचे किसानों को भी उपलब्धता के अनुसार प्रदाय किया जाएगा किंतु अभी कुछ भी नहीं है किसानों का कहना है कि इतना बड़ा किसानी क्षेत्र होने के बाबजूद भी छिंदवाड़ा डीएमओ से खाद की उपलब्धता समय पर नहीं की जा रही है जिससे किसानों को भारी परेशानी हो रही है यदि बारिश प्रारंभ होती है तो किसान बोवनी में लग जाएंगे किंतु डी ए पी ,यूरिया खाद नहीं होने से सभी किसान परेशान हो रहे है। भीषण गर्मी में किसान सोसायटी के चक्कर लगा रहा है किंतु उनकी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है सिंगोड़ी सहकारी समिति में खाद नहीं होने से किसान बहुत परेशान है। यदि समय पर खाद की उपलब्धता नही की गई तो सारे क्षेत्र के किसान आंदोलन करने को मजबूर होंगे इसलिए शासन प्रशासन से खाद बीज की तुरंत उपलब्धता की मांग किसानों ने की है।

## नाबालिग बालिका को पुलिस ने नागपुर से दस्तायब कर परिजनों को किया सौंपा

**छिंदवाड़ा।** पुलिस अधीक्षक छिन्दवाडा अजय पाण्डेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक छिन्दवाडा श्री आयुष गुप्ता के निर्देशन तथा अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) परासिया श्री जितेन्द्र जाट के नेतृत्व मे थाना उमरेठ के अपराध क्र.146/24 धारा 363 ताहि की नाबालिग बालिका घटना दिनांक 29.04.24 को बिना बताये कही चली गई थी, जिसकी रिपोर्ट दिनांक 30.04.24 को परिजनो के द्वारा थाना मे लिखाने पर उक्त अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना के दौरान दस्तयाब कर बालिका को उसके माता- पिता (परिजन) के सुपुर्द किया गया। थाना प्रभारी निरी. विजय राव माहोरे, उप निरी अंजना मरावी, सउनि नितेश ठाकुर,आर. जगदीश एवं सायबर सेल से प्र.आर. नितिन सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही ।

# कलेक्टर के लापरवाह निर्माण एजेंसियों पर कार्यवाही के निर्देश दिए

### विभिन्न विभागों के निर्माण कार्यों की समीक्षा



**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने गुरुवार को कलेक्टर कार्यालय के मिनी सभाकक्ष में विभिन्न विभागों के निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक ली। यह बैठक दो सत्रों में आयोजित की गई थी जिसमें प्रथम सत्र में सड़क संबंधी विभागों में लोक निर्माण विभाग, सेतु निर्माण, एम.पी.रोड डेव्लपमेण्ट कार्पोरेशन, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना आदि के अधिकारियों के साथ प्रगतिरत एवं नवीन स्वीकृति कार्यों में प्रगति की समीक्षा की गई, तो वहीं दूसरे सत्र में भवन एवं अन्य निर्माण कार्यों से संबंधित विभागों में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, जल निगम, पी.आई.यू., हाउसिंग बोर्ड, म.प्र. भवन विकास निगम, स्वास्थ्य विभाग, म.प्र.पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी, ट्राइबल व शिक्षा विभाग के अंतर्गत निर्माणाधीन और प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा की गई। उन्होनें सभी विभागों को सख्त निर्देश दिये कि सभी निर्माण कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूरे हों।

### लापरवाह ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट करने के निर्देश

कलेक्टर सिंह ने सड़क निर्माण से संबंधित विभागों की समीक्षा के दौरान स्पष्ट रूप से कहा कि सड़क निर्माण से पर्यटन को बढ़ावा मिलता है, इसलिए सभी विभाग समय-सीमा का पालन करते हुए गुणवत्ता पूर्ण कार्य करें। उन्होंने कार्यवार प्रगति की गंभीरता से समीक्षा की और जिन कार्यों में विलंब हो रहा है, उन्हें शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। श्री सिंह ने यह भी निर्देशित किया कि जो ठेकेदार समय पर कार्य पूरा नहीं कर पा रहे हैं, उनके विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाए, उन्हें ब्लैकलिस्ट किया जाए। उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क विभाग में मोदी ट्रेडर्स कंपनी द्वारा निर्माण कार्य में गति नहीं लाने और लापरवाही पर कंपनी को ब्लैकलिस्ट करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए कि मार्गों का मजबूतीकरण और नवीनीकरण कार्य गति और गुणवत्ता के साथ निर्धारित टाइम लिमिट में पूरे किए जाएं।

### विलंब करने वाले संविदाकारों के अनुबंध होंगे निरस्त

बैठक में कलेक्टर सिंह ने विलम्ब से चल रहे निर्माण कार्यों वाले संविदाकारों के भी अनुबंध निरस्त करते हुए ब्लैकलिस्ट करने के निर्देश दिए है। तामिया जुन्नारदेव मार्ग की गुणवत्ता की प्रशंसा करते हुए, इसी तर्ज पर अन्य मार्गों में भी कार्य कराने के लिए सभी विभागों को निर्देश दिए। पुल निर्माण संबंधित कार्यों में गति लाते हुए वर्षाकाल के पूर्व पुल पर आवागमन प्रारंभ कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए है। दूसरे सत्र में भवन एवं अन्य निर्माण कार्यों से जुड़े विभिन्न विभागों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई और सभी निर्माण कार्य गति और गुणवत्ता के साथ समय पर पूरे करने के निर्देश दिए। पूर्ण हो चुके कार्यों में नवीन भवन संबंधित विभाग को हैंडओवर करने के निर्देश भी दिए हैं।

# महिला एवं बाल विकास विभाग ने जारी किए बाल पोषण-स्वास्थ्य सेवा के लिए विभिन्न हेल्पलाइन नंबर

**छिन्दवाड़ा।** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास छिंदवाड़ा ने बताया कि छिन्दवाडा जिले में व्यापक बाल विकास के लिये विभिन्न हेल्पलाइन नंबर साझा किये जा रहे हैं। उन्होंने सभी जिलेवासियों से अपील की है कि इन हेल्पलाईन नंबरों के माध्यम से आप सभी अपने परिवार में बच्चों को एक सुपोषित एवं स्वास्थ्य परिवर्तित जीवन जीने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। यह भारत के प्रधानमंत्री की विकासशील भारत पहल में हमारा विनम्र योगदान होगा। उन्होंने बताया कि फ्रीक क्लबफुट उपचार के लिये एवं बच्चों के अन्दर की ओर मुडे हुये पैर की बीमारी के लिये मोबाईल नंबर-8800020501 व वेबसाइट है । वर्तमान में 448 नामित साप्ताहिक क्लबफुट क्लीनिक हैं और क्योर इंडिया क्लबफुट के लिए उपचार की सुविधा प्रदान करता है।

3-5 वर्ष के विकलांग बच्चों को मुख्यधारा की शिक्षा में नामांकित करने के लिये मोबाईल नंबर-8300020502 व वेबसाइट तथा छिन्दवाडा जिले में बच्चों के प्रशिक्षित समन्वयक माता-पिता को उनके दोष और विकास में देरी वाले बच्चों को शिक्षा के लिए नामांकित करने हेतु मार्गदर्शन के लिये हेल्पलाईन है। इनमें से कई बच्चे अपनी पढ़ाई शुरू कर सकते हैं। जब वे तीन वर्ष के हो जाएं तो उन्हें मुख्यधारा की शिक्षा मिलनी चाहिए। भूख और कुपोषण को कम करने के लिए गांवों में सार्वजनिक स्थानों पर पोषण वन या सार्वजनिक उद्यान पोषण वाटिका स्थापित करने के लिये पोषण वन सार्वजनिक बाग पोषण वाटिका स्थापित करके भूख और कुपोषण को समाप्त कर सकते हैं। इस पहल से सबसे कमजोर बच्चों और बुजुर्गों के लिए हर मौसम में पोषण उपलब्ध और सुलभ हो सकेगा। बच्चों में मोटापे और जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों की रोकथाम के लिये वेबसाइट पर संपर्क किया जा सकता है। बच्चों का वजन अस्वास्थ्यकर रूप से बढ़ रहा है, जिसके परिणामस्वरूप मोटापा बढ़ता है और जीवनशैली से जुड़ी बीमारियाँ होती हैं। इन हेल्पलाईन का उपयोग करके जनसामान्य अपने बच्चों को उनकी समस्या से संबंधित हेल्पलाईन पर कॉल करके मार्गदर्शन एवं उचित समाधान प्राप्त कर सकते हैं।

## जन सहयोग से तालाब का नवीनीकरण कार्य किया गया प्रारंभ

छिन्दवाड़ा। पांढुर्णा कलेक्टर श्री अजय देव शर्मा के निर्देशानुसार म.प्र.जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री अखिलेश जैन एवं विकासखंड समन्वयक श्री दिलीप आठनेरे के कुशल मार्गदर्शन में जल संरक्षण एवं जल संवर्धन के लिए विकासखंड पांढुर्णा की ग्राम पंचायत खेड़ीकला के अंतर्गत ग्राम खेड़ी पाँडेवार के पास में स्थित क्षतिग्रस्त तालाब के नवीनकरण एवं जीर्णोद्धार के लिये क्षेत्र के ग्रामीण किसानों द्वारा जन सहयोग से तालाब के नवीनीकरण के लिये पूजन कर कार्य प्रारंभ किया गया । इस तालाब का जीर्णोद्धार 2018 में भी किया गया था, जिसमें जन भागीदारी से क्षतिग्रस्त तालाब को दुरुस्त किया एवं वर्षा जल को अधिक से अधिक संधारित किया गया, जिससे तालाब के क्षेत्र से लगभग 10-15 किलोमीटर के क्षेत्र में आने वाले ग्रामीण किसानों को लाभ हुआ ।

# चौधरी चन्द्रभान सिंह को बधाई देने वालों का लगा तांता





**छिंदवाड़ा।** पूर्व मंत्री चौधरी चन्द्रभान सिंह के जन्मदिन पर बधाई देने वालों का ताता सुबह से लेकर देर रात तक चलता रहा, घर से लेकर वृद्धावन लॉन में जिले भर के लोगों ने उन्हें बधाइयां दी।

## राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय के स्नातक कक्षाओं के परीक्षा परिणाम घोषित







**छिंदवाड़ा।** राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय के स्नातक कक्षाओं के परीक्षा परिणाम घोषित हुए जिसमें इंदिरा प्रियदर्शिनी महाविद्यालय में क्रस्ट्र. तृतीय वर्ष के परिक्षा परिणामों में छात्राओं ने मारी बाजी 8.32 ष्टत्नक्कके साथ आयशा नदीम ने प्रथम स्थान 8.08 ष्टत्नक्कके साथ मनिका भायदे ने द्वितीय स्थान एवं सृष्टि कराड़े ने 7.98 ष्टत्नक्कके साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया । इसके अतिरिक्त समस्त विद्यार्थियों प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। विधार्थीयों के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ जैमिनी खानवे विभाग प्रमुख डॉ आर .के झा प्रो अनु झा अंकिता सिंह, अकांक्षा लाजिवार, रश्मि महोबिया एवं समस्त महाविद्यालय परिवार ने उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की।

## मप्र राज्य स्तरीय कोल जनजाति विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष रामलाल रौतेल का आज आगमन

**छिन्दवाड़ा।** कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त म.प्र. राज्य स्तरीय कोल जनजाति विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री रामलाल रौतेल 23 मई 2025 को प्रातः11.30 बजे छिंदवाड़ा पहुंचेंगे और स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेने के बाद रात्रि विश्राम करेंगे। इसके बाद अध्यक्ष श्री रौतेल 24 मई 2025 को प्रात- 8 बजे छिंदवाड़ा से अनूपपुर के लिये प्रस्थान करेंगे।

# शालेय खेल गतिविधियों के आयोजन की रूपरेखा हेतु संभागीय बैठक हुई



**छिंदवाड़ा।** लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल द्वारा दिए गए निर्देशों के परिपालन में जबलपुर व शहडोल संभाग के क्रीडा अधिकारियों की बैठक का आयोजन खेल युवक कल्याण विभाग के हॉल में किया गया बैठक की अध्यक्षता संयुक्त संचालक लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल श्री आलोक खरे ने की। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी जी.एस.बघेल ,सहायक संचालक खेल जबलपुर संभाग आशा सिसोदिया, सहायक संचालक खेल शहडोल संभाग रईस अहमद सहित संभागों के जिला क्रीड़ा अधिकारी व खेल विशेषज्ञ विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक के दौरान सत्र 2025 -26 में होने वाली जिला ,राज्य व राष्ट्रीय स्तर की खेलकूद प्रतियोगिताओं को व्यवस्थित संचालित किए जाने हेतु रूपरेखा तैयार की गई। बैठक के आरंभ में डीईओ श्री जी एस बघेल ने स्वागत भाषण व प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। संयुक्त संचालक डीपीआई भोपाल श्री आलोक खरे ने निर्देश दिए की खेल प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु खिलाड़ी छात्र-छात्राओं को स्पोर्ट्स मैनेजमेंट में अनिवार्य रूप से पंजीयन कराना होगा, इसके अभाव में वे प्रतियोगिता में शामिल नहीं हो सकेंगे । आगामी सत्र में 15 जुलाई से 30अगस्त तक जिला स्तर 15 अगस्त से 30सितंबर तक राज्य तथा नवंबर माह के अंत तक राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन होगा। बैठक में प्रभारी जिला क्रीड़ा प्रताप सिंह इवनाती,आशा लता माहुले, राकेश चौरसिया, संजीव आनदेव ,आनंद गिरिपूंजे, उर्मिला उपाध्याय, फिरोज खान सहित विभिन्न विकास खंड के खेल प्रभारी व खेल शिक्षक उपस्थित रहे।

# 4 वाहनों से लिया गया 76209 रुपये का जुर्माना

### मोटरयान कर बकाया एवं फिटनेस की वैधता समाप्त पाये जाने पर वाहन जब्त किया




**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में परिवहन विभाग के जांच दल द्वारा आज छिन्दवाड़ा-नरसिंहपुर मार्ग पर यात्री वाहनों एवं अन्य वाहनों की सघन जाँच की गई। जांच के दौरान वाहनों के दस्तावेज जैसे वाहनों के परमिट, फिटनेस, बीमा, प्रदूषण प्रमाण पत्र एवं वाहन चालक का वैध लाइसेंस आदि की जांच की गई। जिन वाहनों के दस्तावेजों में कमियां पाई गई ऐसे वाहनों पर चालानी कार्यवाही की गई। अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी छिंदवाड़ा अनुराग शुक्ला ने बताया कि छिन्दवाड़ा-नरसिंहपुर मार्ग में वाहनों की चैकिंग की गई एवं इस दौरान यात्री वाहन क्रमांक एमपी 15 पीए 0599 का म.प्र. मोटरयान कर बकाया होने एवं बिना वैध परमिट फिटनेस के संचालित पाये जाने पर वाहन जप्त कर सुरक्षार्थ परिवहन कार्यालय छिंदवाड़ा परिसर में खड़ा कराया गया। चैकिंग के दौरान जिन वाहनों में दस्तावेजों की कमियां पाई गई तथा मोटरयान अधिनियम का उल्लंघन करते पाये जाने वाले 4 वाहनों से 76209 रूपये का जुर्माना लिया गया। साथ ही वाहन संचालकों को समझाईश दी गई कि मोटरयान अधिनियम 1988 के प्रावधानों का उल्लंघन पाये जाने पर विधि अनुसार कठोर कार्यवाही की जायेगी तथा यात्री बसों के संबंध में उन पर आच्छादित अनुज्ञा पत्र को निरस्त करने की भी कार्यवाही की जायेगी।

## छेंड़ी की जगह को लेकर हुआ विवाद

**अमरवाड़ा।** थाना अंतर्गत राजा कोह ढाना में राम कुमार पाटिल मजदूर के पड़ोस में रहने वाले खेमचंद नामक व्यक्ति का मकान बन रहा है रामकुमार ने खेम चंद जैसे कहा कि जैसे मैंने छेडी की जगह छोड़ा है वैसे तुम भी 2 फीट जगह छोड़कर मकान का काम शुरू करो बातचीत के दौरान खेम चंद के साले रवि एवं अनिल सरेआम रामकुमार पाटिल से कहने लगे कि हम तुम्हारे मकान से चिपक कर ही मकान बनाएंगे कोई जगह नहीं छोड़ेंगे कहकर मां बहन की गंदी गंदी गाली देने लगे रामकुमार पाटिल ने गाली देने से मना किया तो रवि सरेआम एवं अनिल दोनों ने मिलकर रामकुमार को पटक पटकर हाथ मुक्का से मारपीट किया जिससे रामकुमार के सिर एवं गर्दन में गंभीर चोटें आई पड़ोसियों ने आकर झगड़े का बी बचाव किया तभी रवि और उसके अनिल वहां से जाते-जाते रामकुमार को बोल रहे थे कि आज तो बच गया अगर छेड़ी छोड़ने की बात करेगा तो जान से खत्म कर देंगे रामकुमार की रिपोर्ट पर पुलिस द्वारा मारपीट एवं जान से मारने की धमकी किया मामला दर्ज किया।



त्वरित टिप्पणी - सांध्यप्रकाश

जी. के. छिब्बर

## शिक्षण संस्थान यौन उत्पीड़न रोकथाम कानून का गंभीरता से पालन करें

महिला आयोग ने अपनी रिपोर्ट में स्कूल ,कॉलेज ,शिक्षण संस्थानों एवम कोचिंग संस्थानों को पॉश एक्ट 2013 अर्थात यौन उत्पीड़न रोकथाम कानून के प्रावधानों का गंभीरता से पालन करने की अनुशंसा की है जिसके अंतर्गत आंतरिक जांच समिति का गठन अनिवार्य है जिसकी अध्यक्ष महिला हो और आधे सदस्य महिला होना आवश्यक है सभी संस्थानों को इस यौन उत्पीडन रोकथाम कानून की जानकारी सभी छात्र छात्राओं को कार्यशालाएं और सेमीनार के माध्यम से प्रत्येक वर्ष देना आवश्यक है आंतरिक समिती के अध्यक्ष और सदस्यों के नाम और दूरभाष नम्बर संस्थानों के सूचना पटल पर प्रदर्शित होना आवश्यक है जिसमे हेल्प लाइन नंबर ई मेल भी हो आंतरिक जांच समिती के सदस्य भी कानून के जानकार और प्रशिक्षित होना चाहिए और उनका भी प्रशिक्षण होते रहना चाहिए ओर इस यौन उत्पीडन रोकथाम अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार इसकी वार्षिक रिपोर्ट भी जिला प्रशासन को प्रेषित की जानी चाहिए इसके उलंघन पर संस्थान को 50 हजार रुपए का आर्थिक दंड भी किए जाने प्रावधान है इसलिए यौन उत्पीडन रोकथाम कानून का पालन और प्रचार प्रसार आवश्यक है । यहां यह उल्लेख करना आवश्यक है की महिला और बाल विकास विभाग राज्य महिला आयोग को भी महिलाओं के संरक्षण के कानूनों का कार्यशालाएं और सेमिनार निरंतर करना चाहिए एनजीओ से भागीदारी कर जागरूकता अभियान चलाना चाहिए यह भी दुर्भाग्यपूर्ण है की महिला आयोग और बाल आयोग में भी पूरे सदस्य नहीं है और हम देवी अहिल्या बाई के 300 वर्षगाठ पर महिला सशक्तीकरण दिवस मनाने जा रहे हैं केवल कानूनों के निर्माण से कुछ नही होगा कानून के निष्पादन की प्रक्रिया और प्रभावशीलता पर को गंभीरता से कदम उठाने होंगे ।

# भोपाल में पेड़ से टकराई कार, 3 की मौत

## गाड़ी के परखच्चे उड़े, एयरबैग फटे; चेसिस टूटने से दो हिस्सों में बंट गई

**भोपाल।** भोपाल के बैरागढ़ में एक तेज रफ्तार कार पेड़ से टकरा गई। हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। एक अन्य घायल है। मृतकों की पहचान प्रीत आहूजा, विशाल डाबी और पंकज सिसोदिया के रूप में हुई है। प्रीत कपड़े की दुकान चलाता था। विशाल उसी की दुकान में काम करता था। हादसे में घायल राहुल कंडारे को चिरायु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एक्सीडेंट चिरायु अस्पताल के पास गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों का आरोप है कि पुलिस और एम्बुलेंस सूचना देने के करीब एक घंटे बाद मौके पर पहुंची। MP04 EA 6004 नंबर की पोलर व्हाइट कलर की हुन्डई वेन्यू कार प्रीत आहूजा के भाई कमलेश आहूजा के नाम पर रजिस्टर्ड है।

### 120 किमी/घंटा से ज्यादा थी स्पीड

पुलिस का अनुमान है कि हादसे के समय कार की स्पीड 120 किमी प्रति घंटे से ज्यादा रही होगी। आम तौर पर स्पीड 100 से 120 किमी प्रति घंटे पर होती है तो हादसे के वक्त एयरबैग फटते नहीं है। इस हादसे में कार के एयरबैग



तक फट गए हैं। पेड़ से टकराने से पहले कार ने सड़क किनारे गुमटी को भी टक्कर मारी थी। टक्कर के बाद कार दो टुकड़ों में बंट गई। चेसिस भी टूट गया। डैशबोर्ड के नीचे विशाल और प्रीत फंस गए थे। गेट और डैशबोर्ड को काटने के बाद उनकी बॉडी निकाली जा सकी। इस पूरी कवायद में एक घंटे से ज्यादा का समय लगा।

### होटल में खाना खाने सीहोर गए थे

परिजन ने बताया- चारों युवक सीहोर के दरबार होटल में खाना खाने गए थे। लौटते समय इंदौर-भोपाल हाईवे पर कार पेड़ से टकरा गई। गाड़ी प्रीत चला रहा था। विशाल उसके बगल वाली जबकि राहुल और कमलेश पीछे की सीट पर बैठे थे। विशाल और प्रीत 12वीं क्लास तक पढ़े थे। पंकज 8वीं के बाद पढ़ाई छोड़ चुका था। तीनों स्कूल फ्रेंड थे। प्रीत घर से बिना बताए ही बड़े भाई की गाड़ी लेकर निकला था।

### पंकज की मौत से पिता बेसहारा हुए

पंकज परिवार का एकलौता सहारा था। बीमारी के चलते उसकी मां की मौत हो चुकी है तो पिता नेत्रहीन हैं। बड़ी बहन की शादी हो चुकी है। पिता की देखरेख का जिम्मा पंकज पर ही था।




हत्या के विरोध में नेहरू नगर रहवासियों ने कमला नगर थाने का घेराव कर प्रदर्शन किया ।

## सुफ़ियान अली कुरैशी बने सपा के राष्ट्रीय सचिव



**भोपाल।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा सुफ़ियान अली कुरैशी को राष्ट्रीय सचिव नियुक्त किए जाने पर भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया। इससे पूर्व सुफ़ियान कुरैशी ने भारी काफिले और सैकड़ों समर्थकों के साथ रोड शो करते हुए समाजवादी पार्टी मुख्यालय पहुंचे। इस अवसर पर सुफ़ियान ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्षअखिलेश यादव जी का शुक्रिया अदा किया और अपनी इस जिम्मेदारी को दिलों जान से निभाने का वादा किया। कुरैशी ने कहा कि भाजपा नेताओं द्वारा सेना और समाजवादी नेताओं का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने मांग की कि उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा और भाजपा मंत्री को तत्काल प्रभाव से निष्कासित किया जाए। सुफ़ियान अली कुरैशी और प्रदेश अध्यक्ष मनोज यादव ने राज्यपाल को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की। कुरैशी ने कहा कि अगर इन नेताओं को बर्खास्त नहीं किया गया तो आने वाले चुनाव में जनता इन्हें सबक सिखाएगी।

## 5 साल में 2.5 लाख सरकारी पद भरेंगे, एक लाख युवाओं को मिलेगी सरकारी नौकरी

**भोपाल।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि नर्मदापुरम जिले की भूमि उपजाऊ एवं समृद्ध है, यहां कृषि आधारित उद्योग लगानें के लिए शासन कृत संकल्पित है। नर्मदापुरम जिले के विकास में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जाएगी। नर्मदापुरम में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजित कर निवेश को प्रोत्साहित किया गया है। आने वाले समय में नर्मदापुरम जिला एक औद्योगिक विकसित जिला बनेगा। मुख्यमंत्री ने सिवनी मालवा में 97.07 करोड़ के 31 कार्यों का लोकार्पण एवं 102.94 करोड के 48 कार्यों का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने सिवनी मालवा में खेल स्टेडियम बनाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने उपस्थित लोगो को संबोधित करते हुए कहा कि नर्मदपुरम जिला एतिहासिक एवं धार्मिक दृष्टी से महत्वपूर्ण जिला है। हमारे देश की पहचान कृषि से होती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किसानों, युवाओं, महिलाओं एवं श्रमिक सभी वर्ग के लिए योजनाऐं बनाई है। मध्यप्रदेश शासन भी गरीब वर्गो के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने भारतीय सेना के




पराक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना ने दुश्मनों को परास्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी संस्?कृती जियो और जीने दो पर आधारित है। पूरी पृथ्वी हमारा परिवार है।

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि हमारा प्रदेश देश के मध्य में है इसलिए हमारी जवाबदेही और जिम्मेदारी ज्यादा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश शासन ने इस बार 2600 रूपए प्रति क्विंटल के मान से किसानों से गेहूं खरीदा है। आने वाले समय में हम 5 लाख के सोलर पंप पर 90 प्रतिशत राशि का अनुदान देंगे। सोलर पंप में जो मीटर लगेगा उससे किसानों को फ्री में बिजली मिलेगी और आने वाले समय में सरकार किसानों से बिजल खरीदेगी भी। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि 26 मई को नरसिंहपुर जिले में किसान उद्योग समागम मेले का आयोजन किया जाएगा। 3 दिवसीय इस मेले में अत्याधुनिक कृषि यंत्रों का प्रदर्शन किया जाएगा। आने वाले समय में रीवा सतना और चंबल में भी ऐसे ही मेले आयोजित किये जाऐंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि शासन ने हर खेत में सिंचाई हेतु पानी पहुचाने का संकल्प लिया है। पहले प्रदेश के 7 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा भी जिसे बढ़ाकर 55 लाख हेक्टेयर में सिंचाई क्षमता विकसित कर ली गई है। आने वाले समय में 100 लाख हेक्टेयर में सिंचाई के लिए जल उपलब्ध कराया जाएगा।

ससुराल या पैतृक पंचायत में नहीं होगा तबादला

## एक पंचायत में दस साल से पदस्थ सचिवों को सबसे पहले हटाएगी सरकार

**भोपाल।** तबादले के लिए बचे नौ दिन की समय सीमा के बीच पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग ने पंचायत सचिवों के लिए तबादला नीति जारी की है। इस नीति में कहा गया है कि एक ही पंचायत में दस साल की समय अवधि पूरी कर चुके पंचायत सचिवों के तबादले सबसे पहले होंगे। कोई भी पंचायत सचिव अपनी पैतृक पंचायत या ससुराल में पदस्थ नहीं किया जा सकेगा। साथ ही अंतर जिला तबादले के लिए जहां से तबादला होना है और जहां के लिए होना है, उन दोनों ही जिलों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत की एनओसी होना अनिवार्य तय किया गया है। पंचायत सचिवों के तबादले को लेकर जारी एक अन्य निर्देश में कहा गया है कि नियमित पंचायत सचिवों की स्थानांतरण नीति में जिले के भीतर ट्रांसफर में यह व्यवस्था भी लागू रहेगी कि जो पंचायत सचिव एक ही ग्राम पंचायत में पिछले दस साल या अधिक समय से पदस्थ हैं उनका ट्रांसफर किया जाएगा। जिला संवर्ग में कार्यरत सचिवों की संख्या का 10त्न ही ट्रांसफर इस कैटेगरी में किया जा सकेगा। जिन सचिवों को एक ही पंचायत में दस साल हो चुके हैं उनका तबादला पहले किया जाएगा।

### जिले के भीतर प्रभारी मंत्री के अनुमोदन के बाद तबादला

पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग द्वारा जारी नीति में कहा गया है कि ग्राम पंचायतों में सचिवों का जिले के भीतर तबादला कलेक्टर द्वारा प्रभारी मंत्री के अनुमोदन के बाद किया जा सकेगा। तबादला आदेश मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा जारी किया जाएगा।

### इस आधार पर होंगे पंचायत सचिवों के तबादले

कलेक्टरों को दिए निर्देश में कहा गया है कि यदि किसी ग्राम पंचायत में सचिव का नातेदार सरपंच या उप सरपंच चुन लिया गया है तो ऐसी स्थिति में ग्राम पंचायत से सचिव का तबादला दूसरी ग्राम पंचायत में किया जाएगा। तबादले के बाद नई पदस्थापना वाली ग्राम पंचायत में सचिव का नातेदार सरपंच या उपसरपंच नहीं होना चाहिए। किसी भी पंचायत सचिव को उसके पैतृक ग्राम पंचायत या उसके ससुराल की ग्राम पंचायत में पदस्थ नहीं किया जाएगा। अन्तर जिला तबादले को लेकर जारी नीति में कहा गया है कि केवल स्वैच्छिक आवेदन पर ही तबादले किए जा सकेंगे।

## सरकार ने मेट्रो प्रोजेक्ट में तुर्किए की असिस गार्ड समेत अन्य कंपनियों की सूची मांगी

**भोपाल।** भोपाल और इंदौर मेट्रो प्रोजेक्ट के ऑटोमेटिक फेयर कलेक्शन (एफसी) सिस्टम में तुर्किए की कंपनी असिस गार्ड को दिए गए ठेके को लेकर सरकार गंभीर है। राज्य सरकार ने अब इस मामले में गंभीरता दिखाते हुए मेट्रो कंपनी से यह जानकारी मांगी है कि असिस गार्ड या उससे जुड़ी कितनी अन्य कंपनियों को कार्य सौंपा गया है। सूत्रों के अनुसार, सरकार इस बात की सत्यापन प्रक्रिया शुरू कर चुकी है कि क्या असिस गार्ड जैसी अन्य कितनी कंपनियां मेट्रो परियोजना में शामिल हैं और क्या इन कंपनियों का कहीं कोई संदिग्ध या भारत विरोधी संपर्क तो नहीं है। बता दें, भोपाल और इंदौर में मेट्रो परियोजना के टिकट कलेक्शन और किराया प्रणाली



का ठेका 186 करोड़ रुपये में तुर्किए की असिस गार्ड कंपनी को दिया गया था। इस ठेके के तहत कंपनी को पूरी किराया वसूली प्रणाली विकसित और संचालित करनी है। लेकिन जैसे ही इस कंपनी की सिस्टर कंपनी पर भारत विरोधी गतिविधियों में ड्रोन सप्लाई की जानकारी सामने आई, मामला गरमा गया। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने इस संबंध में इंदौर में बड़ा बयान देते हुए कहा था कि तुर्किए की असिस गार्ड ग्रुप की एक कंपनी, जिसकी सिस्टर कंपनी ड्रोन निर्माण में संलग्न है, उसके बनाए ड्रोन हाल ही में भारत विरोधी गतिविधियों में प्रयोग किए जाने के आरोप हैं। यदि यह पाया गया कि इनका कोई भी संबंध प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से भारतविरोधी तत्वों से रहा है, तो सरकार अनुबंध तत्काल प्रभाव से निरस्त करेगी। सरकार के समक्ष चुनौती यह भी है कि यदि ठेका रद्द किया जाता है तो इतने कम समय में किसी अन्य सक्षम एजेंसी को यह कार्य सौंपना आसान नहीं होगा। इंदौर मेट्रो ट्रायल के लिए तैयार है, जबकि भोपाल मेट्रो को चालू होने में चार से पांच माह लग सकते हैं। ऐसे में सरकार ने अन्य वैकल्पिक कंपनियों की संभावनाएं भी तलाशना शुरू कर दिया है। इस मामले में नगरीय प्रशासन विभाग के आयुक्त् संकेत एस भोंडवे ने कहा कि उन्होंने असिस जैसी अन्य कंपनियों की जानकारी मांगी है।

## मध्यप्रदेश में निवेश सिर्फ़ इवेंट बनकर रह गया: उमंग सिंघार



**भोपाल।** नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने मध्यप्रदेश सरकार पर झूठे वादे करने के आरोप पत्रकार वार्ता में लगाए। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 14 मई को बेंगलुरु में इनवेस्ट एवं एमपी में 70935 करोड़ रुपये के निवेश और 18,975 नौकरियों के वादे किए। लेकिन ज़मीनी सच्चाई कुछ और है। मध्यप्रदेश में निवेश सम्मेलन ऐसे हैं जैसे शादी के कार्ड बांटे जाएँए लेकिन दूल्हा.दुल्हन का अता.पता ही न हो सरकार ने 18 नई औद्योगिक नीतियों और बीईएमएल जैसे उदाहरणों का हवाला दिया, लेकिन जीआईएस 2025 में घोषित 30.77 लाख करोड़ के निवेश प्रस्तावों में से कितने धरातल पर आए हैं इसका जवाब अब तक नहीं मिला।

### ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट वादों की भीड़ नतीजों की कमी

30.77 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव सिर्फ़ काग़ज़ों तक ही सीमित हैं। सरकार जनता को यह नहीं बता पा रही कि कितने प्रस्तावों पर काम शुरू हुआ है। क्या जीआईएस सिर्फ़ इवेंट मैनेजमेंट है या प्रदेश के विकास का साधन है। संदर्भ में मध्यप्रदेश की स्थिति को देखते हुए, क्या सरकार व्यापार सुगमता में सुधार के लिए ठोस नीतिगत बदलावों पर विचार कर रही है?

# भोपाल रेप-लव जिहाद केस: सरकारी जमीन से फरहान रोज कमा रहा था 4000, इसी से चलती थी अय्याशी

**भोपाल।** नगर के बहुचर्चित रेप, लव जिहाद और ब्लैकमेलिंग केस में फरहान खान को लेकर एक और चौंकाने वाला सच सामने आया है। आरोपी ने सरकारी जमीन और नाले पर कब्जा कर दो अवैध दुकानें बनाई थी। इनका संचालन कर उसे हजारों रुपए की कमाई हो रही थी। एक सर्विस स्टेशन और दूसरी चाय-नाश्ते की दुकान से हर दिन 3 से 4 हजार रुपए तक की कमाई होती थी। यह दुकानें प्रभात चौराहा से जेके रोड जाने वाली सड़क के किनारे चार साल तक चलती रहीं। इन अतिक्रमण वाली दुकानों को हाल ही में नगर निगम की टीम ने तोड़ दिया था। इसके बाद पुलिस ने सभी आरोपियों के बैंक खातों की जांच शुरू की। जांच में सबसे ज्यादा ट्रांजैक्शन फरहान के खातों में ही पाए गए, जिससे उसकी मोटी कमाई और जीवनशैली का राज खुला।

**9 साल की बैंक डिटेल में मिला 49 लाख का लेन-देन:** डीसीपी प्रियंका शुक्ला के अनुसार फरहान के 9 साल के बैंक रिकॉर्ड खंगाले गए हैं, जिसमें कुल 49 लाख से अधिक का लेन-देन मिला। फरहान ने खुद पुलिस को बताया कि वह सेकेंड हैंड गाड़ियों की डीलिंग करता था और प्रभात चौराहा के पास दो दुकानें चला रहा था। उसकी महीने की कमाई करीब 80 हजार से 1 लाख रुपए तक थी।

**महंगे फोन, स्पोर्ट्स बाइक और हाई प्रोफाइल लाइफस्टाइल :** फरहान की अय्याशी भरी लाइफस्टाइल का राज भी अब खुल चुका है। वह अवैध दुकानों की कमाई से महंगे गैजेट्स और स्पोर्ट्स बाइक खरीदता था। लड़कियों को आकर्षित करने के लिए वह हाई प्रोफाइल जीवनशैली का दिखावा करता था। उसके दो बैंक खातों में फिलहाल 3 हजार और 10 हजार रुपए कैश ही मिला है। सबसे बड़ा लेन-देन डेढ़ लाख रुपए का है, जो उसने एक प्राइवेट फाइनेंस कंपनी से लोन के रूप में लिया था।

### साथियों के खातों में नहीं था कुछ खास

फरहान के साथियों नबील, साद, अली और साहिल के खातों की जांच में कोई बड़ा ट्रांजैक्शन सामने नहीं आया। नबील के खाते में उसके परिजनों द्वारा भेजे गए खर्च के पैसे ही मिले हैं। साद, अली और साहिल के खातों में भी मामूली ट्रांजैक्शन पाए गए। हालांकि राष्ट्रीय महिला आयोग की जांच रिपोर्ट में शक जताया गया है कि इस पूरे मामले के पीछे कोई बड़ा नेटवर्क भी सक्रिय हो सकता है।



### फरहान की कमाई से परिवार भी था अंजान

पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि फरहान की परिवार को उसकी कमाई के स्त्रोतों की जानकारी नहीं थी। अवैध दुकानों से हर महीने एक लाख रुपए तक की आमदनी होती थी, लेकिन घरवालों को सिर्फ सेकेंड हैंड गाड़ियों के कारोबार की ही खबर थी।

### महिला आयोग की अनुशंसा पर शुरू हुई बैंक डिटेल्स की जांच

राष्ट्रीय महिला आयोग की सिफारिश के बाद ही पुलिस ने फरहान समेत सभी आरोपियों के बैंक खातों की पड़ताल शुरू की थी। आयोग को शक था कि आरोपियों को आर्थिक मदद किसी बड़े नेटवर्क से मिल रही है। अब एसआईटी हर संभावित एंगल से जांच कर रही है।

### यह था मामला

11 अप्रैल 2025 को भोपाल के बागसेवनिया थाना क्षेत्र में कुछ छात्राओं ने शिकायत दर्ज करवाई कि उन्हें एक विशेष समुदाय के लड़कों ने प्रेमजाल में फंसाकर बलात्कार किया, वीडियो बनाया और फिर धमकी देकर लगातार ब्लैकमेल किया गया। इस केस में पुलिस ने फरहान, साद, साहिल, अली और नबी नाम के आरोपियों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में खुलासा हुआ कि इस गिरोह ने सुनियोजित तरीके से हिंदू लड़कियों को टारगेट किया और उन्हें धर्म परिवर्तन के लिए मजबूर किया।

## राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने चुनाव आयोग द्वारा घोषित 18 महत्वपूर्ण सुधारों का स्वागत किया

**नई दिल्ली।** नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी के राष्टीय महासचिव सर्वश्री एस.आर.कोहली व ब्रजमोहन श्रीवास्तव,प्रमुख राष्टीय प्रवक्ता ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा हाल ही में घोषित 18 बिंदुओं पर आधारित चुनाव सुधारों का स्वागत करते हुए इसे भारतीय लोकतंत्र की मजबूती की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया है। उन्होंने कहा कि इन सुधारों से पारदर्शिता, जवाबदेही और चुनाव प्रक्रिया में जनभागीदारी को बढ़ावा मिलेगा। इससे न केवल मतदाता सूची की गुणवत्ता में सुधार होगा, बल्कि चुनाव प्रक्रिया भी अधिक प्रभावी और सुगम बन सकेगी। श्री श्रीवास्तव ने यह भी मांग की कि जिस प्रकार बूथ लेवल ऑफिसर (ब्लफ्) को चुनाव से पूर्व प्रशिक्षण दिया जाता है, उसी प्रकार बूथ लेवल एजेंट्स को भी अनिवार्य रूप से प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि बूथ एजेंट्स चुनाव प्रक्रिया का महत्वपूर्ण हिस्सा होते हैं और उनके प्रशिक्षण से मतदाता जागरूकता एवं निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग को इस साहसिक पहल के लिए बधाई देते हुए आशा जताई कि आने वाले चुनावों में यह सुधार राष्ट निर्माण के प्रयासों को और सशक्त करेंगे।